CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

मुरादाबाद, गुरुवार 18 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 34 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 25 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा स्मार्टफोन व बढ़ेगा मानदेय पेज 2



आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारत का क्लीनस्वीप खेल टाइम्स



इजरायल: विश्व शांति के लिए खतरा सम्पादकीय



नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने मंगल पर दिए जीवन के संकेत पेज 12

## रेल ट्रैक पर स्लीपर रखकर नौचंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश

**रायबरेली।** प्रयागराज से सहारनपुर जा रही नौचंदी एक्सप्रेस के आगे स्लीपर रखकर मंगलवार की रात ट्रेन को पलटाने की साजिश की गई। घटना ऊंचाहार के अरखा व प्रतापगढ़ के परियावां स्टेशन के बीच हुई। स्लीपर ट्रेन के इंजन से टकराकर टूट गया। लोको पायलट ने मामले की जानकारी कंट्रोल रूम को दी। इस पर मौके पर पहुंची ऊंचाहार जीआरपी ने पड़ताल की। करीब बीस मिनट तक ट्रेन खड़ी रही, उसके बाद ऊंचाहार स्टेशन पर इंजन की जांच की गई और फिर ट्रेन सहारनपुर के लिए रवाना हुई। मंगलवार रात करीब 8 बजे नौचंदी एक्सप्रेस प्रयागराज से सहारनपुर जा रही थी।

## लोकतांत्रिक देशों के नेताओं में लोकप्रियता में सबसे ऊपर हैं मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईमानदार छवि और कड़ी मेहनत उनके व्यक्तित्व को ऐसा करिश्माई बना देती है, जिसके कारण वह पिछले 11 साल से लगातार विशाल और विविधतापूर्ण भारत के प्रधानमंत्री हैं और लोकत्रांत्रिक देशों के नेताओं की घरेलू लोकप्रियता के सूचकांक में सबसे ऊपर हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में श्री मोदी पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद दूसरे राजनेता हैं, जिन्होंने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभाला है और आज भी जनता के बीच सबसे स्वीकार्य नेता बने हुए हैं।

## पीएम मोदी का 75वां जन्मदिन: राहुल गांधी ने बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को 75वां जन्मदिन था। मोदी को उनके जन्मदिन पर दुनिया भर से बधाई मिल रही है। कांग्रेस के रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने भी एक्स पर एक पोस्ट के जरिये पीएम को जन्मदिन और बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। भाजपा ने भी मोदी की कहानी के शॉर्ट वीडियो शेयर किए हैं। इसे मोदी स्टोरी नाम दिया है। वीडियो में चाय का गिलास और मोदी स्टोरी लिखा है। राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत कई सीनियर नेताओं ने पीएम से जुड़े किस्से सुनाए हैं।

## महाराष्ट्र में दो महिला नक्सली ढेर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गईं। पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि गट्टा दालम के सदस्य एटॉपल्ली तालुका के मोडस्के गांव के जंगल में छिपे हुए हैं। पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आहेरी) सत्य साई कार्तिक की देखरेख में संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। इसमें आहेरी से पांच सी-60 कमांडो यूनिट, गट्टा जांभिया पुलिस पोस्ट के जवान और सीआरपीएफ की 191 बटालियन की कंपनी शामिल थी। इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया तभी नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सी-60 कमांडो ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के बाद, दो महिला नक्सलियों के शव मिले।

# 1987 के बाद जन्मे लोगों को दिखाने होंगे दस्तावेज

## देश के आधे से ज्यादा वोटर्स से पेपर नहीं मांगेंगे, SIR पर चुनाव आयोग ने पेश की सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान देश के ज्यादातर राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को किसी प्रकार का दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके नाम पिछली एसआईआर की वोटर लिस्ट में शामिल हैं।

आयोग के अधिकारियों ने बताया कि हर राज्य में पिछली बार एसआईआर अलग-अलग सालों में हुआ था। ज्यादातर जगह यह प्रक्रिया 2002 से 2004 के बीच हो गई थी। जिन लोगों के नाम उस समय की वोटर लिस्ट में थे, उन्हें अपनी जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए कोई नया कागज नहीं देना होगा। उदाहरण के लिए बिहार में 2003 की एसआईआर सूची को आधार बनाया गया है। वहां के लगभग 5 करोड़ मतदाता (60 फीसदी) पहले से ही उस सूची में दर्ज हैं, इसलिए उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज नहीं देना पड़ा। वहीं लगभग 3 करोड़ नए मतदाताओं (40फीसदी) से 11 निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक मांगा गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसमें 12वां दस्तावेज आधार कार्ड भी माना गया। दिल्ली की पिछली एसआईआर सूची 2008 की है और उत्तराखंड की 2006 की, जो अब राज्य के सीईओ की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। नई व्यवस्था में ऐसे लोग जो नए वोटर बनना चाहते हैं या दूसरे राज्य से शिफ्ट होकर आए हैं, उन्हें डिक्लेरेशन फॉर्म भरना होगा। इसमें उन्हें यह बताना होगा कि वे भारत में कब जन्मे हैं, एक जुलाई 1987 से पहले जन्मे हैं, तो खुद का जन्म प्रमाण देना होगा।





■ चुनाव आयोग सभी राज्यों में एक साथ कराना चाहता है एसआईआर

# दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने के दो आरोपी मारे गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गाजियाबाद।** बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर में फायरिंग के मामले में यूपी एसटीएफ और दिल्ली स्पेशल सेल ने ट्रॉनिका सिटी में मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस की गोली लगने से घायल दोनों बदमाशों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, अस्पताल में दोनों की मौत हो गई। यूपी एसटीएफ नोएडा यूनिट के एसपी राजकुमार मिश्र ने बताया कि बुधवार शाम को बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई। इसमें पुलिस की गोली लगने से रोहतक का रहने वाला रविंद्र और इंडियन कॉलोनी, गोहना रोड सोनीपत का रहने वाला अरुण घायल हुए थे। उनके पास से ग्लॉक और जिगाना पिस्टल बरामद की गई है। दोनों बदमाश गोल्डी बरार गैंग के सक्रिए सदस्य थे। आरोप है कि उन्होंने 12 सितम्बर को अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया था।

■ मुठभेड़ के दौरान पुलिस की लगी गोली

# पाक को घुटनों पर लाए हैं हम: मोदी

## कहा: भारत परमाणु खतरों से नहीं डरता

धार, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** अपने जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के दौरे पर रहे। उन्होंने प्रदेश के धार जिले के बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। इसके अलावा कई अन्य योजनाओं की सौगात भी प्रदेश की जनता को दी। करीब 40 मिनट के भाषण में पीएम मोदी ने आतंकवाद, पाकिस्तान, स्वास्थ्य, विकास, गरीबी और स्वदेशी पर बात की। पीएम मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी पर गर्व करने और उसे अपनाने पर जोर दिया।

**देशवासियों से स्वदेशी पर गर्व करने और अपनाने पर जोर दिया**

उन्होंने कहा कि देशवासी जो भी खरीदें वो देश में ही बना होना चाहिए। जो खरीदें, उसमें किसी न किसी हिंदुस्तानी का पसीना होना चाहिए। उसमें हिंदुस्तान की मिट्टी की खुशबू होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे 2047 विकसित भारत बनाना है, जिसका रास्ता आत्मनिर्भर भारत से जाता है। उन्होंने गर्व से कहो, ये स्वदेशी है का नारा भी लोगों से लगवाया। पीएम मोदी ने कौशल और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर उन्हें नमन कर अपने संबोधन की शुरुआत की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवाद पर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि ये नया भारत है, ये किसी की परणामु धमकियों से नहीं डरता है। ये नया भारत, घर में घुसकर मारता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया।



## मोदी की मां का एआई वीडियो हटाने का कांग्रेस को कोर्ट ने दिया आदेश

**पटना।** बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाते हुए उनकी मां पर एक एआई वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शेयर किया था। पटना हाईकोर्ट ने इस वीडियो को लेकर कांग्रेस को निर्देश दिया है कि वह वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटा ले। पटना हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश पीबी बजंतरी की अदालत ने यह निर्देश दिया है। बता दें कि कांग्रेस ने एआई के जरिये जो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया था, उसमें दिखाया गया था कि पीएम मोदी की मां उनके सपनों में आती है और उनसे बात करती है। भाजपा ने कांग्रेस के इस वीडियो पर कड़ी आपत्ति दर्ज करवाई थी। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने इस वीडियो पर कहा कि कांग्रेस पार्टी एक बार फिर पीएम मोदी की मां का अपमान कर रही है।

## कुछ लोग कहते थे भारत-पाक संघर्ष उन्होंने रुकवाया अब पता चल गया : राजनाथ सिंह

**हैदराबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बयान में कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगित नहीं किया गया। राजनाथ सिंह ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर बिना नाम लिए निशाना साधा और कहा कि कुछ लोग भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। अब तो खुद पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत ने इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था। हैदराबाद में आयोजित हैदराबाद मुक्ति दिवस के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग भारत- पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत ने इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका को स्वीकार नहीं किया।

## पराली जलाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# किसान बेशक अन्नदाता, लेकिन पर्यावरण भी अहम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण और पराली जलाने से संबंधित मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं, लेकिन पर्यावरण को बचाना भी जरूरी है। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी।

कोर्ट ने पंजाब सरकार से पूछा कि जो किसान पराली न जलाने के सरकारी आदेश का उल्लंघन करते हैं, उनको गिरफ्तार क्यों नहीं करते? सिर्फ जुर्माना लगाने से काम नहीं चलेगा, किसानों को जवाबदेह बनाना जरूरी है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि देश की प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियां और राज्य सर्दियों से पहले तीन हफ्ते में वायु प्रदूषण से निपटने के उपाय बताएं। बेंच ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएआईक्यूएम), सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से कहा कि हर साल सर्दियों में प्रदूषण का लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है, इसलिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों को मिनिमम सपोर्ट प्राइस सिस्टम के लाभ से बाहर रखा जाना चाहिए, क्योंकि यदि कोई किसान कानून तोड़कर पराली जलाता है, तो उसे आर्थिक रूप से भी सजा देनी चाहिए, सिर्फ जुर्माना भरना या चेतावनी देना काफी नहीं है। राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसानों को पराली प्रबंधन की मशीनरी दी जाए और उनको बेहतर विकल्प दिए जाएं, ताकि वे पराली जलाने के जगह अन्य तरीकों का उपयोग कर सकें।

■ शीर्ष अदालत ने कहा: आरोपियों की गिरफ्तारी क्यों नहीं



## कर्नाटक: SBI में 21 करोड़ की डकैती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के विजयपुरा की एसबीआई ब्रांच में करीब 21 करोड़ की डकैती हो गई। इसमें 1.04 करोड़ कैश और करीब 20 करोड़ कीमत का 20 किलो सोना शामिल है। मंगलवार शाम को 5 हथियारबंद लुटेरे बैंक में लूट करके फरार हो गए।

सही रकम और गहनों का ब्योरा बैंक अधिकारियों के आने के बाद स्पष्ट होगा। पुलिस को शक है कि आरोपी महाराष्ट्र की ओर भागे हैं। उनकी तलाश जारी है।पुलिस के अनुसार, लुटेरे सेना जैसी ड्रेस और मास्क पहनकर आए थे। तीन लोग बैंक के अंदर घुसे और दो बाहर खड़े रहे। उन्होंने बैंक मैनेजर, कैशियर और कर्मचारियों को बंधक बनाकर हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद लुटेरों ने कैश और सोना बैग में भरा और बैंक को बाहर से ताला लगाकर भाग निकले।

■ सेना जैसी वर्दी में आए थे लुटेरे

## गैंगस्टर छोटा राजन की ज़मानत रद्द

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को यह सवाल करते हुए गैंगस्टर राजेंद्र सदाशिव निकालजे उर्फ छोटा राजन की जमानत रद्द कर दी कि 'चार बार दोषसिद्धि और 27 साल की फरारी, ऐसे व्यक्ति की सजा क्यों स्थगित की जाए? न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अवैध वसूली मामले में होटल व्यवसाई जया शेट्टी की 2001 के हत्या मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत रद्द कर दी। पीठ ने सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ के समक्ष उन्होंने दलील देते हुए कहा कि आजीवन कारावास की सजा पाए राजन को चार अन्य मामलों में भी दोषी ठहराया गया है और वह 27 साल तक फरार रहा था। छोटा राजन के वकील सुदीप पासबोला ने तर्क दिया कि राजन के खिलाफ दर्ज 71 मामलों में से 47 में सीबीआई को कोई ठोस सबूत नहीं मिला और उन्हें बंद कर दिया गया।

# छत्तीसगढ़ के कवर्धा में ट्रैक्टर समेत सात बहे

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार में मानसून अभी भी एक्टिव है। मौसम विभाग ने इन राज्यों में बुधवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। हालांकि राजस्थान, गुजरात और पंजाब से मानसून की वापसी शुरू हो गई है।

उत्तराखंड के देहरादून और अन्य इलाकों में बादल फटने से भारी तबाही हुई। बारिश और आपदा में 15 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग अभी भी लापता हैं। जम्मू कश्मीर के कटरा में 22 दिन से बंद वैष्णो देवी यात्रा बुधवार से शुरू हो गई। 26 अगस्त को यात्रा मार्ग पर अर्धकुंवारी के पास लैंडस्लाइड के बाद से यात्रा बंद थी। लगभग 15 लोग मरे, कुछ घायल हैं और कुछ लापता हैं। सभी रेस्क्यू टीमें, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ, मैदान में हैं। सीएम भी यहां हैं। अब तक 900 से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है। इस इलाके के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। अमेठी में मंगलवार देर रात से लगातार बारिश हो रही है। 8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे तक बारिश जारी रहने की संभावना जताई है।

■ वैष्णो देवी यात्रा शुरू, दोनों रूट खुले

# EVM में अब उम्मीदवार की रंगीन तस्वीर के होंगे दीदार

## नाम भी बड़े अक्षरों में लिखा जाएगा, ताकि वोटर आसानी से पढ़ सकें

नई दिल्ली, वार्ता

**चुनाव आयोग** ने ईवीएम मतपत्र को स्पष्ट और पठनीय बनाने के लिए उसकी डिजाइन और मुद्रण शैली में बदलाव किया है। आयोग ने चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत निर्देशों में संशोधन किया है। इसके तहत ईवीएम में अब उम्मीदवार के नाम और चुनाव चिह्न के साथ उनकी रंगीन तस्वीर भी दिखेगी।

यह नई व्यवस्था बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से लागू होगी। निर्वाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए चुनाव आयोग लगातार नई पहल कर रहा है। पिछले छह महीने में चुनाव आयोग 28 नए कदम उठा चुका है। इसमें एसआईआर के मुद्दे को लेकर विवाद भी हुआ है। अब आयोग ने ईवीएम मतपत्र को लेकर बड़ा फैसला लिया है। ईवीएम मतपत्र पर अब उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें छपी होंगी। उम्मीदवार का फोटो साफतौर पर दिख सके इसलिए तस्वीर के तीन-चौथाई हिस्से पर उसका चेहरा दिखेगा। उम्मीदवारों और नोटा के क्रमांक भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूप में छापे जाएंगे। वहीं फॉन्ट का आकार 30 होगा और बोल्ड लिखा जाएगा। इसके अलावा सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम एक ही फॉन्ट प्रकार और फॉन्ट साइज में होंगे। ताकि यह आसानी से पढ़ने में आए। इसके अलावा ईवीएम मतपत्र 70 जीएसएम कागज पर मुद्रित किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए तय आरजीबी गुलाबी रंग के कागज का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कागज की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। आयोग का कहना है कि इस पहल से मतदान प्रक्रिया सुगम हो सकेगी। साथ ही चुनाव के प्रति पारदर्शिता और लोगों का भरोसा भी मजबूत होगा। रंगीन तस्वीरें, बड़े फॉन्ट और बेहतर गुणवत्ता वाले कागज होने के चलते मतदाता बिना किसी असमंजस के सही उम्मीदवार का चुनाव कर सकेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाभकारी होगा। ईवीएम पर अब तक काले-सफेद फोटो और छोटे अक्षरों की वजह से मतदाताओं को परेशानी होती थी। नई व्यवस्था से मतदान प्रक्रिया अधिक लोकतांत्रिक व सुगम होगी।



**नई पहल**

■ चुनाव आयोग ने नियमों में किया संशोधन, बिहार चुनाव से होगी शुरुआत

# सड़क हादसों में तीन की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नूरपुर-स्योहारा मार्ग पर बीती देर रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जिनमें दो युवक भी शामिल हैं। हादसों की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिए।

पहला हादसा उस समय हुआ जब ग्राम पट्टी निवासी अलबेल सिंह (50 वर्ष) पुत्र अजब सिंह साइकिल से बुढ़नपुर स्थित डेयरी में दूध देने जा रहे थे। रास्ते में अचानक साइकिल फिसलने से वह सड़क पर गिर गए और तभी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मांग पर पंचनामा भरकर शव सौंप दिया।

दूसरा हादसा रात करीब 9 बजे ग्राम हरौली अड्डे के पास हुआ। बताया गया कि जैद (18 वर्ष) पुत्र उस्मान निवासी ग्राम रवाना शिकारपुर, चिंटू (19 वर्ष) पुत्र सुभाष निवासी ग्राम गल्लाखेड़ी तथा उनका एक अन्य साथी मोटर साइकिल से स्योहारा से अपने गांव लौट रहे थे। तभी उनकी बाइक एक पिकअप गाड़ी से टकरा गई टक्कर इतनी भीषण थी कि जैद और चिंटू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर थाना प्रभारी सतेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिए। इस दौरान परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। घटना के बाद आरोपी पिकअप चालक फरार हो गया, जबकि पुलिस ने पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया है।

# गन्ना सट्टा प्रदर्शन मेले में अव्यवस्था देख नाराज हुए जिला गन्ना अधिकारी

## अधिकारी भी मौके पर नहीं मिले



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सहकारी गन्ना विकास समिति में लगे कृषक मेले में किसी भी अधिकारी के न मिलने और अव्यवस्था देख जिला गन्ना अधिकारी ने नाराजगी जताई।

जिला गन्ना अधिकारी ने सहकारी गन्ना समिति परिसर में लगे इस सत्र के प्रथम दिवस पर कृषक मेले में अव्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताई। मौके पर किसी अधिकारी के न मिलने पर सचिव कार्यालय में बैठ कर उच्चाधिकारियों को सारी स्थिति से अवगत कराया। लगभग आधा घंटे पहुंचे समिति सचिव जितेन्द्र कुमार ने किसी तरह व्यवस्था को संभाला। इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह ने सख्त लहजे मे कहा कि सरकार आपको पैसा देती है। ऐसे में आप लोग कृषकों को क्या सुविधा प्रदान कर रहे हो। उन्होंने गन्ना पर्यवेक्षकों को समय रहते कृषको को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आदेशित किया। इस मौके पर गायब फिर अचानक प्रदर्शित होने वाले राजकीय गन्ना पर्यवेक्षकों में भोपाल सिंह, परमजीत सिंह, शिव किशोर, सौरभ कुमार, महेन्द्र कुमार, हजारी लाल, दिग्विजय सिंह, कु. पूनम यादव, कामेन्द्र सिंह, सहदेव सिंह आदि मौजूद रहे। जबकि पीबीएस फूड्स शुगर मिल चांदपुर से एजीएम नरेन्द्र सरोहा व संसार सिंह भी उपस्थित रहे।

उधर किसानों का कहना था कि गन्ना सट्टा प्रदर्शन मेले का कोई प्रचार नहीं किया गया न ही कोई मनादी करायी गई। जिस कारण किसानों को इसकी जानकारी तक नहीं है।

## एक नजर

### रक्तदान शिविर का आयोजन



**बिजनौर।** भाजपा कार्यालय पर पीएम नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस के उपलक्ष में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत युवा मोर्चा भाजपा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन क्षेत्र अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया और जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्र मंत्री हरजिंदर कौर, अनूप वाल्मीकि, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, मौसम चौधरी, प्रमोद चौहान, विनय राणा, नरेश भाटी, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा रोबिन चौधरी, लोकेंद्र चौधरी, ललित सैनी, आकाश शास्त्री, विनय चौहान, केशव चौधरी, विनोद राठी, प्रतिका राठी, संजू प्रधान, विनीत चौधरी, सुधांशु काकरान आदि उपस्थित रहे।

### पीएम के जन्मदिन पर वृक्षारोपण



**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत बड़ी अन्तर्गत सहकारी गन्ना समिति नूरपुर में वृक्षारोपण कर धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन दिनेश चौधरी नूरपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सीपी सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, सहकारी गन्ना समिति के चेयरमैन अमित चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पेंद्र शेखावत सिंह, पुनित चौधरी, डॉ. नफीस गुलरेज अंसारी, तकदीश अंसारी, धर्मेंद्र जोशी, अंकित जोशी, संदीप जोशी आदी उपस्थित रहे।

### आरवीआईटी में विश्वकर्मा पूजन



**बिजनौर।** आरवीआईटी में भगवान श्री विश्वकर्मा जी पूजा का आयोजन किया गया। श्री विश्वकर्मा भगवान को दुनिया का पहला इंजी. नियर और वास्तुकार माना जाना जाता है। इन्हीं की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा की जाती है। इसी उपलक्ष्य पर संस्थान में मशीनों, हथियारों व औजारों की पूजा का आयोजन किया गया और संस्थान में भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा पूरे विधि-विधान से की गई। सभी ने भगवान श्री विश्वकर्मा का आशीर्वाद व प्रसाद प्राप्त किया।

### 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान शुरू



**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लॉक प्रमुख उज्ज्वल चौहान, आरएसएम कॉलेज धामपुर की प्रिंसिपल डॉ. रश्मि रावल, डॉ. विनीत देवरा और सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश के धार जिले से शुरू किए गए सेवा पखवाड़ा और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण अन्नप्राशन और गोद भराई जैसे आयोजन भी किए गए। स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं की खून की जांच, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, शुगर और बीपी जांच, आयुष्मान गोल्डन कार्ड व आभा आईडी बनाने सहित 30 वर्ष से ऊपर के लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। ब्लॉक प्रमुख उज्ज्वल चौहान ने कहा कि यह अभियान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. रश्मि रावल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ रहा है। डॉ विनीत देवरा ने इसे प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने का कदम बताया। मंडल अध्यक्ष नीरज राणा ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य और सशक्तिकरण ही प्रगति का आधार है। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष नेपाल सिंह, सुरेश तोमर, बिपांशु, मदनपाल, जयपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, शरण जोशी, सीडीपीओ हेमलता सैनी, स्वास्थ्य विभाग की टीम आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज एंड हॉस्पिटल में विश्वकर्मा पूजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज एंड हॉस्पिटल पीपलसाना में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन और सचिव डा. एनपी सिंह और डा. शिखा सिंह, प्राचार्य डा. ममता सिंह, डा. रविंद्र, एम.एम. गिल समस्त फैकेल्टी हॉस्पिटल स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

चंचल सैनी, सलोनी चौहान, हिमांशु कुमार, तनु ज्योति, इकरा, स्नेहा, शैली, रवि, वर्षा, अंकुर कौशिक, कुलदीप कुमार और छात्र-छात्राओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा से तकनीकी ज्ञान, कौशल और सभी के स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना की। डा. एनपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वकर्मा जी सृजन और विकास के देवता हैं। उनके आदर्श हमें मेहनत, निष्ठा और समाज के कल्याण हेतु कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

# चार घंटे आक्रोश के बाद थमा बवाल

## तीन-तीन लाख के मुआवजे पर समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल के बायो कंपोस्ट प्लांट में खड़े ट्रैक्टर-टैंकर से दो युवकों के शव मिलने के बाद तनाव और आक्रोश का गवाह बना। शव बरामद होते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में मिल पहुंचे और आरोप लगाया कि युवकों की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में नहीं, बल्कि उनकी हत्या है। देखते ही देखते गुस्साई भीड़ ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से रोक दिया और मिल गेट पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

करीब चार घंटे तक मिल गेट पर हंगामा और नारेबाजी चलती रही। ग्रामीणों की भीड़ देर रात तक प्रशासन और पुलिस के सामने डटी रही। माहौल को संभालने के लिए धामपुर, शेरकोट और स्योहारा थानों की पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा।

परिजन लगातार आरोप लगाते रहे कि बिना जांच के शवों को ले जाना उचित नहीं है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने और घटना की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। जब तनाव बढ़ने लगा तो मिल प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारियों ने वार्ता शुरू की।

आखिरकार, ठेकेदार द्वारा मृतकों के परिवारों को तीन-तीन लाख रुपये का मुआवजा दिलाने के आश्वासन पर गुस्साई भीड़ शांत हुई। इसके बाद पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज पाई।

मृतकों की पहचान मुकेश निवासी सरकड़ा चकराजमल और सलमान निवासी मिर्जापुर पल्ला के रूप में हुई। दोनों की मौत से परिवारों में कोहराम मच गया। घरों में मातम छाया है। महिलाएं और बच्चे बेसुध रोते रहे। ग्रामीण भी अंतिम संस्कार तक न्याय की मांग पर अड़े हुए हैं।



### ग्रामीणों के मन में सवाल

गांव और इलाके में अब भी यह सवाल गूंज रहा है कि युवक प्लांट में कैसे पहुंचे और इतनी बड़ी घटना का पता पहले क्यों नहीं चला। उधर सूत्र बताते है कि जिस प्लांट के अंदर दोनों शव बरामद हुए, उसे प्लांट में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दोपहर के समय एक ट्रैक्टर प्लांट के अंदर जाता तो दिखाई देता है, लेकिन यह ट्रैक्टर कौन चला रहा था यह स्पष्ट नहीं हो पाया। वहीं सलमान प्लांट के भीतर कैसे पहुंचा यह सवाल अब भी लोगों को कचोट रहा है और जांच का सबसे बड़ा विषय बना हुआ है।

### पुलिस का बयान

एसपी बिजनौर अभिषेक झा ने बताया कि शुगर मिल अधिकारी के द्वारा सबसे पहले घटना की सूचना दी गई है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। प्रथम दृष्टया शवों पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। संभावना है कि मौत का कारण गैस रिसाव रहा हो। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# जो भगवान की शरण में जाता है, भगवान उसकी रक्षा करते : सुरेंद्र भारद्वाज

**धामपुर।** रानी बाग कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा में श्रीमद भागवत कथा व्यास पंडित सुरेंद्र भारद्वाज द्वारा कथा में अमृत वर्षा करते हुए करते हुए कहा कि जो भगवान की शरण में आ जाता है। भगवान उसके मान सम्मान की रक्षा करते हैं, जिस प्रकार द्रौपदी ने चीर हरण के वक्त भगवान श्री कृष्ण को याद किया और उन्होंने उसकी चीर हरण से रक्षा की। भगवान को याद करके जो अच्छा कर्म करता है। भगवान उसके मान सम्मान की रक्षा करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा में पंडित पारस उपाध्याय द्वारा मंत्रोच्चार कर के बीच पूजा अर्चना कराई गई। जिसमें मुख्य यजमानों ने पूजा अर्चना में भाग लिया। इस अवसर पर जयकारों से सारा वातावरण धर्म मय हो रहा था। कथा के मुख्य यजमान चंद्रभान सिंह एवं धर्मपत्नी गीता देवी रहे। भागवत कथा में पूजा देवी, उदय प्रताप सिंह, मोनिका चौहान, पुष्पेंद्र चौहान, प्रतिभा चौहान, नीरजा सिंह, शोभा रानी, कविता देवी, शोभा अग्रवाल, रेनू वशिष्ठ, कुसुम देवी, पल्लवी देवी, डिंपल रानी, मानसी, सोना देवी, बबीता, पुष्पा देवी, ममता रानी, सुमन देवी आदि भागवत कथा सुन रही थीं। अंत में भागवत भगवान की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# आरजेपी में मनाई विश्वकर्मा जयंती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में ब्रह्मांड के दिव्य वास्तुकार शिल्पकार, इंजीनियर भगवान विश्वकर्मा जी का जन्म अश्विन संक्रांति के दिन हुआ है और आज हम इस दिन को बड़े ही हर्ष और उल्लास से बनाते हैं।

इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन विशन लाल ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा को ब्रह्मांड का प्रथम शिल्पकार माना जाता है। जिन्होंने देवताओं के महल, पुष्पक विमान तथा विभिन्न प्रकार के शास्त्रों का निर्माण भी किया था। आज के दिन सभी उद्यमी इंजीनियर तथा श्रमिक अपने-अपने यंत्र तथा कारखाने का पूजन करके भगवान विश्वकर्मा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना करते हैं। आज इस अवसर पर राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ तथा उपस्थित स्टाफ जन ने भी भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज के राजेंद्र कुमार मुख्य लिपिक ने हर्ष वक्त व्यक्त करते हुए कहा कि आज अवकाश होने के पश्चात भी विद्यालय में अध्यापक उपस्थित हुए। उन्होंने सभी उपस्थित अध्यापकों को मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य को गय्यूर आसिफ, सुधांशु वत्स, मनोज यादव, नरेंद्र सिंह, चंद्रहास सिंह, तेजपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार, अनुराग भारद्वाज ने भी विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विनीत कुमार, विपिन कुमार प्रभाकर का विशेष सहयोग रहे।

# विरोध के बाद रुका खोखे हटाओ अभियान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** रोडवेज बस स्टैंड के बाहर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साफ सफाई के दौरान पालिका की टीम ने नालों पर रखे खोखे जेसीबी से तोड़ते हुए हटवाए। सूचना पर पहुंचे भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं के विरोध जताने पर पालिका प्रशासन को खोखे हटाओ अभियान रोकना पड़ा।

प्राप्त समाचार के अनुसार बुधवार को पालिका प्रशासन द्वारा रोडवेज बस स्टैंड के निकट सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पालिका प्रशासन ने रोडवेज बस स्टैंड के बाहर रखे सब्जी का खोखा व दो अन्य खोखे तोड़ डाले, जिससे मौके पर हड़कम मच गया। मामले की सूचना मिलते ही भारतीय किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष रिंकू राठी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अधिशासी अधिकारी ओम गिरी से वार्ता की। इस दौरान अधिशासी अधिकारी व भाकियू पदाधिकारियों में नोक झोंक हो गई। जिसके बाद पालिका प्रशासन को खोखे हटाओ अभियान रोकना पड़ा। यूनियन के नगर अध्यक्ष रिंकू राठी का आरोप है कि उन्होंने पालिका प्रशासन को नगर में हो रहे अतिक्रमण को लेकर अनेक बार लिखित में शिकायत की है, लेकिन पालिका प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की। उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रशासन गरीबों को रोजगार तो दे नहीं सकती, बल्कि उनकी रोजी रोटी छीनने का काम कर रही है। आज भी पालिका प्रशासन कुछ लोगों को चिन्हित कर उन्हें कारोबार से वंचित कर रही है।

## एमपी के धार से सीएम योगी ने पोषण माह पर किया ऐलान

# आंगनबाड़ियों का बढ़ेगा मानदेय, मिलेगा स्मार्टफोन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के धार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025) और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितम्बर से 16 अक्टूबर, 2025) का शुभारंभ किया। यह अब तक के देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियानों में से एक है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर, केजीएमयू में प्रदेशस्तरीय कार्यक्रमों की शुरुआत की। सीएम योगी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन वितरण के साथ ही उनके मानदेय में वृद्धि की जाएगी। इस अभियान के तहत यूपी में 75 जनपदों में व्यापक स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत भी हुई, जिसमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत करते हुए देशवासियों को संबोधित किया और कहा कि माताओं-बहनों और बेटियों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। सभी सुविधाएं निशुल्क हैं, इसलिए स्वास्थ्य शिविरों में जांच जरूर कराएं। उन्होंने देश को विकसित बनाने के चार स्तंभ नारी, युवा शक्ति, किसान और गरीब को रेखांकित किया, जिसमें नारी शक्ति को राष्ट्रप्रगति का मुख्य आधार बताया। विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर पीएम ने इस अभियान को स्वस्थ नारी और सशक्त परिवार की नींव के रूप में पेश किया, जो उनके विजन विकसित भारत का हिस्सा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई के साथ पोषाहार वितरित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर उनके साथ जुड़ रहा है। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई। पीएम का संदेश हमें प्रेरित करता है और हम इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएम योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए स्मार्ट फोन वितरण और मानदेय वृद्धि का ऐलान करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी बहनों की सेवाओं का सम्मान उनके मानदेय बढ़ाकर और स्मार्ट फोन देकर किया जाएगा।



### यूपी के 75 जनपदों में स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत

### मोदी के नेतृत्व में भारत का आत्मविश्वास दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज अपने आत्मविश्वास से पूरी दुनिया को प्रेरित कर रहा है। श्री मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर लखनऊ से सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पावन जन्मदिन से हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी केवल भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय नेता हैं। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है। जो भारत कभी पिछलग्गू माना जाता था, लेकिन आज अपने आत्मविश्वास से दुनिया को प्रेरित कर रहा है। योगी ने कहा कि विरासत का सम्मान आज केवल घोषणा नहीं, बल्कि हकीकत है। अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला का भव्य मंदिर बना। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निर्माण वैश्विक जगत को आकर्षित कर रहा है। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का कायाकल्प हुआ है। महाकाल लोक का निर्माण और अन्य धार्मिक स्थलों का सुंदरीकरण नए भारत की पहचान बन चुके हैं।

# ड्रोन विनियमन के लिए बनेगा अलग कानून

**नई दिल्ली, वार्ता**

सरकार देश में ड्रोन के परिचालन के लिए एक अलग कानून बनाने की तैयारी में है, जिसमें ड्रोन की खरीद-बिक्री, परिचालन, नियमों के उल्लंघन की स्थिति सजा तथा जुर्माने से लेकर तीसरे पक्ष का बीमा और हर्जाना तक के नियम तय होंगे।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने नागर ड्रोन (संवर्धन एवं विनियमन) विधेयक, 2025 का मसौदा जारी किया है, जिसे आगामी शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। मंत्रालय ने आम लोग, उद्योग और अन्य हितधारकों से 30 सितम्बर तक मसौदे पर टिप्पणी, सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की है। मसौदा में नियमों का उल्लंघन करने पर जेल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। इसमें कहा गया है कि हर ड्रोन का यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर (यूआईएन) होना जरूरी है। साथ ही उसमें संबंधित प्राधिकरण द्वारा तय नियमों के अनुसार सुरक्षा मानक भी होने चाहिए। केंद्र और राज्य सरकारों तथा उनके द्वारा प्राधिकृत एजेंसियों के पास किसी क्षेत्र को ड्रोन के संचालन के लिए रेड जोन या एलो जोन घोषित करने का अधिकार होगा। रेड जोन में ड्रोन उड़ाने से पहले केंद्र सरकार और रेड जोन घोषित करने वाली एजेंसी से और एलो जोन के लिए उस इलाके के एटीसी अधिकारी से अनुमति की आवश्यकता होगी।



### सजा और जुर्माने तक के नियम तय होंगे

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हिमांशु हत्याकांड में आठ अभियुक्तों को उम्र कैद

**बहत्तर हजार रुपये का अर्थदण्ड**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे/एफटीसी द्वितीय ने मंडावर के चर्चित हिमांशु हत्याकांड में आठ अभियुक्तों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 72 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम नारायणपुर निवासी मंजीत पुत्र रणधीर ने 28 सितंबर, 2023 को थाना मंडावर में तहरीर दी थी कि अभियुक्तगणों ने उसके भाई हिमांशु के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। उसके ऊपर लाठी-डंडों से हमला किया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंडावर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 332/23 धारा 307 व 504 आईपीसी में पंजीकृत किया था। इस बीच ईलाज के दौरान हिमांशु की मौत हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने धारा 307 को हटा कर उसके स्थान पर धारा 302, 147, 148 एवं 149 की वृद्धि की थी। पुलिस ने अभियुक्त शिवा पुत्र ऋषिपाल, सुमित पुत्र महेंद्र, शिव कुमार पुत्र धर्मवीर एवं अंकुल पुत्र राजपाल निवासीगण ग्राम टीप, अनिकेत पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम फजलपुर तथा चाहत पुत्र बेगराज, रो. हित पुत्र सोमपाल एवं अंकुल पुत्र राजपाल निवासीगण ग्राम बहादरपुर जट के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। परिणामस्वरूप न्यायालय एडीजे/एफटीसी द्वितीय ने आज आठों अभियुक्तों को उम्र कैद एवं 72 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियुक्तों को सजा सुनाए जाने के बाद पीड़ित परिवार ने राहत महसूस की है।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया। यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन का हिस्सा है। इसका उद्देश्य समाज में स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती अंजली मित्तल के नेतृत्व में चले इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान में भाग लिया। इस अभियान के दौरान स्वच्छता और सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रातः सात बजे से लेकर दस बजे तक बड़ा मंदिर, गांधी मूर्ति, अंबेडकर पार्क, शिव मंदिर मौहल्ला लाल सराय, रविदास धर्मशाला वार्ड नंबर दो लाल सराय, जौहर दीवान मंदिर, झंडे की स्टेशन रोड एवं महाराजा सूर्य सेन सैनी की प्रतिमा आदि नगर के अनेक स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सतीश गौतम, कार्यक्रम संयोजक रोहित रवि, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, मंडल अध्यक्ष अंजलि मित्तल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ मित्तल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, मंडल महामंत्री सचिन शर्मा, चंद्रशेखर पाल, अरुण शर्मा, नंदलाल, अनुज वर्मा, शिव शंकर सक्सेना, अमन नंदा, सत्यम शर्मा, मणि वर्मा, लवी मित्तल, पंकज कुमार एवं तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वच्छता पखवाड़ा विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं द्वारा संचालित किया जाता है। यह अभियान स्वच्छ भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एक नजर

### डीएफओ कार्यालय पर धरना जारी



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन का डीएफओ कार्यालय पर धरना आज भी जारी रहा। संगठन का डीएफओ के खिलाफ आक्रोश बरकरार है। संगठन का कहना है कि जब तक वन विभाग के द्वारा जिले में जितने भी गुलदार है, सब नहीं पकड़े जाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। चाहे इसके लिए लखनऊ तक आंदोलन करना पड़े। साथ ही 25 सितंबर को कलेक्ट्रेट पर होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। गांव-गांव जनसंपर्क अभियान की तैयारी संगठन के द्वारा शुरू कर दी गई है। धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए गांव-गांव कार्यकर्ता जाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। धरना स्थल पर कुलबीर सिंह, भोपाल राठी, नवीन राजपूत, पुनीत चौहान, नरेश ठाकुर, रजनीश, मुनेंद्र सिंह, सुशील कुमार, बाबूराम तालन, हिमांशु, अजीत सिंह, हेमेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, सुशील सिंह, आदित्य, विक्रमजीत सिंह, अर्जुन सिंह, रामपाल सिंह, राजवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### खनन माफियाओं की जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**अफजलगढ़।** दौलत कमाने की होड़ में लोगों को अपनी आने वाली नस्लों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। धरती का सीना चीर कर अवैध खनन और हरे-भरे वृक्षों को नष्ट कर प्राकृतिक आपदाओं को जन्म दे रहे है। ऐसा ही एक मामला थाना क्षेत्र में प्रकाश में आया। जब राजस्व विभाग के अधिकारियों की टीम ने नदी में अवैध खनन कर रहे माफियाओं की जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर कार्रवाई की। थाना क्षेत्र के ग्राम बेगावाला स्थित बनैली नदी में अवैध खनन कर रहे माफियाओं की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग की टीम में नायब तहसीलदार राज कमल, कानूनगो वीरेंद्र शर्मा, लेखपाल हिमांशु कुमार की टीम ने नदी से रिपर द्वारा अवैध खनन कर रहे माफियाओं ने राजस्व विभाग की टीम को आता देख हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार राज कमल ने खनन माफिया का रिपर, जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर कार्रवाई हेतु विवेकानंद पुलिस चौकी कासमपुर गढ़ी लाकर पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया। याद रहे कि आम नागरिकों को नष्ट हो रहे पर्यावरण का भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### भगवान विश्वकर्मा जी के जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना



**नजीबाबाद।** बुधवार 17 सितम्बर श्री विश्वकर्मा जी के जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीविश्वकर्मा मन्दिर प्रागंण में हवन पूजन का आयोजन किया गया। पूरे विधि विधान के साथ हवन कार्य संपन्न किया गया और हवन के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया । धार्मिक कार्यक्रम हरीश शर्मा, चन्द्र प्रकाश, दीपक शर्मा आदि शर्मा, नीरज शर्मा, कमल, विनोद के सहयोग से सम्पन्न हुआ। हवन पूरे विधि विधान से नरेश कुमार शर्मा द्वारा किया गया तथा अंजू शर्मा व पूनम भटनागर सहित सभी ने यज्ञ में आहुति दे कर सभी की सुख समृद्धि की कामना की।

### डॉ. कृष्ण गोपाल नए एएसपी नगर नियुक्त

**बिजनौर।** पुलिस महानिदेशक ने प्रदेश की पुलिस व्यवस्था में बदलाव किया है। डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) बनाया गया है। वह फिलहाल जनपद फतेहपुर में सीओ के पद पर तैनात थे। जबकि जनपद खीरी में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पद पर तैनात प्रकाश कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बनाया गया है।

# साधु ने नंगी तलवार लेकर राहगीरों को दौड़ाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज चक्कर चौराहे पर उस समय खलबली मच गई, जब एक साधु नंगी तलवार लेकर राहगीरों के पीछे दौड़ने लगा। राहगीरों ने बामुश्किल अपनी जान बचाई। गंभीर बात यह है कि पुलिस ने आरोपी साधु के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की और उसे नशेड़ी व मानसिक रूप से बीमार बता कर अपना पल्ला झाड़ लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार एक साधु ने चक्कर चौराहे पर उस समय खलबली मचा दी, जब वह नंगी तलवार लेकर राहगीरों के पीछे दौड़ने लगा। अगर राहगीर उससे दूर नहीं भागते, तो वह तलवार से वार कर देता। इसकी सूचना फौरन डायल-112 को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस फौरन मौके पर पहुंची। पुलिस ने बामुश्किल साधु को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने साधु से पूछताछ की, तो उसने अपना नाम दीपक पुत्र बालकरण निवासी ग्राम अलावलपुर उदा बताया। पुलिस के मुताबिक दीपक (35 वर्ष) मानसिक रूप से कमजोर है तथा घटना के वक्त वह नशे की हालत में था। पुलिस का कहना है कि दीपक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है और उसके खिलाफ कार्यवाही के लिए कोई तहरीर भी प्राप्त नहीं हुई है।

**चक्कर चौराहे पर मची खलबली**

सवाल यह उठता है कि जब इस तरह की वारदात में कोई तहरीर आती है, तभी पुलिस कार्यवाही करती है। अगर साधु के अलावा किसी अन्य के द्वारा इस तरह की वारदात की जाती, तब भी पुलिस तहरीर न आने का बहाना बनाती और अपने स्तर से कार्यवाही नहीं करती। सवाल यह उठता है कि साधु के पास तलवार कहा से आई थी। पुलिस शस्त्र अधिनियम में तो आरोपी साधु के खिलाफ कार्यवाही कर सकती थी। पुलिस के द्वारा साधु के प्रति नरमी दिखाए जाने से कई तरह के सवाल उठ रहे है।

# पीएम नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन मनाया

## नगीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को किया फलों का वितरण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मरीजों को फल वितरित किए। यह आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे 'सेवा पखवाड़ा' के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाई गई तमाम योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि छूटे हुए लोगों को भी लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं पूर्व विधायक सतीश गौतम ने जानकारी दी कि अस्पताल में कई नई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जिससे क्षेत्रीय जनता को लाभ मिल रहा है। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता रोहित रवि ने स्वास्थ्य संबंधी सरकारी योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख तक के मुफ्त इलाज का उल्लेख किया।

कार्यक्रम के आयोजकों ने मरीजों को फल वितरित करते हुए कहा कि वह सभी कार्यकर्ता आधुनिक भारत के शिल्पकार, विश्व में सबसे लोकप्रिय नेता विकास पुरूष, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में यहां उपस्थित होकर उनका जन्मदिन मना रहे हैं। इस अवसर पर मोदी जी के लाइव संबोधन को सुना गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सतीश गौतम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुंवर कृष्ण बलदेव, पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष यशपाल सैनी, नगीना मंडल अध्यक्ष अंजलि सौरव मित्तल, जिला प्रतिनिधि शिव शंकर सक्सेना, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नीरज विश्नोई, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री अब्दुल कय्यूम राइन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभात चंद गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ मित्तल, मंडल महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, गर्वित चौधरी, पंकज चौहान, सोहन सैनी, लवी मित्तल, मंडल मंत्री हरमीत मल्होत्रा, चौधरी दिनेश कुमार, अतुल भारती, रोहित रवि, विकास गुप्ता, पंकज कुमार, आदि राठौर, जीशान मलिक, शिवा मिगलानी, सलीम शेख, अनवर कुरैशी, सभासद कपिल पवार, डॉ. मुसते हसन जहूर, ओमप्रकाश सैनी, अनवर कुरैशी, पंकज चौहान, अमन नंदा आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। अस्पताल की ओर से मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष अहलावत, अनमोल व विना. ेद कुमार अन्य स्टाफ के साथ उपस्थित रहे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

## छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** श्री विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष में श्री विश्वकर्मा पूजा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार बुधवार को श्री विश्वकर्मा धर्मशाला झील कॉलोनी में धीमान विश्वकर्मा सेवा समिति बैरमनगर एवं नहटौर के तत्वावधान श्री विश्वकर्मा पूजा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर सभी का मन मोह लिया। हाई स्कूल, इंटर एवं उच्च शिक्षा के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और अच्छी दीक्षा अवश्य दें। समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा कि जीत उन्हीं की होती है, जो एकता में रहते हैं। इसलिए प्रेम और भाईचारे के साथ रहे। छोटे बड़े के भेदभाव को भी दूर करे।

इस मौके पर राहुल धीमान, राजेंद्र प्रसाद, संदीप कुमार, रमेश चंद्र शर्मा शास्त्री, खगेश विश्वकर्मा, मनोज कुमार एड., नमित कुमार, केशव शरण शर्मा, मूलचंद शर्मा, रविंद्र कुमार शर्मा के अलावा केशव शरण शर्मा, सुदेश शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, प्रीतम विश्वकर्मा, चरण शर्मा, गजेंद्र कुमार, डॉक्टर राधेश्याम शर्मा, शरद कुमार, सोनू, सुनील कुमार, निशांत शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, पीके शर्मा, अरविंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

### जहर खाने से महिला की मौत

**नजीबाबाद।** पारिवारिक विवाद के चलते जहर खाने वाली महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। चौकी क्षेत्र जाफराबाद के ग्राम चंडीगढ़ वीरू वाला की रहने वाली मनजीत नाम की 28 वर्षीय महिला द्वारा गृह क्लेश के चलते 16 सितंबर को जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या का प्रयास किया गया था। महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर लाया गया था। हालत गंभीर देखते हुए मनजीत को बिजनौर के लिए रैफर किया गया था, लेकिन परिजनों द्वारा प्राइवेट अस्पताल में ले जाने की बात कही गई। देर रात्रि में महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। आज पुलिस द्वारा महिला के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। महिला अपने पीछे लगभग चार वर्ष का एक लड़का छोड़ कर गई है। महिला की मौत से परिवार में गम का माहौल है।

## एक नजर

### प्रचंड बहुमत से बनेगी सपा की सरकार : खान



**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय प्रभारी अहमद खिजर खान ने कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही किसानों, मजदूरों, नौजवानों, गरीबों और महिलाओं की सच्ची हितैषी है। पार्टी ने हमेशा जनहित और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया है। अहमद खिजर खान ने विशेष रूप से बताया कि इस चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग की अहम भूमिका होगी। समाजवादी पार्टी ने पीडीए वर्ग को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा में वास्तविक भागीदारी दिलाने के लिए लगातार कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत हुआ है। अखिलेश यादव का "विजन 2027" उत्तर प्रदेश को नई दिशा देगा। इसमें किसानों के लिए राहत, युवाओं को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार, आईटी व उद्योगों का विकास, तथा प्रदेश में भाईचारे और समानता को बढ़ावा देने की स्पष्ट नीति शामिल है। अहमद खिजर खान ने विश्वास जताया कि जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से अब ऊब चुकी है और 2027 में समाजवादी पार्टी को ही विकल्प मानकर प्रदेश में जनता की सरकार बनाएगी।

### जलसा-ए-सीरतुन्नबी 19 सितम्बर को

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम पुक्खेवाला में जलसा ए सीरतुन्नबी 19 सितंबर को मस्जिद बिलाल में आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए अराकीन कमेटी मस्जिद बिलाल के हकीम हाजी मौहम्मद अय्यूब ने बताया कि जलसा ए सीरतुन्नबी 19 सितंबर बरोज जुमा बाद नमाज मगरिब में खसुसी मेहमान हजरत मौलाना शौकत अली साहब मजाहिरी नक्शबंदी जलसा ए सीरतुन्नबी को खीताब करेंगे ।

### प्रेमी को बंधक बनाकर पीटा

**नहटौर।** प्रेमिका से दोस्त के साथ मिलने गए प्रेमी को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। जब से ही प्रेमी लापता है। उसका बैग व साइकिल जंगल में पड़ी हुई मिली है। किसी अनहोनी की आशंका को लेकर पुलिस से शिकायत की गई है। धामपुर क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवक का प्रेम प्रसंग नहटौर क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवती से चल रहा था। बताया जाता है कि तीन दिन पूर्व प्रेमिका ने अपने प्रेमी को मिलने के लिए ग्राम बुलाया था। प्रेमी अपने एक दोस्त के साथ मिलने के लिए प्रेमिका के ग्राम आ गया। जंगल में कुछ लोगों ने उसे पकड़ कर बंधक बना लिया। उसका दोस्त मौका देखकर भाग गया। उसने भागकर अपनी जान बचाई। प्रेमी के साथ हॉकी डंडो से बेरहमी के साथ मारपीट की गई। तब से ही प्रेमी लापता है। किसी अनहोनी की आशंका को लेकर प्रेमी के परिवार वाले चिंतित है। वह शिकायत लेकर धामपुर थाने पहुंचे। घटनास्थल नहटौर थाने का होने के कारण धामपुर पुलिस ने नहटौर भेज दिया। प्रेमी के परिवार वालों ने नहटौर पुलिस से शिकायत की है। नहटौर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रेमी-प्रेमिका सजातीय बताए जा रहे है। लम्बे समय से उनका प्रेम प्रसंग चल रहा था। जंगल में प्रेमी का बैग व साइकिल मिले है। उसका कोई अता पता नहीं है। जिसको लेकर परिवार के लोग परेशान है।

# सीरत उल नबी पर जलसे का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** बीती रात ग्राम की जामा मस्जिद में सीरत उल नबी पर जलसे का आयोजन किया गया। जिसे विशेष रूप से संबोधित करते हुए दारुल उलूम देवबंद से आए मुख्य अतिथि मौलाना सलमान बिजनौरी ने कहा कि हम मौहम्मद साहब से मौहब्बत तो करते है, लेकिन उनकी इतायत नहीं करते। जब तब हम मौहम्मद साहब के बताए अनुसार जिंदगी नहीं गुजारेंगे, तब तक हम कामयाब नहीं हो सकते। कुरान हदीस की रोशनी में ही जिंदगी गुजारने में हमारी भलाई है।

कारी अली हुसैन की अध्यक्षता एवं मौलाना इरफान कासमी के संच. ालन में आयोजित जलसे को खास तौर से संबोधित करते हुए मौलाना सलमान बिजनौरी ने आगे कहा कि बड़े अफसोस कि बात है कि तमाम लोग जलसा सुनने आते हैं, देर रात तक तकरीर सुनते हैं मगर उन पर कोई अमल होता दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि मौहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलना और उनकी जिंदगी के तमाम नक्शे कदम को अपनी जिंदगी में उतराना ही असल जिंदगी है। उन्होंने फरमाया कि अच्छा सुलूक, हुस्न ए अखलाक, लोगों से हमदर्दी, ईमानदारी, दयानतदारी जैसी चीजे ही इस्लाम की पहचान है। उन्होंने अहले इस्लाम से अपने बच्चों की तालीम पर जोर देने की अपील करते हुए कहा कि बच्चों को तालीम दिलाओ मगर वह दीनी तालीम से कतई महरूम न रहे। जलसे में मुफ्ती शाहिद, मौलाना जाहिद, मुफ्ती वसीम, मौलाना असलम आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।


**10-10 सीटो पर निःशुल्क प्रवेश**

विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र / छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमो में 10-10 सीटो पर निःशुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।
आवेदन हेतु अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।

B.Tech (CS) | MBA
BCA | MCA
BBA | LLB
B.Com | LLM
BA LLB | M.TECH.
B.Sc Microbiology | MSW
B.Sc. Computer Sc. | M.Sc. Home Sc.
B.Sc Home Sc. | MA Education
B.Sc Physics | Chemistry | Maths Botany | Zoology

www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725
CALL NOW: 9837324210, 9927026893



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# ई-रिक्शा का पीछा करते गिरे टीएसआई

## फिर भी नहीं मानी हार, वीडियो हुआ वायरल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कभी-कभी सड़क पर ऐसा नजारा दिख जाता है कि लोग हंसते-हंसते लोटपोट भी हो जाते हैं और पल भर बाद उसी वीडियो को देख भावुक भी हो जाते हैं। ऐसा ही वाकया धामपुर के नगीना चौराहे पर सामने आया। जहां एक ई-रिक्शा चालक ने चालान से बचने के लिए गाड़ी भगा दी और टीएसआई साहब उसके पीछे दौड़ पड़े।

पहले तो टीएसआई साहब ने रिक्शे को पकड़ भी लिया और गाड़ी में लटक गए, लेकिन ज्यादा देर तक पकड़ बना नहीं पाए। हाथ छूटते ही वो सीधे धड़ाम से सड़क पर जा गिरे। उनके गिरते ही वहां मौजूद लोग हैरान रह गए। कुछ लोग ठहाके लगाने लगे तो कुछ ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया।

गिरने के बाद टीएसआई साहब को चोट भी लगी, कपड़े धूल से भर गए, लेकिन उनकी हिम्मत नहीं टूटी। उन्होंने तुरंत एक बाइक रोकी और पीछे बैठकर ई-रिक्शा का पीछा किया। कुछ ही दूरी पर उन्होंने रिक्शा चालक को दबोच लिया।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो देखकर लोग तरह-तरह के मजेदार कमेंट कर रहे हैं। किसी ने लिखा "टीएसआई साहब का भी चालान सड़क ने कर दिया", तो किसी ने कहा "ये होते हैं असली पुलिसवाले, गिरकर भी ड्यूटी पूरी कर गए।

लोगों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी रोजाना अपनी जान जोखिम में डालकर सड़क पर ड्यूटी करते हैं।

इस वाकये में जहां मजाकिया पहलू है। वहीं पुलिसकर्मी की जिम्मेदारी और हिम्मत भी साफ झलकती है।

## सुख-समृद्धि की प्रार्थना के साथ मनाई विश्वकर्मा जयंती

**हीमपुर दीपा।** ग्राम रौनिया में श्रद्धा विश्वास के साथ मनाई गई विश्वकर्मा जयंती के शुभावसर पर विश्वकर्मा परिवार द्वारा ज्ञय हवन कर विशाल भंडारे का आयोजन करते हुए समृद्धि और खुशहाली की कांमना कर विश्व शांति के लिए प्रार्थना की गई। विदित हो कि विश्वकर्मा पूजा का इतिहास भगवान विश्वकर्मा के जन्म से जुड़ा है। हिंदू धर्मग्रंथों व पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का पहला वास्तुकार माना जाता है जिन्होंने ब्रह्मांड की रचना में परमपिता ब्रह्मा की सहायता करते हुए सबसे पहले संसार का मानचित्र तैयार करते हुए सतयुग में स्वर्ग लोक, त्रेता में लंका, द्वापर में द्वारिका और हस्तिनापुर जैसी नगरीय संरचनाओं का निर्माण किया था।

## एक नजर

### खाई में गिरी थार, एक की मौत



**शेरकोट।** ग्राम रिठारी थाना सम्भल निवासी मनु ग्राम हादकपुर अपने मौसा भूपेंद्र के घर आया था। ग्रामीणों ने बताया कि रात लगभग 10 बजे मनु अपने मौसेरे भाई तुषार के साथ थार से शेरकोट जा रहा था। लेकिन जैसे ही वह गांव के निकट ही देवी मंदिर के पास पहुंचा। थार तेज गति के कारण अनियंत्रित हो गई और लगभग 15 फिट गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में मनु त्यागी (18 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तुषार गम्भीर घायल हो गया। परिजन दोनों को उपचार के लिए मुरादाबाद ले गए। जहां से मनु के शव को उसके परिजन ले गए। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की कोई सूचना नहीं मिली है।

### प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाया



**स्योहारा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर नगर की भाजपा इकाई द्वारा हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी और मोदी जी के जन्मोत्सव पर एक-दूसरे को केक खिलाया। कार्यक्रम में डॉ. दीप सौरभ सिंह, मंडल अध्यक्ष नीरज राणा, डॉ. विनीत देवरा, आलोक अग्रवाल भाजपा मंडल मंत्री, अमित कुमार वर्मा जिला अध्यक्ष ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज संगठन, बूथ अध्यक्ष मनुज वर्मा, दीपांशु चौहान, सुरेंद्र सिंह सैनी, सुरेश तोमर, हरपाल सिंह सैनी, कुश कुमार, महेंद्र सिंह सैनी, संतोष सैनी, शोभित उपाध्याय, उबेद चौधरी, पंडित शरणजीत जोशी, कनिष्क वर्मा, बलराम जोशी, आशु प्रजापति, सेवक वाल्मीकि सहित सर्व समाज के प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्थानीय नेताओं द्वारा किया गया यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हमें अपने प्रधानमंत्री का इसी तरह से सम्मान और स्वागत करते रहना चाहिए।

### क्रिसेंट में भाषण एवं वाद-विवाद प्रति.



**चांदपुर।** क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में विश्व आत्महत्या निरोध दिवस के अवसर पर भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में आत्महत्या जैसी गंभीर सामाजिक समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मुंशी हसीनुद्दीन, उप प्रबंधक मर्गूब अहमद, शैक्षिक इंचार्ज शहजाद खान एवं प्रधानाचार्य नदीम बख्त सहित संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

### भाई-बहन ने जीता सिल्वर मेडल



**नांगल सोती।** यूपी एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, प्रयागराज में आयोजित 60 वीं यूपी स्टेट ओपन जूनियर एंड अंडर-23 इयर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में ग्राम सौफतपुर निवासी बहन-भाई ने गोला फेंक प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर नाम रोशन किया है। समीक्षा राठी एवं नवजोत राठी ने उपरोक्त चैम्पियनशिप में सौफतपुर स्पोर्ट्स एकेडमी, सौफतपुर की ओर से प्रतिभाग किया था। नवजोत राठी को अंडर -16 इयर्स में गोला फेंक में तथा समीक्षा राठी को अंडर-18 इयर्स में गोला फेंक में सिल्वर मेडल प्राप्त हुए हैं। ये दोनों खिलाड़ी भाई-बहन सौफतपुर निवासी भाकियू कार्यकर्ता राजीव राठी के पुत्र-पुत्री हैं। चैम्पियनशिप का आयोजन प्रयागराज में 14 से 16 सितम्बर तक हुआ है। जिला एथलेटिक्स संघ बिजनौर के उपाध्यक्ष कपिल राणा ने बताया कि उक्त चौंपियनशिप में जनपद को कुल 6 मेडल प्राप्त हुए हैं। अंडर-18 इयर्स में चांदपुर की तनु चौधरी को 200 मीटर रेस में गोल्ड तथा 400 मीटर रेस में सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ है। अंडर - 18 में 400 मीटर रेस में अंशुल चौहान को ब्रॉन्ज मेडल तथा अंडर - 20 में 800 मीटर रेस में साक्षी को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ है।

## एक नजर

### दहेजलोभियों ने विवाहिता को पीटा




**नूरपुर।** दहेज के लालची ससुरालियों वालों ने साहिबा परवीन के साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। मारपीट में साहिबा परवीन गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। साहिबा परवीन की शादी सात साल पहले मुस्लिम रिति-रिवाज के साथ शमीम अहमद के साथ हुई थी। शादी के बाद मेरा पति शमीम अहमद व ससुराल वाले मेरे साथ मारपीट व पैसों की डिमांड करते थे। मेरी शादी को लगभग आठ साल हो गए हैं। मेरे पास कोई बच्चा नहीं है। मेरा पति लगभग दस माह पहले मुझे मेरे मायके जिला मुरादाबाद के थाना छजलेट के गांव कुड़ा मीरपुर छोड़ आया था। उसके बाद में अपनी सुसराल आई हूं तो ससुरालियों ने मेरे साथ मारपीट कर घर से बाहर निकल दिया। मेरे पति शमीम अहमद ने चोरी चुपके दूसरा निकाह कर लिया। जब मुझे इस बात का पता चला, तो मेरे पैरों की जमीन खिसक गई। मैंने अपने पति से दूसरा निकाह करने का विरोध किया, तो मेरे पति शमीम अहमद व देवर नईम शाहिन पत्नी नईम व जैनब पत्नी शमीम यासमीन पत्नी नसीम इन सबने मिलकर मेरे साथ घर में घुसते ही मारपीट शुरू कर दी है और मेरे पति शमीम अहमद ने मेरे पेट पर चाकू से वार कर दिया। मैंने अपने आपको बचाने की कोशिश की, तो मेरे हाथ में चाकू लग गया। जिससे साहिबा परवीन गंभीर रूप से घायल हो गई। गनीमत यह रही कि अगर मैं अपने पेट पर हाथ ना लगाती तो शायद चाकू सीधा मेरे पेट में घुस जाता। मैंने अपनी जान बचाने कोशिश की, तो मेरा शोर शराबा सुनकर पड़ोसियों ने मेरी जान बचाई। मुझे बुरी तरह मारपीट व जान से मारने की धमकी दी है। मुझे अपने पति व सुसराल वालों से मुझे अपनी जान के साथ मेरे मां बाप को भी जान का खतरा बना हुआ है। साहिबा परवीन ने थाना नूरपुर पहुंचकर अपने पति सुसराल वालों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने तहरीर मिलने की पुष्टि की है।

### शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन



**चांदपुर।** शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश महासचिव मनोज कुमार उर्फ लल्लन दुबे निवासी गोरखपुर के साथ लोक निर्माण विभाग गोरखपुर ने अभद्र व्यवहार व ठेकेदारों के साथ मिलकर स्थानीय गुंडों को भेजकर उन पर हमला किये जाने पर शिवसेना बिजनौर कड़े शब्दों में निंदा करती है। शिवसेना सरकार से मांग करती है कि इस प्रकरण की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच कराई जाए। नामजद अभियंताओं एवं हमले में शामिल सभी अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। पीड़ित मनोज दुबे को सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग में पनप रहे भ्रष्टाचार की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए। साथ ही पीड़ित मनोज दुबे पर लगाई गई समस्त फर्जी धाराएं, मुकदमे वापस लिये जाए और जेल से रिहा किये जाने, भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई किये जाने संबंधी मांगपत्र उप जिलाधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम दिया गया। ज्ञापन देने वालों में ॠतुल शर्मा आईटी सेना प्रभारी, विजय मोहन गुप्ता युवा जिला प्रमुख, मुकेश लाम्बा उप जिला प्रमुख, अंतरिक्ष कौशिक, सोनू चौधरी, संदीप बिल्ला, भूपेंद्र कुमार, विशाल कुमार, रामगोपाल लाम्बा, सुरेंद्र कुमार, जितेंद्र सिंह, संजीव कुमार, राहुल त्यागी, रजनीश कुमार, देवेंद्र त्यागी, पुष्पेंद्र कुमार, नरेंद्र, रोहित कुमार, पुलिकत, सुरेंद्र सिंह, राहुल कश्यप आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

### धूमधाम से निकाली शोभायात्रा



**बिजनौर।** श्री विश्वकर्मा मन्दिर आश्रम समिति द्वारा भगवान विश्वकर्मा पूजन समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें प्रात: आठ बजे श्री विश्वकर्मा मन्दिर मण्डावर रोड बिजनौर में हवन-पूजन 11 बजे से प्रभु इच्छा तक भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति श्रीमति सूचि मौसम चौधरी सदर विधायक ने भगवान विश्वकर्मा जी की शोभायात्रा में झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया और अपने सम्बोधन में कहा कि विश्वकर्मा समाज सम्मानित समाज है। इस समाज को एकजुट रहने की आवश्यकता है और नगीना रोड चक्कर चौराहे पर 'विश्वकर्मा द्वार' का निर्माण कराने की भी घोषणा की। शोभायात्रा में श्री भगवान विश्वकर्मा, राम-परिवार, शिव पार्वती परिवार, विश्वकर्मा पुराण, राधा-कृष्ण, पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह व स्वामी कल्याण देव की सुंदर- सुंदर झांकिया ढोल-तासो और डीजे के साथ श्री विश्वकर्मा मन्दिर मण्डावर रोड से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होते हुए रेलवे स्टेशन चौराहे पर समापन हुई। कार्यक्रम में आशुतोष विश्वकर्मा प्रदेश अध्यक्ष यूथ विग्रेड, अनिल विश्वकर्मा कार्यक्रम प्रभारी, गौरव धीमान, धर्मवीर धीमान, खगेश कुमार प्रबंधक, कार्यक्रम अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण, कार्यक्रम सचिव राजीव कुमार एड., कोषाध्यक्ष प्रकाश धीमान, डॉ. कैलाश विश्वकर्मा, डॉ. राजवीर धीमान, वीरेन्द्र धीमान, सुरेन्द्र धीमान, राजेश धीमान, देवेश एड., सुबोध धीमान, मनु शर्मा, यश धीमान, पं. ओमप्रकाश धीमान, संजू धीमान, विमल धीमान, डॉ. राजेन्द्र धीमान, घासीराम, सुरेश धीमान, जुगेन्द्रपाल धीमान, के.के. धीमान अध्यक्ष मन्दिर समिति, रामनाथ धीमान, सुशील कुमार धीमान, आंशू धीमान जिलाध्यक्ष यूथबिग्रेड, शशि शर्मा, मोनिका शर्मा आदि बहुत अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# आसपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

## पुलिस प्रशासन पर दलितों व मुस्लिमों का उत्पीड़न करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन द्वारा आए दिन दलितो मुस्लिमों व पिछघ्ड़े समुदाय के लोगो पर किए जा रहे उत्पीड़न के विरोध में धरना प्रदर्शन कर पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

आजाद समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह को ज्ञापन सौंपा। धरना की अध्यक्षता नपेन्द्र कुमार व संचालन विपिन गुथालिया ने किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन द्वारा समाज के लोगो की सुनवाई नहीं की जा रही है और उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। जिससे लोगों की प्रतिष्ठा को भारी नुकसान पहुंच रहा है।

हरेवली मार्केट में दलित समाज के व्यक्ति के साथ बीते 10 सितंबर को उसकी ही दुकान पर जाकर ऊंच जाति के लोगों ने मिलकर समस्त दलित समाज को गाली-गलौच करते हुए अपमानित कर मारपीट करते हुए देख लेने की धमकी दी। इस सम्बंध में पीड़ित ने थाना शेरकोट को लिखित में प्रार्थना पत्र दिया था। लेकिन कार्यवाही नहीं की गई। शेरकोट थाना पुलिस ने बीते 15 सितंबर की रात्रि को अपनी नाकामी छुपाते हुए निर्दोष व्यक्तियों पर अत्याचार कर बुरी तरह मारपीट की जो आज असहाय स्थिति में हैं। बीते 29 अगस्त को पीड़िता अंकिता द्वारा पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही न करना व मदद कर्ता के खिलाफ झूठे षडयंत्र रचते हुए मुकदमा दर्ज करने की धमकी देना। जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद है। कुछ दिन पूर्व थाना अफजलगढ़ के ग्राम मच्छमार में हुए हत्याकाण्ड प्रकरण में प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं उपरोक्त सभी बिन्दुओ को हष्टिगत रखते हुए अति शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की अन्यथा प्रदर्शन संवैधानिक रूप से चलता रहने की चेतावनी दी।

इस मौके पर नपेन्द्र कुमार विधानसभा अध्यक्ष, विपिन गुथालिया जिला उपाध्यक्ष बिजनौर, रविन्द्र कुमार विधानसभा संयोजक, त्रिलोक सिंह जिला मीडिया प्रभारी भीम आर्मी, नवदीप सिंह संयोजक किसान मोर्चा भीम आर्मी, कमल कुमार ब्लॉक संयोजक, तारा उर्फ कृष्ण कुमार विधानसभा सचिव, सौरभ कुमार जिला सचिव आसपा, लवकुश कुमार यूथ अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# बीएसए के नाम पर अवैध वसूली का खेल

## विभागीय कार्रवाई रोकने के लिए फोन कर मांगे रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार की बड़ी परत खुली है। जिले में कुछ लोग खुद को अधिकारी बताकर शिक्षकों से विभागीय कार्रवाई रोकने के नाम पर अवैध धन की मांग कर रहे हैं। मामला संज्ञान में आने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।

जनपद बिजनौर में शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों को फोन पर धमकाकर अवैध वसूली का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतों के बाद यह मामला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) योगेंद्र कुमार के संज्ञान में आया।

जानकारी के अनुसार, नंदू दिवाकर नामक व्यक्ति 92588 नंबर से फोन कर खुद को संयुक्त सचिव बताता है। वह शिक्षकों को विभागीय कार्रवाई का भय दिखाकर कहता है कि बीएसए के नाम पर मामला निपटाया जा सकता है, बशर्ते पैसे दिए जाएं। बीएसए ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों, सहायक अध्यापकों, शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों को पत्र जारी किया है। पत्र में साफ निर्देश दिए गए हैं कि यदि इस नंबर से कोई फोन आए और पैसे मांगे जाएं तो तुरंत संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जाए और सूचना बीएसए कार्यालय को दी जाए। बीएसए ने शिक्षकों से अपील की है कि ऐसे किसी भी प्रलोभन या धमकी में न आएं और भ्रष्टाचार फैलाने वाले लोगों से सख्ती से निपटें। प्रतिलिपि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को भी भेजी गई है, ताकि इस तरह की अवैध वसूली की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। फिलहाल इस खुलासे से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा है। विभागीय कार्रवाई से बचने के नाम पर होने वाली यह अवैध वसूली अब जांच के घेरे में आ गई है।

# बच्चों ने की बाढ़ पीड़ितों की मदद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** पंजाब सहित कई राज्यों में आई बाढ़ व बाढ़ से मची तबाही को सुनकर छोटे बच्चों के मन मे मदद का जज्बा जागा और अपनी गुल्लक में जमा पैसे को बाढ़ पीड़ितों की मदद करने की पेशकश की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला शेखान मे बच्चों के दिल में रहम आने का मामला उस समय देखने को मिला। जब पत्रकार अबरार अहमद के 11 वर्षीय पुत्र अली अबरार व 9 वर्षीय हादी ने अपने पिता से बाढ़ राहत के लिये अपनी गुल्लक में जमा पैसे देने को कहा। पहले तो अबरार अहमद को लगा कि बच्चे मजाक कर रहे हैं, पर बच्चे तो पैसे देने की जिद पर अड़ गए। अबरार अहमद अपने दोनों बच्चों को साथ लेकर शहर की जामा मस्जिद पहुंचे और नायाब शहर इमाम मुफ्ती अमान उर्रब को अली अबरार ने अपनी गुल्लक पेश कर बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाने की अपील की। नायाब शहर इमाम मुफ्ती अमान उर्रब ने बच्चों के हौसले की सराहना करते हुए उनके नेक मुस्तबिल के लिये दुआ की। नायब शहर इमाम ने गुल्लक खोली तो उसमे 2870 रुपये निकले। लेकिन उसमें बच्चों के पिता ने बाकी रकम देकर पूरे 5,000 रुपये कर दिये। बच्चों के इस पहल से लोगों ने सरहाना की है।

इस मौके पर समाजसेवी व मोहतमीम ईदगाह कमेटी काजी शमीम, आदिल खां, नसीम अहमद ने भी बच्चों के सिर पर हाथ रख उनकी हौसला अफजाई की।

## भाकियू की बैठक में शिक्षा पर जोर

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन तेली की बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद अकरम तेली ने कहा कि हमारे समाज में जब किसी का इंतकाल होता है तो उसके घर बिरयानी बनाई जाती है। जिससे समाज के कुछ लोग दुखी हैं। समाज के उन लोगों को परेशानी न हो इसके लिए कमेटी बनाई जाएगी। कमेटी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। किसी का इंतकाल होने पर काली दाल की खिचड़ी बनाई जाए। समाज के सभी लोग अपने बच्चों को जरूर पढ़ाए। बच्चे पढ़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे। समाज और देश की तरक्की होगी।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 14 के सम्पत्ति संख्या 74 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में नदीम, मोहसिन, सरदार अहमद, नाजिर के नाम दर्ज है। अत: नदीम, मोहसिन, सरदार अहमद, नाजिर का नाम निरस्त कर मौ. आरिफ पुत्र नसीम अहमद का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**



**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) बिजनौर**

वाद सं. 111/2019

श्रीमती कुलवन्त कौर उम्र 74 वर्ष पुत्री श्री गुरदयाल सिंह निवासी मकान न. 1089 डब्लू-23 राजनगर भोगा, जिला भोगा, पंजाब द्वारा जसकरन सिंह उम्र 43 वर्ष पुत्र स्व. सरदार जसविन्दर सिंह निवासी मिलमैसन मतुसिल न्यू ग्रेन मार्केट जी.टी. रोड भोगा, तहसील व जिला भोगा, पंजाब।

**बनाम**

किशन सिंह पुत्र श्री भगवाना नि. ग्राम कोहरपुर, परगना मण्डावर, तहसील व जिला बिजनौर।

हरगाह वादीनी ने के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म है कि बतारीख 06.10.2025 ई. बवक्त 10 बजे दिन के अमालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहमद मुताल्लिक के मुकदमा जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्श हो जो कि जवाब में ऐसे सवालात का जवाब दे सकें हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहता हो।

आपको इतिल्ला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक:- 06.10.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**बिजनौर**


# इस्लामपुर बेगा में घूम रहे दो गुलदार

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम इस्लामपुर बेगा में दो गुलदार देखे जाने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। इसकी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

बरूकी के निकट स्थित इस्लामपुर वेगा में गाजीपुर मार्ग पर दो गुलदार दिखाई दिए। इसकी वीडियो ग्रामीणों द्वारा बनाई गई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के जंगल में दो गुलदार काफी दिनों से देखे जा रहे थे। अब उनकी वीडियो भी वायरल हो गई है। ग्रामीणों ने गाजीपुर मार्ग पर पिंजरा लगवाने की मांग की है।


**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्री अभिषेक गुप्ता पुत्र श्री राज कुमार गुप्ता मौहल्ला कटरा चेतराम** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती वन्दना शर्मा पत्नी श्री नरेन्द्र शर्मा** नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतू बजरिये वारिसान, समझौता व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

वितरण सम्पत्ति सं.: **कटरा चेतराम** नगर व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा.परिषद, नजीबाबाद**



**कार्यालय नगर पंचायत मण्डावर, जनपद-बिजनौर**

पत्रांक-271/न.पं.मण्डावर/2025-26 | दिनांक:- 17 सितम्बर, 2025

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी.म्यू. एक्ट- 1916

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मण्डावर, जनपद-बिजनौर के गृहकर व जलकर लगाने हेतु प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न शपथ पत्र व भूमि सम्बन्धित प्रपत्र प्रस्तुत कर गृहकर व जलकर लगाने का अनुरोध किया गया है। जिनका विवरण निम्नवत है-

| क्र.सं. | प्रार्थी का नाम व पता | संलग्नक अभिलेख |
|---|---|---|
| 01 | श्री सुबोध कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. श्री राजाराम गुप्ता, निवासी-मौ. मिर्दगान, कस्बा मण्डावर, हाल निवासी-महादेवपुर कॉलोनी गेट नं.-01 बिजनौर | शपथ पत्र दिनांक:- 25.08.2025 व भूमि सम्बन्धित प्रपत्र |

अत: उक्त सम्पत्ति के दर्ज होने के सम्बंध में अगर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह विज्ञिप्ती प्रकाशन की दिनांक से 15 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित आपत्ति लिखित रूप में कार्यालय नगर पंचायत मण्डावर में प्रस्तुत कर सकते हैं। अपूर्ण व कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की स्थिति में आवेदन पत्र स्वत: ही निरस्त माना जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मण्डावर**
**जनपद-बिजनौर**

## एक नजर

### डीएम ने किया सम्मानित




**बिजनौर।** ग्राम ब्राह्मणवाला निवासी हरदेव सिंह की पुत्री लेफ्टिनेंट नवनीत कौर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आरआर मोरारका स्कूल बूंदकी से वर्ष 2020 में प्राप्त की। उसके पश्चात उन्होंने अपनी ग्रेजुएशन चितकारा यूनिवर्सिटी से उत्तीर्ण की। जहां पर वो एनसीसी एयर विंग की कैडेट रही। वहां पर उन्हें अपने चौथे वर्ष में अमेरिका की एक मल्टी नेशनल कम्पनी में 14 लाख वार्षिक वेतन पर छः महीने तक कार्य किया। लेकिन उनके दिल और दिमाग में भारतीय सेना में जाने का ही जुनून था। सेना में जाने के लिए उन्होंने अपना साक्षात्कार पहले ही प्रयास में 17 जून 2024 को उत्तीर्ण किया। उन्होंने आल इंडिया रैंक 8वी प्राप्त की। तत्पश्चात उन्होंने ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी गया का प्रशिक्षण लेकर 06 सितंबर 2025 को भारतीय सेना की सेना की आयुध कोर में लेफ्टिनेंट पद पर प्राप्त किया। उनके दो भाई हैं तथा दादाजी और पिताजी किसान हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता. जी पिताजी तथा विशेषकर अपने दादाजी पूर्व सैनिक बग्गा सिंह को दिया, जिनकी प्रेरणा से वो सेना में एक अधिकारी के रूप में जाने में सफल हो सकी। आज जिलाधिकारी ने उन्हें अपने कार्यालय आमंत्रित कर उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं की। इस अवसर पर उनके साथ जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टेन अनिल कुमार गुप्ता के साथ उनके परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल रहे।

### एसबीडी में पोस्टर प्रतियोगिता



**धामपुर।** एसबीडी महिला महाविद्यालय में विज्ञान संकाय एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा ओजोन परत के महत्व को समझाना था। डा. अर्चना एवं डा. कनक चौहान सम्मिलित रहीं। जिन्होंने प्रतिभागियों के रचनात्मकता, विषय की समझ और प्रस्तुतीकरण के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में प्रथम कु. ईला नूर, द्वितीय गार्गी कुमारी और तृतीय स्थान कु. हुमेरा नाज ने प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त तीन प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार कु. आकृति, कु. आरिया खानल व कु. सिमरन को प्रदान किए गए। डा. अदिति सिन्धु द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिये सभी छात्राओं को शपथ ग्रहण कराई गई। छात्राओं को पुरस्कार में विभिन्न प्रजाति के पौधे प्रदान कर छात्राओं को पौधा रोपण के लिऐ भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में डा. सन्दीप कुमार तथा डा. संजू द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमती हेमलता, श्रीमती ललिता, कु. नेहा आदि का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में डा. ललिता शर्मा, डा. पायल शर्मा, डा. रेशू शुक्ला, डा. चारू अग्रवाल, कु. रितु देवी, डा. नेहा बंसल, श्रीमती गीता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### स्वच्छता रखना ही सेवा करना



**झालू।** नगर पंचायत झालू का डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण का एक कदम स्वच्छता की ओर, एक विशेष सफाई अभियान निकाय के वार्ड नम्बर एक में चलाया गया। जिसमें वार्ड वासियों को सूखा कचरा और गीले कचरे को अलग-अलग कर नगर पंचायत के वाहनों को ही सौंपे। इस सफाई अभियान को सफल बनाने लिए कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कंपोजिट विद्यालय, विवेकानंद पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या केंद्र, हृदयानंद सार्वजनिक इंटर कॉलेज और फुरकानियां हायर सेकेंडरी स्कूल आदि में सभी छात्र एवं छात्राओं और अध्यापकों को स्वच्छता शपथ कराई गई। जिसमें कहा गया कि मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और हर सप्ताह 2 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करूंगा। मैं ना खुद गंदगी करूंगा और ना ही किसी को करने दूंगा। मैं स्वच्छता की शुरूआत स्वयं, अपने परिवार, मौहल्ले, गांव और कार्य स्थल से करूंगा। मैं यह शपथ अन्य सौ लोगों से भी दिलवाने का प्रयास करूंगा, ताकि वह भी स्वच्छता में योगदान दे। इस अवसर पर नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अनुज अग्रवाल, कनिष्ठ लिपिक अनिल कुमार, नसीम अहमद, मौहम्मद शादाब, घनश्याम, अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

### हिंदी दिवस पर प्रतियोगिता

**झालू।** फुरकानिया हायर सेकेंडरी स्कूल में हिंदी दिवस पर स्कूल में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षाओं के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभा किया। प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। प्रबंधक इरफान अहमद और अध्यक्ष मौहम्मद आसिफ इकबाल ने हिंदी दिवस के बारे में सभी छात्राओं को पूर्ण जानकारी देते हुए बताया हिंदी हमारी मातृभाषा है। हम सबको इसका सम्मान करना चाहिए और अपने व्यवहारिक जीवन और अपने सभी क्रियाकलाप में इसका भरपूर प्रयोग करना चाहिए। तभी हिंदी का सम्मान होगा। यदि हम ऐसा नहीं करते तो ऐसा लगता है कि मानो हमें अपनी मातृभाषा से प्रेम नहीं है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक, अध्यापिकाएं, विद्यार्थी व अभिभावक गण उपस्थित रहे।

### स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

**चांदपुर।** मौहल्ला सरायरफी रहमनिया गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास नफीस पहलवान की गली में प्रोजेक्ट मैनेजर की टीम स्मार्ट मीटर लगा रही थी। तभी मौहल्ले की ही कुछ महिला एवं पुरुषो ने स्मार्ट मीटर लगाने का कड़ा विरोध किया। काफी देर तक हंगामा होते रहने की सूचना मिलने पर सुमित कुमार प्रोजेक्ट मैनेजर स्मार्ट मीटर द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया गया कि मौहल्ला सराय रफी नफीस पहलवान वाली गली में स्मार्ट मीटर लगाने का कुछ लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है। तत्पश्चात सूचना पर राहुल आनंद, विशाल विश्वकर्मा, सूर्यमणि कुशवाहा, विवेक शर्मा, संविदा कर्मी सहित मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाया। इसके बाद कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया।

### रम्पुरा में मचा चोरों का शोर

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला रम्पुरा में बीती रात कई संदिग्ध लोगों के एक मकान की छत पर देखे जाने से चोर-चोर का शोर मच गया। शोर मचने के बाद काफी मौहल्लावासी मौके पर जमा हो गए। लोगों ने जब अपने मकानों की छतों पर चढ़कर चोरों को पकड़ने का प्रयास किया, तो एक मकान की छत पर दिखने वाले चोर वहां से भाग निकले। सभासद निर्देश देवी ने घटना की सूचना पुलिस को दी।चौकी पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर चोरों की तलाश की, मगर कोई भी चोर पुलिस के हाथ नहीं लगा।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर कार्यक्रम

## मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर की सफाई, गरीबों को अंगवस्त्र वितरित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की और गरीबों को अंगवस्त्र वितरित किए। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की।



मुन्नी देवी मंदिर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान, सेक्टर संयोजक चंद्रशेखर, पंकज चौहान, रविंद्र सिंह, विकास कुमार, महेश चौहान, लो. कमान सिंह, नन्हें सिंह त्यागी, भोपाल सिंह, प्रीतम सिंह आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में हवन-पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया। गरीब व जरूरतमंद मजदूरों को अंगवस्त्र भेंट किए गए। प्रधानमंत्री मोदी के चित्र पर तिलक कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की प्रार्थना की गई। इस मौके पर मास्टर श्याम सिंह चौहान, डा. जयप्रकाश चड्ढा, संजय चौहान, पवन चौहान, अनिल गहलौत, सुभाष चौहान, दीनानाथ, नरेंद्र सिंह लाल, अनिल कुमार, मनोज (गैस वाले), संदीप सैनी, राघव शरण गोयल, राजीव सिसोदिया, टीकम फौजी, अनिल शर्मा, रवि चौधरी (पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा), शशि बिंदु, भीम सिंह सैनी, तेजपाल सिंह सैनी, नागेश्वर दयाल, सोमपाल सिंह, सभासद नवनीत, नरेंद्र व गोपाल सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में विश्वकर्मा पूजा का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुँवर सत्यावीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन बहुत धूमधाम से किया गया। संस्था निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पण कर व जोत जलाकर विधिवत रूप से पूजा का आरम्भ किया । ज्ञात हो कि विश्वकर्मा भगवान को हिन्दू धर्मानुसार एक दिव्य वास्तुकार माना जाता है और उनकी पूजा का आयोजन 17 सितंबर को देश भर में विभिन्न अभियंताओं, वास्तुकारों, शिल्पकारों व छात्रों आदि द्वारा किया जाता है।

पूजा-कार्यक्रम मैकैनिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष गौरव गुप्ता की देखरेख में सम्पन्न हुआ। पूजा के लिए कॉलेज प्रांगण को विशेष रूप से सजाया गया तथा कॉलेज के समस्त स्टाफ ने इस पूजा में भाग लिया। पूजा पाठ का कार्य बड़े ही मंत्रोचारण व संगीतमयी आरती के साथ पंडित विजय राज गौड़ द्वारा कराया गया, जिसकी निदेशक व स्टाफ ने भूरि-भूरि प्रशंशा की। प्रबंध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव कु. उदयन वीरा, कु. रुचि वीरा (सांसद मुरादाबाद) एवं रेडियो संदेश की सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने विश्वकर्मा दिवस की सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। पूजा-कार्यक्रम को सफल बनाने में खड्ग सिंह, प्रदीप शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, डा. शुएब अली खान एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, डॉ. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर लाबा, सुनील भारद्वाज, उज्जवल कुमार, मोहित शर्मा, बिजेन्द्र कुमार, सुभाष चंद, फुरकान अहमद, विमल कश्यप, ललित कुमार, निकिता सिंह, विपिन कुमार, अपूर्व वर्मा, मयंक शर्मा, विकास कुमार, रजत कुमार, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया तथा संस्था निदेशक डॉ. डॉ. अमित कुमार बंसल ने सभी को कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई दी।

## धामपुर शुगर मिल में विशेष पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल में श्री विश्वकर्मा जयंती बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। 1933 से चली आ रही परंपरा के अनुसार हर वर्ष 17 सितंबर को श्रमिकों, कर्मचारियों, अधिकारियों और श्री विश्वकर्मा कमेटी के सहयोग से वर्कशॉप और डीएसएम केमिकल के विश्वकर्मा मंदिर में विशेष पूजन होता है।

इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता, इंजीनियरिंग हेड अभय शर्मा, डिस्टलरी हेड सुनील राणा और इंजीनियरिंग हेड मोहित वशिष्ठ ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन पंडित सुनील शास्त्री और पंडित अमित ध्यानी ने कराया।

इस बार पहली बार विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रमिकों, कर्मचारियों, अधिकारियों और कॉलोनी के परिवारजन ने प्रसाद ग्रहण किया। माहौल भक्तिमय और उत्सव जैसा रहा।

श्री विश्वकर्मा कमेटी ने इस मौके पर अधिकारियों और वरिष्ठ कर्मचारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने सभी श्रमिकों और कर्मचारियों को जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आने वाले पेराई सत्र को समय से शुरू करने में सभी को मिलकर मेहनत करनी होगी।

कार्यक्रम में विशेष सहयोग देने वालों में श्री उत्तम सिंह, शमीम अहमद, शिखर चंद, वीरेंद्र यादव, अनिल उपाध्याय, बलराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नरदेव सिंह, ओम प्रकाश, चंदन पाल, प्रदीप कुमार, गजराज, प्रीतम सिंह, अर्पण सैनी, नरेश, परविंदर, जनार्दन, हेमराज निशाद, भूपेंद्र आदि शामिल रहे।

इस अवसर पर मिल और केमिकल यूनिट के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिनमें ओमबीर सिंह, विकास अग्रवाल, विजय गुप्ता, सत्यवीर सिंह, उपेंद्र तोमर, विवेक सिंह यादव, लवकुश चौहान, हिमांशु शर्मा, सुरेश सिंह, अरुण चौहान, शरद गहलोत, अनुज मलिक, योगेंद्र सिंह, अजय पांडेय, उज्जवल सिंह, भारत भूषण बरनी, विनोद राणा, दुर्गेश राठौर समेत अन्य उपस्थित रहे।

## युवक ने जहरीले पदार्थ का किया सेवन, गंभीर

**नहटौर।** पत्नी के मायके से नहीं आने पर पति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी 26 वर्षीय युवक का छः वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले आपसी विवाद के चलते उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी। बार-बार बुलाने के बाद भी वह मायके से नहीं आ रही थी। आज इसी बात से क्षुब्ध होकर युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। सीएचसी में चिकित्सकों ने युवक द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन किए जाने की पुष्टि की है। उधर पुलिस के मामले से अनभिज्ञता जताई है।

## एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर (गृह विज्ञान) का परीक्षाफल घोषित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर (गृह विज्ञान) (हयूमैन डेवलपमेंट) के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फोंमेशन टैक्नोलॉजी की छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर (गृह विज्ञान) (हयूमैन डेवलपमेंट) की छात्र अलीशा ने 8.12 सीजीपीए प्राप्त कर प्रथम, सोनम चौधरी ने 8.10 सीजीपीए प्राप्त कर द्वितीय व अनुकृति चौहान ने 7.57 सीजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज के चेयरमैन मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है।

हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

कॉलेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता श्रीमति प्रीति चौहान, श्रीमति ज्योति चौहान, शिवानी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हिन्दी हमारे दिलों की भाषा : कुमार

**नजीबाबाद।** शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में हिंदी दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि हिन्दी हमारें दिनों की भाषा है, जो कश्मीर से लेकर कन्य कुमारी तक, संसद से लेकर गांव-गांव तक, साहित्य से लेकर सिनेमा तक हर जगह संवाद का सबसे बड़ा पुल बनकर सामने आती है। हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। वास्तव में हिन्दी दिवस भारत की भाशा व सांस्कृतिक एकता का दिन है। लोगों में अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व व सम्मान की भावना को जागृत करना है।

हिंदी हमारी मातृभाषा के प्रति गर्व व सम्मान की भावना को जागृत करना है। हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति व पहचान का अभिन्न हिस्सा है। विजय शंकर त्रिपाठी व श्रीमती कमलेश त्रिपाठी ने मुख्य दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कामेश शर्मा, सारिका अग्रवाल, पुष्पा शर्मा, रोहताश सिंह, प्रशांत, ओमपाल सिंह आदि रहे।

# 'सेवा पखवाड़ा' रैली को किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज विकास भवन परिसर से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित 'पोषण माह' के अंतर्गत आज 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए 'सेवा पखवाड़ा' रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, जिला कार्यक्रम अधिकारी शीतल वर्मा सहित अन्य विभाग की अधिकारी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद थी।




जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण किसी परिवार का केन्द्र बिन्दु होता है। उक्त के संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आज से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' की शुरूआत की जा रही है। यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित 'पोषण माह' के साथ मनाये जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि मंत्री महिला एवं बाल विकास, भारत सरकार के अनुरोध पर गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए आज से 02 अक्टूबर के मध्य विभागीय इकाईयों के माध्यम से पूरे उत्तर प्रदेश में 'सेवा पखवाड़ा' का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने महिला/बाल देखरेख संस्थाओं, वन स्टॉप केन्द्र, जिला बाल संरक्षण इकाई, हब फॉर वूमेन इम्पॉवरमेन्ट तथा चाइल्ड हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागीय कार्यालयों में निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार 'सेवा पखवाड़ा' का आयोजन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि पखवाड़े के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जन-प्रतिनिधियों, क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित करें तथा स्थानीय चैनलों, रेडियों कार्यक्रमों तथा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जाना सुनिश्चित कराएं।

## एक नजर

### झालू में विद्युत समाधान शिविर




**झालू।** 33/11 विद्युत उपकेंद्र पर विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें विद्युत उपखंड अधिकारी अरविन्द कुमार व विद्युत अवर अभियंता सुदेश कुमार ने जन समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया। उपखंड अधिकारी अरविन्द कुमार ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य मीटर संबंधी शिकायत को दूर करना, त्रुटिहीन बिल को सही करना और अन्य विद्युत संबंधी सभी समस्याओं का समाधान करना है। इस शिविर के माध्यम से पांच स्मार्ट मीटर लगाए गए और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन सादे मीटर लगाए गए हैं। 110 कनेक्शन उपभोक्ताओं से 215000 की वसूली हुई। जबकि 36 कनेक्शन उपभोक्ताओं पर 229000 रुपए का बकाया रहा। शिविर में शिकायतकर्ताओं ने अधिकतर शिकायत नो डिस्पले मीटर को बदलवाने की। उनके मीटर बदलने का आश्वासन दिया गया। इसी के साथ-साथ जिनके बिल त्रुटिहीन चल रहे थे, तुरंत बिलों को सही कर उन्हें जमा कराया गया। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि जब से स्मार्ट मीटर लगे हैं तब से बिल अधिक आ रहे हैं, उनकी रीडिंग तेज है। इस शिकायत पर अभियंता सुदेश कुमार ने बताया कि इन मीटर में कुछ भी ऐसा नहीं है। यह सब हमारे प्रयोग करने के तरीके पर निर्भर करता है। हमें विद्युत को सही तरीके पर उपयोग करना चाहिए और अफवाह पर ध्यान ना दें। यदि ऐसा होता तो यह शिकायत सभी मीटर में होती जबकि ऐसा नहीं है। इस समाधान शि. विर में बिलिंग बाबू पुष्पेंद्र, विशाल कुमार टीजी 2, खड़क सिंह जीएमटी, केशव कुमार स्मार्ट मीटर आदि का भरपूर सहयोग रहा।

### जलस्तर बढ़ते ही बांध से पानी छोड़ा गया



**कालागढ़।** लगातार पहाड़ों पर हो रही वर्षा से बांध का जलस्तर बढ़ गया। वहीं रामगंगा बांध के कैचमेंट क्षेत्र में भारी वर्षा से बांध का जलस्तर लगातार बढ़ने से विभागीय अधिकारियों ने आनन फानन में 1000 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्णय लिया। रामगंगा बांध कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रामगंगा बांध से कुल 1000 क्यूसेक पानी की निकासी की गई। जिसमें 3655 क्यूसेक पानी पावर हाउस के माध्यम से और 6345 क्यूसेक स्पिल वे से छोड़ा गया। निचले इलाकों मे पानी की अधिकता के चलते पहले ही बाढ़ जैसे हालात बने हुए है। बुद्धवार को बांध का जलस्तर 361.330 मीटर मापा गया, जबकि बांध की अधिकतम भंडारण क्षमता 365.300 मीटर है। निचले इलाकों के डेमो मे पानी की अधिकतम मात्रा के चलते बांध का पानी बीते बृहस्पतिवार को बंद कर दिया गया था। रामगंगा केंचमेंट मे 896.2 वर्षा मापी गई।

### विधि-विधान से की विश्वकर्मा पूजा



**कालागढ़।** रामगंगा मुख्य बांध एवं केंद्रीय भंडार खण्ड 3 में विश्वकर्मा पूजा पूरे रामगंगा बांध परिवार के साथ संपन्न हुई। पूजा में अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार झा, अधिशासी अभियंता मेघ सिंह, अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गॉड, सहायक अभियंता मनोहर दत्त जोशी, धनंजय कुमार, लवकांत चौहान तथा सभी जूनियर इंजीनियर आदि उपस्थित रहे। निम्न मंत्रोचारण के साथ पूजा को पंडित श्रीमान ध्यानी द्वारा संपन्न किया गया।

### अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम भूतपुरी स्थित रामगंगा पुल के निकट सड़क किनारे एक अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना मिलते ही एस आई शेर सिंह ने सहायक पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। तथा विभिन्न माध्यमों द्वारा शव के शिनाख्त कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### वीकेआईटी में विश्वकर्मा जयंती मनाई



**बिजनौर।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में विश्वकर्मा जयन्ती मनाई गई। सर्वप्रथम औद्योगिक संस्थान में रखी मशीनों और उनके कलपुर्जो की सफाई कराई गई। उसके बाद महाविद्यालय में विश्वकर्मा जयंती पर हवन कराया गया। कॉलेज के संस्थापक अशोक कुमार सिंह, चेयरपर्सन श्रीमति सुदेश सिंह, मेनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक सिंह, कॉलेज के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने हवन में सामग्री की आहुति दी। इस अवसर पर कॉलेज के डीन एकेडमिक राजीव कुमार, रजिस्ट्रार अमित कुमार, मौ. जाहिद, बिरेन्द्र कुमार, हरवेन्द्र कुमार, विपिन कुमार, नागेन्द्र सिंह, सैन्की बाबू, रोहित कुमार, पूजा ठाकुर, अनुजा चौहान, प्रियंका पाल, धर्मवीर, नितिन कुमार, मनोज कुमार, मानसी चौधरी, अमित चौधरी, सीमा, मुनेश कुमार, अरविंद कुमार, धर्मवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जींस कारोबारियों पर मंडराया खतरा ओर बढ़ा

## ○ नगर मजिस्ट्रेट से मिले कारखाना संचालक, दी चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मानकों के विपरीत जींस कारोबारियों पर मंडराया खतरा ओर भी बढ़ गया है। ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई में बंद कराए गए कारखाना संचालकों में हड़कम्प मचा हुआ है। जबकि नगर मजिस्ट्रेट ने भी मानकों को पूरे किए शहर के बीचों-बीच कारखानों का संचालन करते मिलने पर कार्रवाद की चेतावनी दी।

नगर व उप नगरी सराय तरीन में हैंडी क्राफ्ट (सींग हडडी) उद्योग के साथ जींस का बड़ा कारोबार है। दिल्ली से लेकर सम्भल तक फैले इस कारोबार पर कई महीनों से से खतरा मंडरा गया। जगह-जगह शहर और उसके निकट चल रहं जींस वाशिंग कारखानों में प्रयोग हो रहे कैमिकल का पानी नाले नालियों में बहाया जा रहा है। जिससे भगूगर्भ जल दूषित हो रहा है। शहर और आसपास क्षेत्रों में दूषित जल के कारण पीलिया और लीवर व किडनी आदि के रोगी निरंतर बढ़ रहे हैं। जींस वाशिंग प्लांटों से निकलने वाले कैमिकल युक्त पानी का निस्तारण मानकों से के अनुसार नहीं होता। भूगर्भ जल दूषित होने से अधिकारियों ने भी इसे गम्भीरता से लिया और जींश कारखानों व जींस वाशिंग प्लांटों पर नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में ताबड़-तोड़ छापा मार कार्रवाई की। छापे में वाशिंग प्लांटों का संचालन पूरी तरह से मानकों के विपरीत किया जा रहा था। इसे लेकर नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में वाशिंग प्लांटों को सील किया गया। जबकि कइ कारखानों को भी बंद कराया गया। मानकों के विपरीत जींस वाशिंग प्लांट और जींस कारखानों पर संकट मडराते ही संचालकों में हड़कम्प मच गया। बुधवार को जींस कारखान स्वामियों ने नगर मजिस्ट्रेट से मिलकर वार्ता की। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने मानकों के विपरीत जींस वाशिंग प्लांट व कारखानों का संचालन किसी भी स्तर पर नहीं हो सकेगा जबकि शहर के बीचो बीच भी कोई कारखाना चलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।



सम्भल- बौद्ध टेम्पल एक्ट निरस्त करने की मांग को नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते बौद्ध अनुयायी।

# बोधगया टैम्पल एक्ट 1949 किया जाए निरस्त

## ○बौद्ध अनुयायियों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बिहार प्रदेश के महाबोधि विहार, बोधगया में चल रहे मुक्ति आंदोलन के समर्थन में भारतीय बोधा महासभा के तत्वाधान में बौद्व अनुआईयों ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बोधिगया टेम्पल एक्ट निरस्त करके महाबोधि बुद्व विहार, बोध गया (विहार प्रदेश) का प्रबंधन बुद्विष्टो को सौंपे जाने की मांग की।

बुधवार को जिलाध्यक्ष सुमन्त कृपाल सिंह ने के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि बिहार गजेटियर 6 जुलाई 1949 को बिहार सरकार द्वारा बोधगया टेम्पल एक्ट 1949 लागू कर महाबोधि बुद्व विहार बोधगया (बिहार प्रदेश) में विधर्मी समुदाय को प्रबंधतंत्र में शामिल किया गया। जिससे बौद्व विरासत को भारी नुकसान हो रहा है। जबकि महाबोधि बुद्व विहार बोधगया दुनिया के सभी बुद्विस्टो का बहुत बड़ा धार्मिक केंद्र एवं एक पवित्र स्थान है। लेकिन जब से बोधगया टेम्पल एक्ट 1949 लागू किया गया और विधर्मियो को प्रबन्धन में शामिल किया गया है तब से बुद्विस्टो के धार्मिक आस्था व मान्यताओं को चोट पहुँच रही है और इससे पूरा बुद्विस्ट समाज आहत है। इस तरह के कानून होने से भारत ही नही बल्कि पूरी दुनिया के बुद्व में आस्थावान समाज, समतावादी एवं बौद्व समाज में क्षोभ व्याप्त है। ज्ञापन में बी टी एक्ट 1949 को समाप्त किये जाने और महाबोधि बुद्व विहार बोधगया का प्रबन्धन पूरी तरह से बुद्विस्टो के हाथों सौंपे जाने को लेकर लम्बे समय से महाबोधि बुद्व विहार बोधगया (बिहार प्रदेश) के साथ साथ देश व दुनिया में बौद्व समाज आंदोलनरत है। भारतीय बौद्व महासभा सम्भल बोधगया बुद्व विहार मुक्ति आंदोलन का समर्थन किया।

# शहर को सुन्दर बनाना है, गंदगी को हटाना है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर मे स्वच्छता का सन्देश लेकर बाईक रैली का आयोजन किया गया। पीएम के जन्म दिन पर स्वच्छता बाईक रैली निकालकर नागरिकों को जागरूक किया और शहर को कचरा मुक्त बनाने में स्वयं सहयोग कर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने पर ज़ोर दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे नगर पालिका परिषद की ओर से स्वच्छता रैली निकालकर जागरूकता सन्देश दिया गया। अधिशासी अधिकारी डॉ. मणिभूषण तिवारी के नेतृत्व मे पालिका कर्मी एवं शहर के सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी बाईक पर सवार होकर बदन पर स्वच्छता का सन्देश लिखी टी शर्ट और माथे पर कैप लगाकर रैली लेकर पालिका ग्राउण्ड से निकले और शहर के विभिन्न मार्ग जैसे शंकर कॉलिज चौराह, यशोदा चौराहा, बहजोई मार्ग, हल्लू सराय, बरेली सराय से चौधरी सराय चौराहा होते हुए वापस नगर पालिका पहुंचकर रैली सम्पन्न हुई। ईओ डॉ. मणिभूषण तिवारी ने कहा कि आज बहुत बड़ा दिन है। पीएम का जन्मदिन है और हम सबको संकल्प लेना है कि हमे अपने शहर, गली मौहल्लो और आसपास गन्दगी नहीं फैलने देनी है। हर जगह साफ सफाई का ख्याल रखना है और दूसरों को भी जागरूक करना है।



सम्भल- पीएम के जन्म दिन पर स्वच्छता रैली निकालकर ईओ के नेतृत्व में जागरूक करते पालिकाकर्मी।

# सेवानिवृत्त शिक्षण कल्याण परिषद के अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उप्र. सेवा निवृत प्राथमिक शिक्षण कल्याण परिषद की कार्यकारिणी को भंग कर दिया। अध्यक्ष मसरूर आलम ने बताया कि वह हृदय रोगी हैं और संगठन में आगे कार्य करने में असमर्थ है। उन्होने स्वास्थ्य कारणों से अध्यक्ष पद से भी त्याग पत्र दे दिया। इस दौरान एक समिति का गठन किया गया। जिसका प्रभारी रामकुंवर भारती को बनाया गया।

# सृजन एवं वास्तुकला के देवता भगवान विश्वकर्मा

## ○सपाइयों ने पूजन अर्चन कर मनाई जायंती

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सपा कार्यकर्ताओं ने सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पूजन अर्चना कर मनाई। समाजवादी पार्टी के कैम्प कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बैठक में जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी व जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार व पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा क चित्र पर माल्यार्पण किया। जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा विश्वकर्मा जी सृजन एवं वास्तुकला के देवता थे। औद्योगिक क्षेत्र में इस दिन अनेकों औजार मशीनों की पूजा की जाती है यह दिन शिल्पकारों और इंजीनियरों के लिए सम्मान का प्रतीक है। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी ने द्वारका हस्तिनापुर लंका स्वर्ग लोक को बनाने का काम किया था वह ब्रह्मा जी के पुत्र थे एवं बैठक मे महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्री वास्तव जी के पिताजी का निधान पर बैठक में शोक सभा कर श्रृद्वांजलि अर्पित की बैठक में विधानसभा अध्यक्ष उमेश यादव शोभित कुमार काका नगर अध्यक्ष सद्दाम कुरेशी अशोक राणा नगर अध्यक्ष व्यापार सभा चेतन गुप्ता आकिल शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष वाहिद साहब इरशाद अंसारी एडवोकेट जितेन्द्र जाटव जिला अध्यक्ष अम्बेडकर वाहिनी जयसिंह अशोक गुप्ता कादिर राणा राजेश यादव मुकेश यादव कुंवर पाल यादव ललतेश यादव हाजी सिरसी साबिर खान फराज असगर केशव जाटव शिवम यादव मनीष यादव डा सुरज यादव जितेंद्र कुमार बब्बन मोर्या विकास यादव महेंद्र पाल खडगवंशी वीरन यादव शेख सददन अध्यक्ष छात्र सभा मुर्शीद खान आदि मौजूद रहे।



सम्भल- भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

# बारिश ने किसानों को झकझोरा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बुधवार सुबह हुई बारिश ने किसानों को झकझोर कर रख दिया। खेत में पकी खड़ी किसानों की धान की फसल चौपट हो गई। लगातार कई घंटे तक हुई तेज बारिश के चलते जहां फसल पूरी तरह से चौपट हो गई तो वहीं उसके ऊपर तक पानी भर गया। खेत में किसानों की धान की फसल पकी खड़ी है। वहीं कुछ किसानों ने फसल काट ली है तो कुछ काटने की तैयारी में हैं। बुधवार सुबह हुई बारिश को देख किसान संकट में आ गया। बारिश के बीच ही खेत पर पहुंचा और अपनी फसल को देख दुखी हो गया। दोपहर 11 बजे लगभग बारिश बंद हुई तो किसानों ने खेत पर पहुंचकर अपनी फसल को दिखा। जहां अधिकांश फसल पूरी तरह से धाराशाई हो गई। जिसने किसान को झकझोर कर रख दिया। किसान के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दीं।

# भराव के खेल के खुलासे पर गाली-गलौज कर की मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कोल्ड स्टोर मालिकों की मिली भगत से भराव मामले के चल रहे खेल का खुलासा करने पर युवक की जान पर बन आयी। ग्राम मऊ भूड़ निवासी टी वी चैनल से जुड़े मुबारिक अली को चौधरी चरण सिंह पार्क के सामने रोक कर गालियां दी और मारा पीटा। थाना गढ़ी पुलिस ने अतुल शर्मा, अंसार खान व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

# बेटियां स्वस्थ व सशक्त बनाने को नई पहल की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सरकार ने महिलाओं, बेटियों और उनके परिवार के स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की दिशा में नई पहल की शुरुआत की है। इसके तहत मुख्यमंत्री के निर्देश पर 17 पूरे प्रदेश में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया।

बबराला महिला चिकित्सालय पर रेलवे बोर्ड सलाहकार भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय और सभासद रामौतार ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय ने कहा कि यह अभियान प्रदेश भर में 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत स्वास्थ्य शिविर, पोषण जागरूकता और मातृत्व लाभ वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य महिलाओं और उनके परिवार का स्वास्थ्य मजबूत कर समाज को मजबूत करना है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत प्रदेश में चिकित्सा और स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इसमें महिलाओं की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ पोषण जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम होंगे। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मातृत्व लाभ भी वितरित किया जाएगा। अभियान के स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं के रक्तचाप, मधुमेह, दांत, आंख और ईएनटी की जांच की जाएगी। इसके अलावा कैंसर (मुख, स्तन और ग्रीवा), गर्भवती महिलाओं आदि की जांच की जाएगी। साथ ही एनीमिया के स्तर, टीकाकरण, टेलीमानस सुविधाएं और सिकल सेल परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को आसान बनाने के लिए मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड, आयुष्मान कार्ड और पोषण ट्रैकिंग का पंजीकरण भी किया जाएगा। इस दौरान भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय, सभासद रामौतार, फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा, मानवेन्द्र शर्मा, विशेष कुमार, मंजू आदि मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-पौद्यारोपण करते जायंटस ग्रुप के सदस्य।

# जॉइंटस ग्रुप बबराला ने किया पौधारोपण

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** जाइंटस ग्रुप आफ बबराला के द्वारा परोपकार सप्ताह के प्रथम दिन लोहिया कान्वेंट स्कूल और बी बी एस पब्लिक स्कूल, बबराला में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर जाइन्टस ग्रुप आफ बबराला के संरक्षक डा. कैलाश वार्ष्णेय ने कहा कि पोधारोपण से वातावरण शुद्व होता है। यह वर्षा होने में सहायक हैं। इनसे आक्सीजन मिलती है। हमें अधिक से अधिक पौधो लगाने चाहिए। इस दौरान संरक्षक डा. कैलाश वार्ष्णेय, अध्यक्ष डा. राहुल यादव, सचिव अनिल गुप्ता कोषाध्यक्ष डिंपल वार्ष्णेय, प्रभात वार्ष्णेय, लोहिया स्कूल के डारेयक्टर उमेश यादव, बी बी एस पब्लिक स्कूल प्रबन्धक सुमित यादव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



बबराला-रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते भाजपा नेता।

# रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस बबराला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में रक्तादाताओं को पूर्व मंत्री अजीत यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल ने प्रमाण पत्र वितरित किये। इस दौरान

पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने कहा कि रक्तदान से बड़ा दान नहीं है। रक्तदान महादान है। रक्तदान से कई अलग-अलग लोगों की जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। रक्तदान करने से शारीरिक क्षमता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है और कुछ ही दिनों में शरीर में नया रक्त बन जाता है। रक्तदान शिविर में काफी लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल, जिलामंत्री मनोज यादव, विनय वार्ष्णेय,धर्मेन्द्र प्रजापति, इंदीवर, महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसानों को डीएपी एनपीके नहीं मिलने पर करेंगे आन्दोलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बहजोई में भाकियू अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में हुई मासिक बैठक में जनपद के किसानों को डीएपी एनपीके उर्वरक नहीं मिलने पर जिला प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया, जबकि किसानों को डीएपी एनपीके उर्वरक नहीं मिलने पर सड़क पर उतरकर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

बुधवार को भाकियू अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष शंकर सिंह यादव के नेतृत्व में बहजोई बड़े मैदान में मासिक पंचायत के दौरान हुई बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि सम्भल जनपद को छोड़कर उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में डीएपी एनपीके उर्वरक वितरण किया जा रहा है। लेकिन सम्भल में जिला प्रशासन उर्वरक वितरण में तानाशाही रवैया अपना रहा है। जिला प्रशासन ने उर्वरक कर स्टॉक में रखवा दिया है। उन्होंने कहा कि बफर स्टॉक से उर्वरक सहकारी समितियां को नहीं दिया जा रहा है। आलू के किसान लगातार सहकारी समितियों के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन उर्वरक वितरण से जुड़े जिम्मेदार संवेदनहीन बने हुए हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जब किसान को समय पर खाद, कीटनाशक बीज नहीं मिल पाएगा तो खेती क्या ग्रोथ करेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जल्द ही बफर स्टॉक में रखे उर्वरक का वितरण नहीं किया जाता है तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

# बैनामे के बाद भी मकान पर चला बुलडोजर जस्टिस

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के मढ़ावली गांव में अवैध निर्माण व जमीन से कब्जा हटाने को नायब तहसील पुलिस बल के साथ पहुंचे। भारी पुलिस बल के बीच बुल्डोजर जस्टिस से मकान निर्माण को ध्वस्त करा दिया। इस दौरान वहां ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गयी।

गुन्नौर तहसील क्षेत्र व कैला देवी थाना क्षेत्र के मढ़ावली गांव निवासी दलपत सिंह की पत्नी चंद्रवती के नाम भूमि थी। जिसे 10 साल पहले गांव के ही धर्मपाल को बेचा गया था। जिस पर धर्मपाल ने अपना मकान भी बना लिया था, लेकिन उस समय बैनामा नहीं कराया गया था। मामला न्यायालय में विचाराधीन था। महिला के बेटे कोमल सिंह ने फर्जी बैनामा करा कर जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने की शिकायत की थी। परिजनों की मानें तो कुछ दिन पहले बैनामा करा लिया गया था। कोर्ट के आदेश पर बीते दिन तहसीलदार गुन्नौर व तहसीलदार राजस्व टीम बुल्डोजर के साथ मौके पर पहुंचे थे, लेकिन धर्मपाल सिंह से जानकारी की गई थी तो उसने कागजात दिखाए थे जिस पर टीम वापस लौट आई थी। बुधवार को नायब तहसीलदार गुन्नौर के नेतृत्व में राजस्व टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और बुल्डोजर जस्टिस से निर्माण को हटवा दिया। बताया जा रहा है इस कार्रवाई के दौरान धर्मपाल और उसकी पत्नी इसी मामले में गुन्नौर एसडीएम न्यायालय में गए हुए थे। जबकि बुल्डोजर के साथ पहुंची राजस्व टीम निर्माण को ध्वस्त करा दिया। जैसे ही धर्मपाल की पत्नी आई तो वह जेसीबी के आगे खड़ी होकर विरोध करने लगी। जहां परिजनों ने भी विरोध जताया। उनका कहना था कि हमारे पास बैनामा के कागजात हैं, आरोप है कि किसी भी अधिकारी ने उनके कागजात नहीं देखे।



सम्भल-बैनामे के बाद भी मकान को ध्वस्त करता बुलडोजर जस्टिस।

# गुरु-शिष्य की परम्परा अखण्ड धारा : श्रीमाली

**सम्भल(शा.टा.ब्यूरो)।** शिवगोरख युवा वाहिनी सेवादल द्वारा प्राचीन सिद्वपीठ पातालेश्वर महादेव पक्का बाग सराय तरीन में चल रही योगेश्वर भगवान श्रीगोरखनाथ अमर गाथा के दुसरे दिन गुरु शिष्य शिक्षा दीक्षा का प्रसंग सुनाते आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली ने कहा की गुरु शिष्य परम्परा की शुरुआत आदि काल से ही चली आ रही है। और यह गुरु शिष्य परम्परा से ही सम्भव हुआ है की आदि युग का ज्ञान सनातन धर्म के रुप में आज तक चली आ रही है। सृष्टि के प्रारम्भ से ही हमारे श्रृषि मुनि गुरु सदगुरु संत महात्मा आदि अपने गुरुओं से प्राप्त ज्ञान और दुर्लभ जानकारियाँ अपने शिष्यों को साझा कर आगे बढ़ाते रहे हैं और इस तरह आदि काल से चला आ रहा सनातन धर्म का दिव्य ज्ञान आज तक भारत वर्ष में सुरक्षित रह सका है।हमारे देश भारत वर्ष में चली आ रही गुरु शिष्य परम्परा चेतना की अखण्ड धारा बनकर उभरी हैं।

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से महिला का मकान गिरा



सम्भल- बाढ़ की चपेट में आकर मलबे का ढेर बना महिला का मकान।

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गंगा में बढ़ रहा जल स्तर गंगा किनारे बसे गांवो के लिए खतरा मंडराने लगा है। बाढ़ का पानी आने से एक मकान भरभराकर गिर गया। दैवीय आपदा के प्रकोप में मकान में रखा सामान मलबे में दब गया।

विकासखंड गुन्नौर क्षेत्र के बन्दा के किनारे रानीगंज मजरा शहाजानानाबाद गांव बसा है। गंगा में जल स्तर बढ़ जाने से गांव की ओर आने लगा है। गांव निवासी एक गरीब महिला भूदेवी पत्नी अमर सिंह का मकान बांध के निकट स्थित है। गंगा का जल स्तर बढ़ जाने से उसका पानी गांव की ओर बढ़ने लगा है। पानी आ जाने से असहाय गरीब महिला का मकान भरभरा कर गिर गया। गरीब महिला ने बड़ी मुश्किल से महनत मजदूरी करके बनाया था। जबकि मकान गिरने से महिला के पास रहने का संकट पैदा हो गया है। बताते हैं महिला मकान बनाने की स्थिति में नही है। गांव निवासी लोगों का कहना है प्राकृतिक आपदा राहत कोष अथिवा अन्य योजना से सहायता मिल जाये तो गरीब अपने मकान का निर्माण कर जीवन-यापन कर सकती है। महिला ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार लगायी है।

# कोआर्डिनेशन समिति करेगी पंजाब का भ्रमण



**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पंजाब बाढ़ सहायतार्थ कोआर्डिनेशन की महत्वपूर्ण बैठक में सेवा का निरंतर जारी रखने के लिए आपसी सहमति से समिति का गठन कर दायित्व सौंपे गए।

इस अवसर पर सरकड़ा कमालगुरूद्वारा साहिब को एक केन्द्र के रूप में रखने का निर्णय लिया जबकि समिति का गठन कर सरदार जगीत सिंह को इसके अध्यक्ष और सुमेधा चोटीपुरा व सरदार कामेन्द्र सिंह सरकड़ा कमाल को संरक्षक का दायित्व दिया गया। इसके अलावा पूर्व सहायक कमिश्नर निवासी ग्राम हाजीबेड़ा दयानंद सिंह को जनरल सैक्रेटरी और प्रधान सचिन चौधरी व सरदार सामेन्द सिंह सरकड़ा कमाल तथा समाज सेवी मुशीर खां तरीन को उपाध्यक्ष बनाया गया। राजवीर सिंह बड़ा ताजुददीन, सतवीर सिंह हरिपुर मिलक, विजयपाल सिंह एचवाड़ा, समता सिंह पपसरा, खिलेन्द्र सिंह चाहल चौथ, चमन सिंह मैहम्दी, सरदार प्रहलाद सिंह (खण्डसाल) को समिति के सलाहाकार का दायित्व दिया गया। पुनम, मनीष चौधरी महमूदपुर कुंज, जगजीत सिंह धनौरा, तेजवीर सिंह अलूना मो मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान निर्णय लियाा गया 23 सितम्बर को कोर्डिनेशन कमेटी पंजाब जायेगी और वहां जाकर गांवो का भ्रमण करने कर कुंछ गांवो को चिन्हित करके उन्ही गांवो की निरंतर सेवा मुरादाबाद मंडल की ओर से की जायेगी। जिसके लिए एक बस की व्यवस्था की गई है।



बबराला- बारिश से बढ़ते जलस्तर से गंगा में बहता पानी।

# बारिश से गंगा का जलस्तर बढ़ा

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** बारिश के चलते राजघाट गंगा घाट के बबराला गंगा घाट पर गंगा का जल स्तर बढ़ गया। जिसके चलते गंगा घाट पर स्नानार्थियों से सावधानी से स्नान करने की प्रशासन व समिति ने चेतावनी दी है।

राजघाट गंगा घाट के बबराला गंगा घाट पर गंगा का जल स्तर बढ़ गया। मॉं गंगा जन कल्याण समिति बबराला के आरती पुरोहित सत्यम मिश्रा ने कहा कि लोगों को जल का स्तर बढ़ा होने के कारण लोगों को ज्यादा गहरे तक में जाने से समिति सदस्यों व गोताखोरो ने मना कर दिया है। राजघाट गंगा के गोले पर पानी के वहाव तेज चल रहा है। गंगा में जल बढ़ने से गंगा किनारे के बसे गांव के ग्रामीणों को बाढ़ की चिंता सताने लगती है।सोमवार को नरौरा बैराज पर शाम 5 बजे 80447 क्यूसेक पानी डाउन पर चल रहा है। जबकि मंगलवार को शाम 6 बजे 99613 क्यूसेक पानी डाउन में था।इसमें वृद्धि हो रही है। गुन्नौर उपजिलाधिकारी अवधेश वर्मा ने बताया कि जल पर पूरी तरह से निगरानी रखी जा रही बाढ़ चौकियां स्थापित हैं। क्षेत्र में जल के बढ़ते -घटते जल स्तर पर प्रशासन की पैनी नजर है।

# पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने पटाखा गोदामों का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अगले माह दीपावली का त्यौहार है ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह से संजीदा नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में एसीएम प्रथम और सीओ कटघर ने कटघर थाना प्रभारी के साथ महानगर के कई इलाकों में पहुंचकर पटाखों के गोदामों का निरीक्षण कर वहां पर आग से बचाव के उपकरण के साथ ही पटाखों के गोदामों के लाइसेंस आदि का भी निरीक्षण किया।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा पटाखा गोदामों पर पहुंचकर निरीक्षण किए जाने की घटना से पटाखा गोदाम स्वामियों में हड़कंप मचा रहा। बता दें की बुधवार को सीओ कटघर आशीष प्रताप सिंह, एसीएम प्रथम माधव उपाध्याय,कटघर थाना प्रभारी संजय सिंह ने देवपुर कल्याणपुर देहरी गांव हनुमान मूर्ति पंडित नगला आदि इलाकों में पहुंचकर पटाखों के गोदाम का निरीक्षण किया और गोदाम पर आग से बचाव के उपकरण चौक करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्थाओं आदि का जायजा लेने के साथ पटाखा गोदाम स्वामियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के पटाखा गोदामों पर निरीक्षण की घटना से गोदाम स्वामियों में हड़कंप मचा रहा।

# मुड़िया जैन गांव पहुंचे डीएम व एसएसपी घायल व मृतकों के परिजनों से की मुलाकात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बिलारी तहसील के गांव मुढ़िया जैन में जब देहरादून में बादल फटने के हादसे में जान गवाने वाले लोगों के शव जब बुधवार को गांव पहुंचे तो, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं मृतकों के परिवारों में चीख पुकार मच गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी गांव में पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मुलाक. ात की और शोकाकुल परिवारों को सांत्वना प्रदान की। बुधवार को जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के द्वारा थाना सोनकपुर क्षेत्र के ग्राम मुढ़िया जैन में उत्तराखंड के देहरादून में आई भीषण बाढ़ त्रासदी में घायल व मृतकों के परिजनों से मुलाक. ात कर संवेदना व्यक्त की गई तथा प्रशासन द्वारा शोकाकुल परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।बताते चलें कि देहरादून में मंगलवार सुबह बादल फटने से भारी तबाही हुई है। देहरादून में आसन नदी में परवल के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठे 14 मजदूर नदी में बह गए।

आठ लोगों के शव अलग-अलग जगहों से बरामद हुए हैं। इस तबाही में मुरादाबाद के मुंडिया जैन गांव निवासी हर चरण सैनी, उनकी पत्नी सोमवती, बहू रीना समेत छह लोगों की मौत हो गई। जबकि हरचरण के दो बेटे राज. कुमार, होराम और एक महिला सुंदरी समेत छह मजदूर लापता हैं। इस हादसे में सुंदरी के पति मदन की भी जान चली गई। बुधवार को जब देहरादून से हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के शव गांव पहुंचे तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस और अप्रशासनिक अधिकारियों ने भी गांव में पहुंचकर घायल व मृतको के परिजनों से मुलाक. ात की और अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करने के साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## एक नजर

## देहरादून हादसे पर पूर्व मंत्री हाजी अकबर हुसैन ने जताया दुख



**बिलारी।** देहरादून में बादल फटने से हुए दर्दनाक हादसे ने बिलारी विधान सभा के गांव मुंडिया जैन को गहरे शोक में डाल दिया है। इस हादसे में गांव के 11 लोग पानी के तेज बहाव में बह गए थे, जिनमें से अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है, 2 अभी भी लापता हैं और 2 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री हाजी अकबर हुसैन मृतकों के परिजनों से मिलने गांव मुंडिया जैन पहुंचे। उन्होंने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और प्रभावित परिवारों को ढांढस बंधाया। हाजी अकबर हुसैन ने कहा कि यह अत्यंत हृदयविदारक घटना है, जिसमें कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने प्रशासन से लापता लोगों की तलाश तेज करने और घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की मांग की। गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरा गांव एकजुट होकर इस संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है।

# बादल फटने से देहरादून में मरे लोगों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** बादल फटने से देहरादून में मरे लोगों की आत्मा शांति के लिए शोक सभा का आयोजन सपा नेता कयामुद्दीन सैफी के आवास पर किया गया और देहरादून में मरे लोगों की आत्मा शांति के लिए मोमबत्ती जलाकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। बताया गया की नदी में मुरादाबाद जनपद के मुड़िया जैन गांव के लोग भी मौत का शिकार हुए इस घटना पर सभी ने दुख व्यक्त किया और इस तरह के हादसो को लेकर सतर्कता बरतने की अपील करते हुए उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की।

इस मौके पर गोविंद कुमार आरिफ लखीराम अंकित कुमार मोहम्मद शाकिर महेश चौहान अंकित यादव आदि उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता से मारपीट कर , झूठे मुकदमे में फंसाने की दी धमकी तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** नगर में अधिवक्ता के साथ मारपीट कर जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप में अधिवक्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। नगर के मोहल्ला बहेड़ावाला वार्ड 18 निवासी अधिवक्ता मौ० कासिम फरीदी पुत्र नजाकत हुसैन कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह दोपहर को अपने घर लौट रहे थे। तभी मोहल्ला बहेडोवाला वार्ड नं. 7 निवासी दानिश पुत्र रईस ने रास्ते में रोक लिया और पुराना हिसाब चुकता करने की बात कहकर उलझ पड़ा। उनके माल में आग लगाकर नुकसान पहुँचाया जाएगा। घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और अधिवक्ता को बचाया जाते-जाते आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया अधिवक्ता कासिम फरीदी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी दानिश के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# मुड़िया जैन गांव के आधा दर्जन लोगों की मौत से गांव में पसरा मातम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** देहरादून में बादल फटने के हादसे में मुरादाबाद के छह लोगों की मौत के बाद गांव मुड़िया जैन में मातम पसरा गया है। वहीं इस हादसे में मुरादाबाद के तीन मजदूर लापता है जबकि दो घायल है।

बताते चले कि मुरादाबाद जनपद के बिलारी क्षेत्र के गांव मुड़िया जैन के मजदूरों के साथ उत्तराखंड के देहरादून में बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, ये सभी मजदूर खनन का काम कर रहे थे। इसी दौरान मंगलवार की सुबह अचानक बादल फट गया और भारी मात्रा में पानी आ गया। तेज बहाव में मजदूर बह गए। हादसे में एक ही गांव के 11 मजदूर पानी में डूब गए, जिनमें से 6 की मौत हो गई, जबकि 3 मजदूर अभी भी लापता हैं। स्थानीय प्रशासन और राहत-बचाव दल लापता लोगों की तलाश में जुटा हुआ है। वहीं, 2 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव में एक साथ इतने लोगों की मौत की खबर से कोहराम मचा हुआ है। परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशास. निक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। मुरादाबाद जिला प्रशासन की तरफ से भी एक टीम को देहरादून के लिए रवाना कर दिया गया है।

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपाइयों ने चलाया सफाई अभियान



**कांठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में आज से सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया गया आज पहले दिन कासमपुर गांव के मंदिर पर भाजपा नेताओं ने साफ सफाई करके कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। बताया गया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस तक 2 अक्टूबर तक संचालित होगा और काठ मंडल के सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता सेवा पखवाड़े का संचालन करेंगे। आज के कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान देवराज सिंह जाटव सत्यवान सिंह राजपूत पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति प्रमोद चौहान देवेंद्र सिंह चंचल पाल हरि सिंह जाटव नेपाल सिंह गोरव बिश्नोई अभय बिश्नोई जीतू वर्मा ओमप्रकाश सिंह नीरज बिश्रोई रिजवान अल्वी प्रमोद कुमार बलवंत सिंह सुनील कुमार पारुल चौहान राम सिंह इंद्रपाल सिंह सत्येंद्र चौहान अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## एसवी चिल्ड्रन एकेडमी में मेधावी छात्र छात्राओं एवं शिक्षिका को किया जाएगा सम्मानित

**कांठ।** भारत विकास परिषद शाखा कांठ के तत्वाधान में 18 सितंबर को ष्गुरु वंदन- छात्रअभिनंदनष कार्यक्रम नगर के एसव वीव चिल्ड्रन एकेडमी में सुबह 7:45 आयोजित किया जाएगास यहां मेधावी छात्र-छात्राओं एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगास यह जानकारी बुधवार की शाम भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई एवं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता ने देते हुए बताया विभिन्न कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा सनगर एवं क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में यह कार्यक्रम होगा जिसकी सूची तैयार हो गई है।

# विकास की इस दौड़ में दिखाई दे रहा कथनी और करनी का फर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** विकास की इस दौड़ में कथनी और करनी का फर्क खुशहालपुर गांव के पास साफ दिखाई दे रहा है। दर्जन भर गांवों को जाने वाला यह रास्ता विकास की बाट जोह रहा है क्षेत्र के लोग इस पानी भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। हम ब्लॉक छजलैट के गांव खुशहालपुर मार्ग की बात कर रहे हैं। इस रास्ते से आसपास के दर्जन भर से ज्यादा गांव के लोग गुजरते हैं खुशहालपुर गांव और इससे आगे के गांव के छात्र भीकनपुर पढ़ने के लिए आते हैं लेकिन इस रास्ते की हालत यहां के विकास की स्थिति साफ बयां कर रही है। बरसात से पहले ही इस मार्ग पर काफी गड्ढे हो गए थे। लेकिन अब बारिश शुरू हुई तो इन गड्ढो में जल भराव की समस्या पैदा हो गई। जल भराव इतना हुआ के सड़क भी उखड़ गई गांव के छात्रों को स्कूल आने-जाने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा किसानों को जंगल जाने के लिए भी मुसीबत भरा सफर तय करने को मजबूर होना पड़ा ग्रामीणों ने कई बार जिम्मेदार लोगों से इस मार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग उठाई मगर भरोसा तो सब ने दिलाया लेकिन मौके पर जाकर किसी ने काम कराना मुनासिब नहीं समझा।

लोगों का कहना था कि चुनाव के वक्त नेता बड़े-बड़े वादे करते हैं लेकिन इसके बाद उनकी तरफ आकर देखना भी जरूरी नहीं समझा जाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है जगह-जगह पर सड़कों के निर्माण हो रहे हैं लोगों की सुविधाओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की जा रही है प्रदेश प्रगति की ओर अग्रसर है मगर खुशहालपुर गांव का यह रास्ता कथनी और करनी का फर्क साफ दिखा रहा है। इस मार्ग से गुजरने वाले गांव के लोगों ने इस सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग उठाई है।



# स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े मे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अन्तर्गत आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठी खिदमतपुर मे महिलाओं को मातृ शिशु सुरक्षा, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में नामांकन,आयुष मान वंदना कार्ड, सिफल सेल कार्ड,आभा आई डी कार्ड,वाल विकास पुष्टाहार विभाग की मुख्य सेविका ने जानकारी दी। बताया कि पोषण माह का आरम्भ हो चुका है हर एक केन्द्र पर लाभार्थियों को पोषाहार वितरण किया जाना है। इस मौके पर भाजपा नेता डाख अंगद चौहान चौहान, शाहिन बजरुददीन ग्राम प्रधान शाहुपुर , अनिता देवी मुख्य सेविका बाल विकास विभाग, नीलम देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, चेतन कोर, ममता, सीमा, कंचन, विनेश, भूवनेश्वरी, रीता देवी आख वाख कार्यकत्री, दिनेश देवी, मुनेश आशा वर्कर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की समस्त टीम उपस्थित रही।

## श्री रामलीला झंडे की भव्य शोभायात्रा 19 सितम्बर को

**ठाकुरद्वारा।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री रामलीला अभिनयन स्थल से श्री रामलीला झंडे की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शुक्रवार 19 सितम्बर को प्रात: 10 बजे पूजन-अर्चन के उपरांत यह शोभायात्रा प्रारम्भ होगी। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गोंकृबड़ा बाजार, कोतवाली गेट, बस स्टैंड, तहसील वाले मंदिर होकर दरशहरा मेला स्थल, कमलापुरी रोड, भमालपुरा तक पहुंचेगी, अभिनय समिति ने नगरवासियों सहित सभी धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने और यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया है।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र सरफ़राज व पुत्रवधू श्रीमती सानिया को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **अहमद हसन पुत्र श्री मुबारक शाह निवासी मौहल्ला फतेहपुरी वार्ड-9 कस्बा व थाना भोजपुर तहसील ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद।**

## विधायक ने किया रक्तदान शिविर का शुभारम्भ



**मूढ़ापांडे।** स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का पंजीकरण और ई-कार्ड एवं आयुष्मान भारत स्वास्थ्य आभा कार्ड का वितरण भी किया गया। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री मोदी की देशवासियों को स्वस्थ और निरोगी रखने की मंशा पर जोर दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मुंडापाण्डे पांडे नवदीप यादव, एडीओ पंचायत देवेश कुमार कन्हैया, खंड शिक्षा अधिकारी राजेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीन श्रीवास्तव , चिकित्सा अधीक्षक मुंडापांडे डॉ प्रदीप दिवाकर, डॉ अविनाश कुमार सिंह सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## निरंकारी सत्संग ने किया एक दिवसीय सेवा दल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**डिलारी।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव करनपुर में ब्रांच करनपुर चौराहा में एक दिवसीय सेवा दल के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुरादाबाद क्षेत्र के क्षेत्रीय संचालक प्रवीण कुमार ने की प्रवीण कुमार ने उपस्थित सभी सेवादल के भाई बहनों फिजिकल एक्टिविटी के द्वारा प्रशिक्षण दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण में सेवादल के भाई बहनों को दाएं मुड़, पीछे मुड़, मार्चिंग गीत, कदमताल, गुरु पूजा गीत, सेवा दल प्रार्थना के बारे में विस्तार से समझाया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर बाबू सिंह, कमल कुमार, महेंद्र सिंह, विनोद कुमार, पप्पू सिंह, किशन सिंह ,पवन कुमार, किशनपाल, सोमपाल सिंह, रामकुमार सिंह ,रोशन सिंह, सतीश कुमार ,ग्राम प्रधान रेखा देवी, अनीता देवी, ज्योति सिंह, नीतू देवी, कामिनी, पूनम, ओमवती, ज्योति ,कमलेश, निधि, सविता देवी, आस्था, वंशिका आदि उपस्थित रहे।

# टीएमयू में पीएम के बर्थ-डे पर टीबी रोगियों को 126 पोषण पोटली वितरित

**खास बातें**

- कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन के संग-संग निदेशक प्रशासन श्री अभिषेक कपूर ने टीबी रोगियों को पोषण पोटली देकर नि:क्षय मित्र प्रोग्राम का किया श्रीगणेश, गोद लिए इन रोगियों को टीबी समाप्ति तक हर माह दी जाएंगी पोषण पोटली।




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 75वें बर्थ-डे पर 126 टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटलियां वितरित की गईं। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने टीबी रोगियों को पोषण पोटली देकर नि:क्षय मित्र प्रोग्राम का श्रीगणेश किया।

इन पोषण पोटलियों में प्रोटीनयुक्त आहार जैसे- सोयाबीन, मूंगफली, गुड़, भुना चना, दलिया/सत्तू, बादाम आदि हैं। ये पोषण पोटली पेशेंट के इलाज कोर्स की समाप्ति तक दी जाएंगी। निदेशक प्रशासन श्री अभिषेक कपूर ने भी पोषण पोटली बांटी। दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज लेक्चर थियेटर कॉम्प्लेक्स में नि:क्षय मित्र समारोह की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के संग हुई। इस सुअवसर पर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, डीन एकेडमिक्स- मेडिकल प्रो. एसके जैन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, डब्ल्यूएचओ की कंसल्टेंट डॉ. रेनू डोफे, डीटीओ डॉ. नरेन्द्र कुमार कुरेचिया आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। टीएमयू हॉस्पिटल में आज से प्रधानमंत्री के आगामी जन्मदिन यानि 17 सितंबर 2026 तक हर माह 300 महिलाओं की नि:शुल्क डिलीवरी योजना का शुभारम्भ भी हो गया है। संचालन जूनियर रेजिडेंट डॉ. मनीषा राजक ने किया। मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह ने समारोह में बोलते हुए कहा, किसी भी मरीज के लिए दवा के संग-संग पौष्टिक आहार भी जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई, यह पोटली टीबी रोगियों के लिए हैल्दी डाइट साबित होगी। साथ ही उन्होंने यशस्वी प्रधानमंत्री के विजन स्वास्थ्य अभियान- स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार की चर्चा करते हुए कहा, नारी है तो हम हैं। प्रो. सिंह बोले, पुरूष समाज को भी नारी के स्वास्थ्य को लेकर फिक्रमंद रहना चाहिए। डीन एकेडमिक्स- मेडिकल प्रो. एसके जैन बोले, इस महायज्ञ में मेडिकल के यूजी और पीजी स्टुडेंट्स की भागीदारी शुभ संकेत है। वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा ने कहा, स्वस्थ राष्ट्र के लिए स्वस्थ समाज का होना जरूरी है। प्रोग्राम में श्वांस रोग विभाग के एचओडी प्रो. मजहर मकसूद, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की एचओडी प्रो. साधना सिंह, ऑब्स एवम् गायनी विभाग की एचओडी प्रो. मनप्रीत कौर तहेलिया, पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी, पीडियाट्रिक विभाग की एचओडी प्रो. रूपा सिंह आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। दूसरी ओर नेशनल मेडिकल काउंसिल और मिनिस्ट्री ऑफ हैल्थ एंड फैमिली वेलफेयर के दिशा-निर्देशों के अनुसार आज से 02 अक्टूबर तक स्वास्थ्य अभियान- स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत टीएमयू मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से स्वास्थ्य शिविर का भी शंखनाद हो गया है।

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** 701 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 13.10.2025
**मौ० नईम बनाम हरिशंकर आदि।**
**बनाम**
1. हरिशंकर, 2. राजेश कुमार पुत्रगण गंगा सरन निवासीगण मौहल्ला बल्लभ मण्डी चौक हाल निवासी दिल्ली रोड, पार्श्वनाथ प्लाजा के सामने समोसम फैक्ट्री तहसील व जिला मुरादाबाद, 3. वेद प्रकाश, 4. सत्यप्रकाश पुत्रगण जय सिंह निवासीगण ग्राम मझौली चौराहा, तह. व जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित वादी द्वारा इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 13.10.2025 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपए अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो। यदि ऐसा करने में असफल रहते है तो उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 17.09. 2025 दिवस को निकाली गई।
**प्रबंधक/वाद लिपिक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**न्यायालय अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-06 महोदय, मुरादाबाद।**
**सिविल अपील सं०** 58 सन् 2024
**तारीख पेशी:** 22.09.2025
**दीपक बनाम अनुज कुमार**
**बनामजी बहुकुम अदालत श्रीमान अपर सिविल जज ( जू.डि. ) कोर्ट नं०3, महोदय, मुरादाबाद।**
**अपील वजीरया:** 16.01.2024
**वमुकदमा: मूलवाद सं.** 1316/2019
1. अनुज कुमार पुत्र स्व. श्री रणधीर सिंह यादव, 2. मनोज कुमार पुत्र स्व. श्री रणधीर सिंह यादव निवासीगण वार्ड नम्बर-4, कोतवाली ठाकुरद्वारा तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद-244601
मुत्तिला ही अपील वनरजी डिग्री मुकदमा मुन्दर्जा वादे पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने तारीख वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है अगर खुद आप या आपका वकील या कोई शख्स जो कानून आपकी तरफ से अपील हाजा में बचाव व सवाल करने का मजाज हाजिर आयेगा तो उसको समाजत और तनवीज आपकी गैर हाजिरी में की जायेगी।

आज बतारीख 17 माह 09 सन् 2025 ई० मेरे दस्तखत और हर अदालत से जारी किया गया।
**प्रबन्धक**
**न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या -6,**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र शादाब खां पुत्र मौ. सलीम खान को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौ. शादाब खां के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
**मौ. सलीम पुत्र अहमद नबी निवासी थाना मुगलपुरा तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम **MOHAMMAD SHAYAN** पुत्र श्री मौ० शमीम है, जो उसके जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड सं0 360334803031 में उसका नाम **MOHD MUSAIB** अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम **MOHAMMAD SHAYAN** पुत्र श्री मौ० शमीम के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। एत्तद्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिक्तायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है।
**भवदीय-मौ0 शमीम पुत्र श्री मौ0 याकूब निवासी हाउस नं० 181/4, डेहरिया स्ट्रीट जिला मुरादाबाद।**

# विश्वकर्मा पूजा करने से जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं : जयवीर यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुधवार को सृष्टि के निर्माण करता, शिल्पकार विश्वकर्मा जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर वैदिक मंत्रोउच्चारण के बीच पूजा आरती कर विश्वकर्मा जी की जय जयकार की एवं प्रसाद वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा सृष्टि की शुरुआत में, जब कुछ भी नहीं था, तब भगवान विष्णु प्रकट हुए। उनकी नाभि से एक विशाल कमल निकला, और उस कमल से ब्रह्मा जी का जन्म हुआ। ब्रह्मा जी को सृष्टि का रचयिता माना जाता है। ब्रह्मा जी के कई पुत्र थे, जिनमें से एक का नाम वास्तुदेव था। वास्तुदेव को वास्तुकला और शिल्पकला का ज्ञान था। वास्तुदेव का विवाह धर्म की श्वस्तुश नामक स्त्री से हुआ था। इन दोनों के सातवें पुत्र के रूप में ऋषि विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता वास्तुदेव से उन्हें वास्तुकला का ज्ञान मिला और वह इस विद्या के महान आचार्य बन गए भगवान विश्वकर्मा को ब्रह्मांड का सबसे बड़ा शिल्पकार और वास्तुकार कहा जाता है। उन्होंने अपनी अद्भुत कला से कई दिव्य और महान चीजों का निर्माण किया। भगवान विष्णु के लिए सुदर्शन चक्र, पांडवों के लिए इंद्रप्रस्थ नगरी, द्वारका नगरी और सोने की लंका का निर्माण किया था। इसी कारण उन्हें शिल्पकारों का देवता माना जाता है। कार्यक्रम देहरादून मे बारिश से हुई तबाही और त्रासदी मे मुड़िया जैन गाँव के सैनी परिवार की हुई मौतो पर गहरा शोक प्रकट किया गया दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना कर दो मिनट का शोक रखा गया।




## नगर में मच्छरों के कारण वायरल बुखार, बड़े मरीज

**ठाकुरद्वारा।** नगर में इस समय मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिसके चलते - वायरल बुखार तेजी से बढ़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निजी अस्पतालों में वायरल बुखार के मरीजों - की भीड़ दिखाई दे रही है। नगर में दवा का छिड़काव न होने की वजह से मच्छरों की तादाद काफी बढ़ गई है। यह मच्छर दिनभर गंदे नालों और कूड़े वाले स्थानो पर अपना ठिकाना बनाए हुए हैं। शाम होते ही झुंड बनाकर उड़ते हैं। इसके चलते लोग शाम ढलते ही अपने घरों में कैद हो जाते हैं। सबसे अहम बात यह है कि साधन संपन्न लोग अपने संसाधनों से अपना बचाव कर लेते हैं। स्वच्छता और सफाई पर जहां सरकार बहुत सी योजनाएं चला रही है, लोगों को जागरुक कर तरह-तरह के बजट दे रही है, ऐसे में नगर में अभी तक मच्छरों के बचाव के लिए ना तो कोई फागिंग की व्यवस्था की गई है और न हीं कोई कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया गया है। नगरवासियों ने प्रत्येक वार्ड में फागिंग मशीन एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने की मांग की है।

# ताइक्वांडो खिलाड़ियों को राज्यमंत्री गुलाब देवी ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार को सुभाष रोड स्थित किड्स ताइक्वांडो अकादमी के खिलाडियों को माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी द्वारा कलर बेल्ट देकर किया सम्मानित किया और साथ ही सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल के तीन खिलाडिय्यों को जिन्होंने राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने ओर सीआईएससीई स्कूल गेम्स नेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप के लिए चयन हुआ। उन खिलाडियों को माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि सीआईएससीई स्कूल गेम्स नेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप 26 से 29 सितंबर तक तिरुपुर (तमिलनाडु) में होने वाली चौंपियनशिप में भी मोहम्मद अफ्फान, माधव पाराशरी और पार्थ शर्मा अच्छा प्रदर्शन करें और उत्तर प्रदेश व अपने स्कूल और चंदौसी का नाम रोशन करें शुभकामनाएं के साथ खिलाडियों को बधाई देते हुए सम्मानित किया और किड्ज ताइक्वांडो अकादमी के कोच अंकुश राणा को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष अभिनव शर्मा, संजय बंसल, जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा एड. चंद्रसेन दिवाकर उपस्थित रहे। सम्मानित खिलाडिय्यों में दक्ष कुमार सिंह, इबिसा, पंखुड़ी, श्रेय गोयल, विधि गोयल, कामना देवी अरोरा, शमून अंसारी, अनुदीप सिंह यादव, अभिमन्यु सिंह यादव, अभिमन्यु कश्यप, श्रावणी अग्रवाल, कशिका अग्रवाल, शिजा खान, कृतिका सिंह, अध्या गुप्ता, रोहिणी, अंशी गुप्ता, रोहित यादव आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पश्चिमी उत्तर प्रदेश में समीक्षा बैठक कार्यक्रम



**कुंदरकी।** प्रदेश अध्यक्ष/मंत्री प्रतिनिधि खुर्शीद आलम के आदेशानुसार जनपद बरेली व मुरादाबाद का दौरा किया तथा पदाधिकारियों के साथ बैठक की तथा पार्टी व खुर्शीद आलम की नीतियों को पार्टी कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा व संगठन विस्तार करने हेतु सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया वहीं आगामी पंचायत चुनाव को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की।

इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री पश्चिमी उत्तर प्रदेश नबी अहमद खान के कुंदरकी निवास पर हुई आयोजित ,प्रदेश महासचिव पश्चिमी आसिफ कुरैशी ,प्रदेश सचिव पश्चमी शकील अहमद सम्भल,प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चमी उत्तर प्रदेश अब्दुल नबी , प्रदेश सचिव बरेली हसन असगर तथा बरेली जिला अध्यक्ष साबिर अली के साथ साथ मण्डल अध्यक्ष वाजिद मलिक प्रदेश अध्यक्ष बादाम सिंह क्च। मुरादाबाद जी की मौजूदगी रही।

### सीडीओ की अध्यक्षता में हुआ किसान दिवस का आयोजन



**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। किसान दिवस में जनपद के बिलारी एवं बेलवाडा चीनी मिलों पर 50 करोड़ से अधिक गन्ना मूल्य अवशेष होने पर किसानों ने गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन मिलों पर गन्ना मूल्य बकाया है उनका उतने प्रतिशत गन्ने का क्षेत्र काट दिया जाये और किसानों के गन्ने को नियमित रुप से गन्ना भुगतान करने वाली चीनी मिलों को दे दिया जाये। किसानों ने विद्युत प्रकरणों का आंशिक निस्तारण कराने तथा विद्युत आरसी की वसूली रोके जाने, अधिक बिल आने, तार लटके होने संबंधी शिकायतों से अवगत कराया। विद्युत विभाग के प्रकरणों को सुनते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को मौके पर पहुंचकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। किसानों ने कृषि विभाग पर योजनाओं की जानकारी उपलब्ध न कराने एवं कृषि विभाग द्वारा किसानों को कृषि अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण न कराने का आरोप लगाया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ किसानों को प्रदान किए जाने के साथ ही कृषि अनुसंधान केन्द्र पर भ्रमण कराने के निर्देश उप निदेशक कृषि को दिए। किसान दिवस में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द्र, एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह, उप निदेशक कृषि, उपायुक्त मनरेगा, जिला कृषि अधिकारी सहित पंचायतीराज, पूर्ति, सिंचाई, कोआपरेटिव, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, चकबंदी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण व भारी संख्या में किसानगण मौजूद रहे।

## कोतवाली में जमकर हुआ हंगामा

**चन्दौसी।** लगभग दस माह पुराने प्रकरण में पुलिस बुधवार को दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। बताया जाता है कि मोहल्ला कायस्थान निवासी एक परिवार के खिलाफ दर्ज एफआईआर में दोनों भाई लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस गिरफ्त में आते ही कोतवाली परिसर में हंगामा खड़ा हो गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की मां और एक अभियुक्त की पत्नी भी पीछे-पीछे कोतवाली पहुंच गईं और उन्होंने पुलिस पर अनर्गल आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिसकर्मियों ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन महिलाएं नहीं मानीं। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस को साक्ष्य के तौर पर पूरा घटनाक्रम वीडियो रिकॉर्ड करना पड़ा, जिसमें महिलाओं का हंगामा स्पष्ट रूप से दर्ज हुआ है।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

**ठाकुरद्वारा।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख पति व चिकित्सा अधीक्षक ने फीता काटकर ने संयुक्त रूप से किया। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी व चिकित्सा अधीक्षक डॉ शिल्पी ने फीता काटकर ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जांच, जागरूकता एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की जाएंगी। चिकित्सकों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ रखकर परिवार व समाज को सशक्त बनाना है। अवसर पर डॉ नरेश डॉ आशु गुप्ता, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि ,शिवेंद्र गुप्ता, जितेंद्र चौहान, भूपेंद्र चौहान, जिला पंचायत सदस्य दिनेश प्रजापति, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजीव कुमार, मोहित कुमार, हर्ष कुमार सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन

**चन्दौसी।** बुधवार को एन.के.बी.एम.जी. पी.जी. कॉलेज में महाविद्याल प्राचार्या प्रो0 अलका रानी अग्रवाल के निर्देशन में महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ व निर्देशन प्लेसमेंट और परामर्श प्रकोष्ठ और जिला सेवायोजन कार्यालय संभल के तत्वाधान में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया। रोजगार म3ले में कंपनियों द्वारा महाविद्यालय की प्रतिभागी छात्राओं का आरंभिक स्तर पर चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला सेवायोजन अधिकारी संभल व महाविद्यालय की प्राचार्या के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में मेला प्रभारी गौरव पूठिया ने प्रतिभागियों को सेवा नियोजन बेवसाइट के विषय में जानकारी दी। साथ ही रोजगार पंजीकरण व मेले से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि आमिर जुबेर ने महिला सशक्तिकरण के लिए आत्मनिर्भरता को आवश्यकता बताया एवं महाविद्यालय की छात्राओं को रोजगार पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने छात्राओं को रोजगार मेले का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। साथ ही रोजगार मेला में उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा से रोजगार की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम बताया। रोजगार मेला में केएचवीडी टैक्नालॉजी प्राईवेट लिमिटेड, एक्सआईएचआई टेक्नालॉजी प्राईवेट लिमिटेड एवं इंडियन सिक्योरिटी फोर्स कंपनी के प्रतिनिधियों कामिनी वार्ष्णेय, अरविंद कुमार, अनिकेत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. रीता सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन आरती त्रिपाठी, डा0 अमिता चौधरी, डा. नीता गुप्ता आदि के निर्देशन में हुआ।

## त्रिवेणी शुगर मिल, रानीनांगल में श्रद्धा एवं उत्साह से विश्वकर्मा पूजा उत्सव मनाया

**ठाकुरद्वारा।** त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, शुगर यूनिट रानीनांगल में बुधवार को भगवान विश्वकर्मा पूजा उत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों एवं क्षेत्रीय कृषकों सहित तीन हजार से अधिक लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया तथा भंडारे में सहभाग किया। पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल छा गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रात: 9 बजे भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस अवसर पर महाप्रबन्धक (गन्ना) टी.एस. यादव, महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा) मृदुल कुमार महेश्वरी, महाप्रबन्धक (प्रोसेस) मनीष श्रीवास्तव, अपर महाप्रबन्धक (इंजीनियरिंग) सुखविंदर सिंह, उप महाप्रबन्धक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) अखिलेश्वर उपाध्याय सहित संस्थान के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शरीफनगर सीएचसी में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, भाजपा नेता ने किया शुभारंभ





**ठाकुरद्वारा।** शरीफ नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ करते भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत, बुधवार को शरीफनगर स्थित साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भव्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का विधिवत शुभारंभ भाजपा विधायक विधान सभा प्रत्याशी रहे ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न जनसेवा स्टॉलों का निरीक्षण किया और आमजन को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानक. ारी दी।

शिविर में प्रमुख रूप से नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना, निशुल्क जांच सेवाएं, टीकाकरण अभियान, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व मौके पर ही लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मण्डल अध्यक्ष हरिओम सिंह, कार्यक्रम संयोजक व मण्डल उपाध्यक्ष कपिल चौहान, सीएचसी अधीक्षक डॉ. इन्तखाब आलम, डॉ. रीता, भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक ब्रजराज सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा ललित चौहान, किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष स्वतंत्र एडवोकेट, मण्डल उपाध्यक्ष चन्द्रबोस गहलौत, बूथ अध्यक्ष भीम सिंह, सहदेव चौहान, तुलाराम सिंह, दीक्षित चौहान, हनी राणा, निश्चल गहलौत समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आये अतिथियों ने स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था और सेवाओं की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा जैसे आयोजनों से जनता को सीधा लाभ मिलता है और सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर तक पहुँचती हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर भाजपा युवा मोर्चा ने लगाया रक्तदान शिविर



**चन्दौसी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा संभल द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने फीता काटकर किया। शिविर में 22 स्थानीय लोगों एवं भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने रक्तदान के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया। सर्वप्रथम जीवनदाता रक्तदाता संस्था के संस्थापक व्यापारी नेता अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने रक्तदान किया। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने बताया कि रक्तदान का मुख्य उद्देश्य जहाँ जरूरतमंदों की मदद करना है, वहीं रक्तदाताओं के कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं। रक्तदान करने से आपकी फिटनेस में सुधार हो सकता है और आपका वजन भी स्वस्थ बना रह सकता है। नियमित रक्तदान से आपके शरीर में आयरन का स्तर स्वस्थ बना रहता है, जिससे बड़ी जटिलताओं का खतरा कम होता है। इस अवसर पर भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, आलोक शाक्य, चन्द्रसेन दिवाकर, शुभम पाठक, रित्विक सिंह, रतन वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, अंकित जैन, अभिनव शर्मा, सावन शर्मा, आशा गोस्वामी, उमेशचन्द्र शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई से अपंजीकृत चिकित्सकों में हड़कंप

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** जिले में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ मंगलवार को पुलिस, तहसील प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी छापामारी की। इस दौरान 35 अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अचानक हुई इस कार्यवाही से अपंजीकृत चिकित्सकों में हड़कंप मच गया है। बुधवार को ग्रामीण क्षेत्रों में इसका असर साफ दिखाई दिया। कुढफतेहगढ़ थाना क्षेत्र में संचालित अधिकांश क्लीनिक पूरी तरह बंद मिले। कई चिकित्सक अपने घरों से या नजदीकी अस्थायी स्थानों पर बैठकर मरीजों को देख रहे थे और दबाइयाँ दे रहे थे। आम लोगों ने भी इस कार्रवाई को लेकर चर्चा की और कहा कि प्रशासन की सख्ती से फर्जी अस्पतालों पर लगाम लगेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से बिना पंजीकरण के क्लीनिक चल रहे थे, जिससे मरीजों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा था। प्रशासन की इस कार्यवाही से जहाँ सही चिकित्सकों को राहत महसूस हुई है, वहीं अपंजीकृत अस्पताल संचालकों में भय का माहौल व्याप्त है।

# 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत चन्दौसी में स्वच्छोत्सव का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चल रहे 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत बुधवार को नगरपालिका परिषद चन्दौसी के अस्थायी कार्यालय गांधी पार्क से 'स्वच्छोत्सव' का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वाहन जनजागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें पालिका के सभी वाहनों को गुब्बारों और फूलमालाओं से सजाया गया।

रैली शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी और नगरवासियों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम तथा नगरपालिका सभासदों ने संयुक्त रूप से किया। पालिकाध्यक्ष ने वाहनों की पूजा कर हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के दौरान नगरपालिका द्वारा दी जाने वाली सेवाओं का प्रदर्शन किया गया और नागरिकों से अपील की गई कि वे शहर को साफ-सुथरा बनाने में सहयोग करें तथा कूड़े का सही तरीके से निस्तारण करें।

सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह ने प्रतिभागियों को शपथ दिलाई कि सभी लोग प्लास्टिक का उपयोग बंद करें, पेपर व जूट बैग अपनाएँ, पानी और ऊर्जा का संरक्षण करें, पर्यावरण की सुरक्षा हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें तथा स्वच्छता की शुरुआत स्वयं से कर आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण ही नागरिकों के जीवन को बेहतर बना सकता है। रैली शहर के मुख्य मार्गों से भ्रमण कर पुन: गांधी पार्क में आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक सुनील कुमार, ऋषभ चौहान, आईटीसी से करण सहित नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी, सफाई मित्र व बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।






## आईएफटीएम के फार्मेसी संकाय में 'राष्ट्रीय फार्मा कोविजिलेंस सप्ताह' कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में 'आपकी सुरक्षा, बस एक क्लिक दूर- पीवीपीआई को रिपोर्ट करें' थीम पर आधारित ''राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह'' कार्यक्रम का बुधवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के अध्यक्ष व फार्मेसी संकाय के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने बताया कि फार्मेकोविजिलेंस एक ऐसा विषय है जिसके माध्यम से कुछ दवाइयों द्वारा होने वाले साइड इफेक्ट्स की जानक. ारी प्राप्त की जा सकती है।

जिसका उद्देश्य प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं (एडीआर) की रिपोर्टिंग के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और भारत में फार्माकोविजिलेंस की महत्ता को बढ़ावा देना है। उन्होंने यह जानकारी दी कि 17 सितंबर से 23 सितंबर तक चलने वाले इस सप्ताह में 'आपकी सुरक्षा, बस एक क्लिक दूर- पीवीपीआई को रिपोर्ट करें' थीम पर लेक्चर सीरीज भी शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता वर्मा ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. मनीष मुनि, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. अलंकार श्रीवास्तव, डॉ. शाहबाज खान समेत कई अन्य शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा। अंत में डॉ प्रशांत उपाध्याय ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान 60 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद।**

**मूलवाद संख्या:**-281 सन् 2024

**तारीख पेशी:** 07.10. 2025

**नायाब आलम बनाम मुबीन अहमद आदि।**

**बनाम**

1. मोबीन अहमद उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र श्री बिलाल अहमद निवासी जिगर कालौनी, मुरादाबाद, 2. श्री अनिल रोबर्ट उम्र लगभग 70 वर्ष पुत्र श्री जान रोबर्ट, 3. कु. मधुलिका उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्री अनिल रोबर्ट, 4. श्री नमित रोबर्ट उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र श्री अनिल रोबर्ट समस्त निवासीगण मौहल्ला सिविल लाइंस, मिशन कम्पाउंड, शहर मुरादाबाद।

हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत स्थाई निषेधाज्ञा की डिक्री हेतु दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 07 माह 10 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत वकील के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दरख्वास्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 17 के माह 09 सन् 2025 को जारी किया है।

**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद।**

**सिविल वाद संख्या:** 110/2022

**तारीख पेशी:** 14.10.2025

**आजम अंसारी बनाम ताहिर हुसैन आदि।**

**बनाम**

1. ताहिर हुसैन पुत्र जाहिद हुसैन निवासी रहमतनगर जाहिद नगर तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. मौहम्मद इमरान पुत्र साजिद हुसैन निवासी असालतनगर तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद, 3. भूरा उर्फ रजा पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी रहमतनगर जाहिद नगर तहसील व जिला मुरादाबाद, 4. परवीन अख्तर पुत्री मौहम्मद आलम निवासी मौहल्ला झण्डेवालान चौकी हसन खां तह. व जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित वादी द्वारा इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 14.10.2025 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपए अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो। यदि ऐसा करने में असफल रहते है तो उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 17.09. 2025 दिवस को निकाली गई।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०)/एफटीसी, जनपद-मुरादाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रूपपुर टंडोला
### विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: 01/पंचम वित्त/15वां वित्त/मनरेगा/अन्त्येष्टि/निविदा/ 2025-26 दि. 16.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचायती राज विभाग उ.प्र. शासन द्वारा विकास खण्ड ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत रूपपुर टंडोला विकास खण्ड ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत रूपपुर टंडोला में पंचम वित्त/15वां वित्त/अन्त्येष्टि स्थल निर्माण निधि/मनरेगा/अन्य संसाधन से प्राप्त धनराशि योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सीलबंद निविदाएं दिनांक 18.09.2025 से दिनांक 25.09.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती है एवं उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे पर अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्राक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाकखाने की पासबुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी। जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( रू. लाख में ) | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रूपपुर टंडोला | अन्त्येष्टि स्थल पर टीनशेड व पिंडेदान निर्माण कार्य। | 413434.00 | 8268/- | 500/- | 1 माह |
| 2 | ,, | विनोद के घर से सोरन कुमार के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 966100.00 | 1932/- | 500/- | 1 माह |
| 3 | ,, | सचिन के घर से कृष्ण कुमार के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 139014.00 | 2780/- | 500/- | 1 माह |
| 4 | ,, | होली चौक से ओमप्रकाश और धर्म सिंह के घर तक सीसी रोड नाली निर्माण कार्य। | 203673.00 | 4073/- | 500/- | 1 माह |
| 5 | ,, | स्कूल में गेट निर्माण कार्य। | 134120.00 | 2682/- | 500/- | 1 माह |

1. उपरोक्त कार्यो की निविदा 25/09/2025 को प्रेषित सीलबंद लिफाफे पंचायत भवन का प्रशास. निक समिति के समक्ष खोले जायेगे। जिसका समय 03.00 बजे होगा।
2. निविदादाता फर्मो को जीएसटी रजिस्ट्रेशन फार्म/पेन देना अनिवार्य होगा।
3. निविदा खोले जाने पर ग्राम पंचायत का निर्णय अन्तिम होगा। किसी भी प्रकार का वाद या दावा स्वीकार नहीं होगा और न ही किसी न्यायालय में इस वाद को रखा जायेगा। उपरोक्त नियम व शर्तो के आधार पर अपनी सीलबंध लिफाफे ग्राम पंचायत कार्यालय में 25.09.2025 तक दे सकते है।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत रूपपुर टंडोला**
**वि० खं० ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

## उत्तर रेलवे
### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 174-DRM-MB-25-26, dt. 15.09.2025 |
| कार्य का नाम | Loading, leading, unloading and stacking of P.way materials PSC line sleeper, T/Out sleepers, TWS, CMS, SEJ, Glued joints OR switch and rails etc from track depot CBJ or any SSE/P.Way or plants to various site of work in the whole division under Sr DEN/C/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 09.10.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 hrs |
| अनुमानित लागत | 3,21,06,653.51 |
| धरोहर राशि | 3,10,500.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | Nil |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 25.09.2025 |

टेन्डर न. 75/W/2/3/WA/DEN/T/T. Notice दिनांक 16.09.2025 2852/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारत का क्लीन स्वीप

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी की बुधवार को जारी हुई टी-20 वीकली रैंकिंग में बैटर, बालर और ऑलराउंडर तीनों कैटेगरी में ही भारतीय खिलाड़ी टॉप पर हैं। यहां तक कि टी-20 टीम रैंकिंग में भी भारतीय टीम टॉप पर है। ऐसा पहली बार हुआ है कि एक ही टीम और उसके खिलाड़ियों ने किसी एक फार्मेट की सभी चार कैटेगरी में नंबर-1 स्थान हासिल किया है। पहली बार वरुण चक्रवर्ती टॉप बालर बने हैं। वरुण टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बनने वाले तीसरे भारतीय प्लेयर हैं। उनसे पहले जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। बैटर अभिषेक शर्मा अपने करियर की हाईएस्ट रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं।

**● नंबर-1 टीम, बैटर्स में अभिषेक, बॉलर्स में वरुण और ऑलराउंडर्स में हार्दिक टॉप पर ऐसा पहली बार हुआ**

वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या टॉप पर हैं। वरुण चक्रवर्ती का एशिया कप में शानदार प्रदर्शन जारी 34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में भी अच्छा प्रदर्शन जारी है। उन्होंने यूएई के खिलाफ दो ओवर में सिर्फ 4 रन देकर 1 विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ चार ओवर में 24 रन देकर 1 झटका था। उन्होंने रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाई हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को पीछे छोड़ा। बैटिंग में अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार हैं। उन्होंने 14 सितम्बर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 31 रनों की पारी खेली थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जबकि साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस दो स्थान के फायदे के साथ 11वें स्थान पर और एडेन मार्करम 10 स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पंडड़ा पहले नंबर पर भारतीय स्टार हार्दिक पंडड़ा टी-20 इंटरनेशनल आलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के सईम अयूब चार स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर और अभिषेक चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

● विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप ●

# नीरज चोपड़ा ने किया क्वालीफाई



**● नीरज चोपड़ा ने टोक्यों नेशनल स्टेडियम में क्वालिफायर के ग्रुप-ए में 84.85 मी. भाला फेंककर पदक दौड़ में आसानी से अपनी जगह पक्की कर ली**

**टोक्यो, वार्ता।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को गुरुवार को 84.85 मीटर भाला फेंककर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के भाला फेंक फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को टोक्यो नेशनल स्टेडियम में क्वालीफायर के ग्रुप ए में 84.85 मीटर भाला फेंककर पदक दौर में आसानी से अपनी जगह पक्की कर ली। स्वत: योग्यता सीमा 84.50 मीटर निर्धारित की गई थी। 27 वर्षीय भारतीय एथलीट ने अपने ग्रुप में शुरुआत की और अपने पहले ही थ्रो में इस सीमा को पार कर लिया। नीरज चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 90.23 मीटर है। जो भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में दोहा डायमंड लीग में हासिल किया था। जर्मनी के जूलियन वेबर, जो वर्तमान में दुनिया के शीर्ष पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी हैं, अपने पहले ही थ्रो में चूक गए। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम क्वालीफायर ग्रुप बी में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। भारत के रोहित यादव और यशवीर सिंह भी इस ग्रुप में हैं। कुल मिलाकर, 37 में से 12 एथलीट फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। स्वचालित योग्यता सीमा को पार करने वालों को छोड़कर, अगले सर्वश्रेष्ठ थ्रोअर को कोटा पूरा होने तक कट में जगह मिलेगी। दो साल पहले बुडापेस्ट में हुए पिछले विश्व चैंपियनशिप में, नीरज चोपड़ा ने 88.17 मीटर थ्रो के साथ एथलेटिक्स में भारत के पहले विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया था। अरशद नदीम ने 87.82 मीटर के साथ रजत पदक जीता था। कल टोक्यो में नीरज बनाम नदीम का एक और मुकाबला देखने को मिल सकता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पाकिस्तान ने एशिया कप से हटने की धमकी वापस ली

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान ने एशिया कप से हटने की अपनी धमकी वापस ले ली है। मंगलवार 16 सितम्बर को पीसीबी ने आईसीसी को दूसरा मेल भेजा, इसमें रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को पाक के सभी मैचों से हटाने की मांग की गई है। बोर्ड ने कहा है कि टीम के बाकी बचे मैचों के लिए जिम्बाब्वे के पाइक्राफ्ट की जगह रिची रिचर्डसन को नियुक्त किया जाए, लेकिन अभी तक आईसीसी ने इस पर कोई सहमति नहीं जताई है। 14 सितम्बर को पाक का सामना भारत से हुआ था। भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम हमले के विरोध में पाक खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। पीसीबी ने भारतीय खिलाड़ियों के व्यवहार को खेल भावना के विपरीत बताया था और पाइक्राफ्ट पर ठीक से काम न करने का आरोप लगाया था।

### सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन व आत्मविश्वास जरूरी: ओलंपियन हार्दिक सिंह

**जालंधर, वार्ता।** सुप्रसिद्ध सुरजीत हॉकी अकादमी, जालंधर, जो लंबे समय से युवा हॉकी खिलाड़ियों को प्रेरित करने और उनके कौशल को निखारने के लिए अंतर्राष्ट्रीय तथा ओलंपिक हॉकी खिलाड़ियों को आमंत्रित करती रही है, ने बुधवार को एक और प्रेरणादायक आयोजन किया। ओलंपिक हॉकी मेडलिस्ट हार्दिक ने अकादमी का दौरा किया और उभरते हुए खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा किये। अकादमी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने हार्दिक सिंह का क्लब के खिलाड़ियों से परिचय करवाया और उनका स्वागत किया। हार्दिक ने खिलाड़ियों को हॉकी की विभिन्न तकनीकों, जैसे कि सटीक पासिंग, गोल स्कोरिंग की रणनीतियां और रक्षात्मक कौशल के बारे में विस्तार से बताया।

# आठ भारतीय निशानेबाजों ने ISSF विश्व कप फाइनल में जगह बनाई



**● आठ भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है जो 4 से 9 दिसम्बर तक कतर की राजधानी दोहा में आयोजित होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आठ भारतीय निशानेबाजों ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप फाइनल 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो 4 से 9 दिसंबर 2025 तक कतर की राजधानी दोहा में आयोजित होगा। डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, एकमात्र भारतीय निशानेबाज हैं जिन्होंने दो इवेंट्स, महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और महिला 25 मीटर पिस्टल, में जगह बनाई है। यह साल का अंतिम आईएसएसएफ टूर्नामेंट होगा, जिसमें 12 व्यक्तिगत ओलंपिक इवेंट्स के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों का चयन होता है। भारतीय निशानेबाजों ने उन 12 इवेंट्स में से पांच में क्वालीफाई किया है, जो दोहा में होने वाले इस सीजन-एंडिंग प्रतियोगिता का हिस्सा होंगे। यह आईएसएसएफ प्राइज मनी इवेंट भी है। मनु भाकर के अलावा भारत की अगुवाई करेंगी किशोरी सुरुचि सिंह, जो इस साल की शूटिंग सनसनी साबित हुईं। उन्होंने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में लगातार ब्यूनस आयर्स, लीमा और म्यूनिख में तीन स्वर्ण पदक जीतकर न केवल दोहा में जगह बनाई, बल्कि इस समय महिला एयर पिस्टल में विश्व नंबर-1 रैंक भी हासिल कर ली है। ओलंपियन ईशा सिंह ने भी चीन के निंगबो में चौथे और अंतिम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में स्वर्ण जीतकर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में क्वालीफाई किया। अन्य क्वालीफाई करने वालों में पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्श बलासाहेब पाटिल शामिल हैं, जिन्होंने ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण जीतकर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में स्थान पक्का किया। वहीं ओलंपियन अर्जुन बाबुता ने लीमा में रजत पदक हासिल कर इसी इवेंट में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। एशियाई चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा ने ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण जीतकर महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन (3पी) इवेंट में क्वालीफाई किया। ओलंपियन विजयवीर सिद्धू ने भी उसी स्थान पर शानदार स्वर्ण जीतकर पुरुष 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल में जगह बनाई। भारत की सूची को पूरा करती हैं सिमरनप्रीत कौर बरार, जिन्होंने लीमा में रजत पदक जीतकर महिला 25 मीटर पिस्टल में क्वालीफाई किया। चीन की सुन युजिये पहले ही ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण के जरिए अपनी जगह सुनिश्चित कर चुकी थीं, जिससे सिमरनप्रीत को एंट्री मिली। आईएसएसएफ ने वर्ल्ड कप फाइनल 2025 के लिए पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि की भी घोषणा की है।



# वायरल बुखार के कारण जेमिमाह रॉड्रिग्स ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स वायरल बुखार के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी दो एकदिवसीय मैचों से बाहर हो गई हैं।

उनकी तेजल हसबनीस को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बुधवार को न्यू चंडीगढ़ में दूसरे वनडे मैच के टॉस से ठीक पहले रॉड्रिग्स के वायरल से पीतिड़ होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह चिकित्सा दल की निगरानी में है। रॉड्रिग्स ने पहले मैच में नंबर 5 पर खेलते हुए 26 गेंदों में 18 रन बनाए थे और भारत ने सात विकेट पर 281 रन का स्कोर खड़ा किया था। इस मैच में भारत को आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। दूसरे वनडे के एकादश में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अरुंधति ने उनकी जगह ली। 28 साल की मध्य क्रम की बल्लेबाज हसबनीस पिछले साल से ही राष्ट्रीय टीम के आसपास हैं। उन्होंने अक्टूबर 2024 में अहमदाबाद में कीवियों के खिलाफ वनडे में पर्दापण किया था।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी चाइना मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में, लक्ष्य सेन बाहर

**● सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 42 मिनट तक चले मुकाबल में मलेशिया की जोड़ी को 24-22, 21-13 से हराया**



**शेन्जेन, वार्ता।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की जोड़ी को हराकर चाइना मार्स्टर बैडमिंटन टूर्नामेंट में युगल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं एकल मुकाबले में लक्ष्य सेन हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 42 मिनट तक चले मुकाबले में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 24-22, 21-13 से सीधे गेमों में हराकर टूर्नामेंट में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। अब प्री-क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी का मुकाबला चीनी ताइपे के चिउ सियांग चीह और वांग ची-लिन से होगा। लक्ष्य सेन और ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। लक्ष्य को फ्रांस के तोमा जूनियर पोपोव ने 30 मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 10-21 से हराया। लक्ष्य की हार के साथ ही भारत का पुरुष एकल में सफर खत्म हो गया। इससे पहले आयुष शेट्टी भी पहले राउंड में हार गए थे। वहीं, मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिशा क्रास्टो की जोड़ी को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग लपग के खिलाफ 19-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# हीरो महिला इंडियन ओपन में पुरस्कार राशि अब 500,000 डॉलर

**नई दिल्ली, वार्ता।** हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर भारत में महिला गोल्फ के विकास और प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, और उभरती प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धा और विकास के लिए एक मजबूत घरेलू मंच प्रदान करता है।

यह मजबूत टूर भारत के शीर्ष गोल्फरों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसका समापन हर साल प्रतिष्ठित हीरो महिला इंडियन ओपन (एचडब्ल्यूआईओ) के साथ होता है। 9-12 अक्टूबर, 2025 को प्रसिद्ध डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित होने वाला यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा महिला गोल्फ टूर्नामेंट और लेडीज यूरो. पियन टूर कैलेंडर का एक प्रमुख आयोजन है। इस वर्ष, टूर्नामेंट की राशि में 25प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो 400,000 डॉलर से बढ़कर 500,000 डॉलर हो गई है, और विजेता को 75,000 डॉलर मिलेंगे।

**● एचडब्ल्यूआईओ में भारतीय टीम का नेतृत्व दीक्षा डागर करेंगी जो भारतीय की शीर्ष महिला गोल्फरों में से एक है और हाल के संस्करणों में लगातार प्रतिस्पर्धा कर रही है**

एचडब्ल्यूआईओ में भारतीय टीम का नेतृत्व दीक्षा डागर करेंगी, जो भारत की शीर्ष महिला गोल्फरों में से एक हैं और हाल के संस्करणों में लगातार प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। 2007 में अपनी शुरुआत के बाद से, हीरो महिला इंडियन ओपन ने वैश्विक मंच पर भारतीय महिला गोल्फरों के उदय को प्रदर्शित किया है।

हालांकिअदिति अशोक इस टूर्नामेंट (2016 में) जीतने वाली एकमात्र भारतीय हैं, हाल के वर्षों में कई भारतीय खिलाड़ियों ने खिताब के लिए ज़ोरदार दावेदारी पेश की है, जिनमें अमनदीप द्राल, जो 2022 में उपविजेता रहीं, और दीक्षा डागर, जो 2023 में तीसरे स्थान पर रहीं, शामिल हैं। हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी उपाध्यक्ष, संजय भान ने कहा, ष्हीरो महिला इंडियन ओपन खेल को प्रोत्साहित करने और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2010 से, हम इस टूर्नामेंट का गर्व से समर्थन करते रहे हैं और भारत और उसके बाहर महिला गोल्फ को मजबूत बनाने में मदद की है। इस वर्ष, 500,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के साथ, हमारा लक्ष्य टूर्नामेंट में शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाओं को आकर्षित करना और अधिक महिलाओं को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। भारतीय महिला गोल्फ संघ की अध्यक्ष श्रीमती कविता सिंह ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हीरो महिला इंडियन ओपन 2025 का 17वां संस्करण फिर से डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा, जो गोल्फ की उत्कृष्टता का पर्याय बन गया है। हम अपने टाइटल प्रायोजक हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड और डॉ. पवन मुंजाल के आभारी हैं जिन्होंने इस विश्व स्तरीय आयोजन को आयोजित करने में हमारी मदद की, जिसने वर्षों से एक प्रमुख स्थान हासिल किया है। हम अपने प्रस्तुतकर्ता प्रायोजक डीएलएफ लिमिटेड और कई अन्य प्रमुख प्रायोजकों को धन्यवाद देते हैं, जिनके बहुमूल्य योगदान से यह सुनिश्चित होता है कि हम हमसे अपेक्षित उच्च स्तर की उत्कृष्टता के अनुरूप आयोजन कर पाएं। लेडीज़ यूरोपियन टूर के साथ काम करना हमारे लिए वास्तव में सौभाग्य की बात है। यह साझेदारी, जो हर गुजरते साल के साथ मजबूत होती जा रही है, यह सुनिश्चित करती है कि हीरो महिला इंडियन ओपन का कद बढ़ता रहे। हमें विश्वास है कि उनके साथ हमारा निरंतर जुड़ाव भारत में महिला गोल्फ के विकास में एक महत्वपूर्ण कारक होगा।

# ससेक्स के लिए उनादकट ने झटके तीन विकेट



**लंदन, वार्ता।** होव में जब यॉर्कशायर 100 रन पर दो विकेट पर था तो लग रहा था कि टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी करने का उनका फ़ैसला सही था। लेकिन ससेक्स के तेज गें. दबाज़ों जयदेव उनादकट और फ़नि हडसन-प्रेन्टिस के तीन-तीन विकेट से उनकी टीम टी के बाद सिर्फ़ 194 रनों पर ही सिमट गई।

इस समय तक ससेक्स मजबूत स्थिति में दिख रहा था लेकिन मेहमान टीम ने वापसी की और खराब रोशनी की वजह से 13 ओवर शेष रहते हुए खेल रोके जाने से पहले उन्होंने मेबानों को खूब परेशान किया। स्टंप्स के समय उनका स्कोर 84 रन पर चार विकेट था। इससे पहले बारिश और मैदान गीला होने के कारण पहले दिन का खेल नहीं हो सका था।

दूसरे डिविजन में रेलीगेट होने से बचने के लिए दोनों टीमों को सिर्फ़ एक ड्रॉ की जरूरत है, लेकिन अब इस मैच का नतीज़ा पूरा संभव है। यह पिच लगभग 48 घंटे तक कवर के नीचे रही थी, जिससे तेज गेंदबाज़ों के मदद की पूरी संभावना थी। लेकिन दोनों टीमों के बल्लेबाज़ों ने भी कुछ गलत शॉट चुने। सुबह के सत्र में विकेटों का गिरना मुश्किल लग रहा था, जब फ़नि बीन और ऐडम लिथ धैर्य से खेल रहे थे। लेकिन बीन (27) हडसन-प्रेन्टिस की गेंद को कट करने की कोशिश में पीछे कैच दे बैठे और लंच से ठीक पहले सीन हंट की गेंद ने लिथ (47) का अंदरूनी किनारा ले लिया।

इसके बाद यॉर्कशायर ने 7-2 ओवर में 15 रन पर पांच विकेट खो दिए। जेम्स व्हार्टन स्लिप में कार्सन को नीचा कैच दे बैठे। अगले ही ओवर में बेयरस्टो उनादकट से बोल्ड हो गए। उनादकट ने फिर एक झटका दिया, जब मैथ्यू रिविस बाहर जाती गेंद को छू बैठे, जिसे वह आराम से छोड़ सकते थे। हिल ढीला ड्राइव खेलकर स्लिप में आउट हुए और डॉम बेस लेग साइड स्ट्रैंगल का शिकार हुए। हडसन-प्रेन्टिस की हैट्रिक गेंद को जॉर्डन थॉम्पसन ने आसानी से कवर पर चौके के लिए खेल दिया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जैमीसन और सियर्स की वापसी

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए काइल जैमीसन और बेन सियर्स की टीम में वापसी हुई हैं। यह तेज गेंदबाज जिम्बाब्वे में त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा नहीं थे। टूर्नामेंट में तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका थी। जैमीसन अपने पहले बच्चे के जन्म की वजह से तथा सियर्स चोट के कारण मैदान से बाहर थे। इस बीच, नियमित कप्तान मिशेल सेंटनर की अनुपस्थिति में माइकल ब्रेसवेल तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में टीम की कमान संभालेंगे। ब्रेसवेल ने अब तक 10 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में न्यूजीलैंड का नेतृत्व किया है। ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड क्रिकेट को बताया, ष्चैपल-हैडली सीरीज गर्मियों की शुरुआत करने का एक शानदार तरीका है। मैं ये सीरीज देखते हुए बड़ा हुआ हूं और न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच प्रतिद्वंद्विता बहुत जबरदस्त है। उन्होंने कहा, ष्2016 से यह (चैपल-हैडली ट्रॉफी) हमारे पास नहीं है, और हम इसे बदलना चाहते हैं। घरेलू धरती पर इसके लिए लड़ने का मौका मिलना बहुत खास है। यह विश्वास करना मुश्किल है कि ईडन पार्क में खेले गए पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच को 20 साल हो गए हैं। यह देखना आश्चर्यजनक है कि यह प्रारूप कितना आगे बढ़ गया है और मुझे पता है कि दोनों टीमें बे ओवल में इस उपलब्धि को अपने नाम करने के लिए उत्सुक हैं।

# खेले सानंद सीजन 3 बड़े पैमाने पर और नए स्थानों पर होगा

**अहमदाबाद, वार्ता।** अपने पहले दो संस्करणों की शानदार सफलता के बाद, बहुप्रतीक्षित खेले सानंद सीजन 3 पहल बुधवार को शुरू हुई, जो जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के अपने मिशन को जारी रखे हुए है।

विजयी भारत फ़ाउंडेशन की प्रमुख ग्रासरूट पहल, खेले सानंद का तीसरा सीजन संस्कारधाम परिसर में एक जीवंत उद्घाटन समारोह के साथ आधिकारिक रूप से शुरू हुआ। अंतर्राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी प्रतीक वाइकर और निर्मला भाटी ने इस आयोजन का उद्घाटन किया और साणंद तालुका में युवा विकास और सामुदायिक जुड़ाव पर लीग के बढ़ते प्रभाव का जश्न मनाया। अपने पहले दो सत्रों में, खेले सानंद एक गतिशील मंच के रूप में उभरा, जिसने 90 से ज़्डादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशा और 2500 से ज़्डादा छात्रों को कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल जैसे स्थानीय खेलों में शामिल किया। खेल महाकुंभ के दौरान, खेले सानंद ने खो-खो में लड़कियों की भागीदारी में 400 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि और अपनी शुरुआत की तुलना में टीम पंजीकरण में 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिससे सभी बाधाओं को तोड़ा और समावेशिता को बढ़ावा मिला। अपने तीसरे वर्ष में, खेले सानंद एक गतिशील मंच के रूप में विकसित हुआ है, जो 120 से ज़्डादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशता है और 7,000 से ज़्डादा छात्रों को शामिल करता है। खेले सानंद का उल्लेखनीय उत्थान इसके साम. ुदायिक स्तंभों द्वारा संचालित है। 150 से ज़्डादा स्थानीय युवाओं और वयस्कों ने स्वयंसेवकों के रूप में आगे आकर कोच और रेफरी से लेकर प्रबंधकों और आतिथ्य टीमों तक, विविध भूमिकाएं निभाई और यह सुनिश्चित किया कि हर मैच का दिन सुचारू रूप से चले। 20 से ज़्डादा गांव के सरपंचों के प्रोत्साहन ने खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का एक शक्तिशाली स्त्रोत प्रदान किया। उनके साथ, कई स्थानीय व्यवसायों ने भी सहयोग के लिए आगे आकर सामुदायिक स्वामित्व की भावना को और मजबूत किया। यह सामूहिक प्रयास 'खेल सानंद' के मूल भाव को दर्शाता है: खेल, एकता और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण का उत्सव।

**● 90 से ज्यादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशा और 2500 से ज्यादा छात्रों को कबड्डी, खो-खो और वालीबॉल जैसे स्थानीय खेलो में शमिल किया**

# गोकशी के दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पाकबड़ा थाना पुलिस ने गौकशी के दो आरोपी सद्दाम और कल्लू उर्फ नासिर को मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया। मुठभेड़ के दौरान दोनों के पैर में गोली लगी है।



पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि एक सितंबर की रात पाकबड़ा थाना क्षेत्र में होंडा सिटी कार मिली थी। जिसमें मीट भरा हुआ था। आरोपी मौके से भाग गए थे। इस मामले में कार के नंबर के जरिए कुंद. रकी के मोहल्ला सादात पश्चिमी निवासी मोहम्मद शमी को मंगलवार सुबह पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। उसने पूछताछ में अपने साथी कुंदरकी के सद्दाम और छजलैट के सराय खजूर निवासी कल्लू उर्फ नासिर के नाम बताए थे। आरोपी ने बताया कि दोनों उसके साथ कार में सवार थे। इसके बाद से पाकबड़ा थाना पुलिस दोनों फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। देररात रात पुलिस टीम पाकबड़ा डींगरपुर मार्ग लालपुर गंगवारी चौराहे पर खड़ी थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो व्यक्ति आते दिखाए दिए। पुलिस ने उन्हें रो. कने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस पर ही फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने घेराबंदी कर जवाबी फायरिंग की।

इस दौरान दोनों बदमाश घायल हो गए,आरोपी सद्दाम और कल्लू उर्फ नासिर के पैर में गोली लगी है, दोनों गौकशी के आरोपी हैं,घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और आगे की विधिक करवाई की जा रही हैं।

# 15 दिवसीय प्रदर्शनी का राज्यमंत्री और एमएलसी ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर स्थित पंचायत भवन परिसर में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित 15 दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ राज्य मंत्री ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत सोमेंद्र तोमर, एमएलसी ऋषि पाल सिंह, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी गोपाल अंजान, जिला अध्यक्ष भाजपा आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष श्री गिरीश भांडुला सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। राज्यमंत्री और अन्य जनप्रतिनिधियों ने पूरे प्रदर्शनी परिसर का भ्रमण किया और मा. प्रधानमंत्री जी के कृतित्व और व्यक्तित्व से संबंधित विभिन्न चित्रों का अवलो. कन किया। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश और मा. मुख्यमत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर नवीन कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा है। आज देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर मजबूती मिली है और विश्व में देश



की सफल योजनाओं और नेतृत्व को पहचान मिली है। वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विकास के सभी क्षेत्रों को गति प्रदान करने के लिए देश के मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा भी विकसित उत्तर प्रदेश-समृद्ध उत्तर प्रदेश की दिशा में जन कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन और ऐतिहासिक निर्णय लिए जा रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनी स्थल पर जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा स्थापित विभिन्न विभागों के स्टॉल का भी निरीक्षण किया और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## एक नजर

### बीआरसी केन्द्र पर परिषदीय शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**बिलारी।** नगर के बीआरसी केंद्र पर परिषद के विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को नई शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण के चलते तीसरे दिन प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार को दो अलग-अलग बैच में 100 व 50 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं को नई शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया। ट्रेनर एआरपी अक्षय कुमार, प्रवीन कुमार, मंजरी कपूर, भानूप्रताप सिंह ने दोनों बच्चों के परिषदीय स्टाफ को एनसीआरटी के अंतर्गत विस्तार पूर्वक अध्यापन कार्य करने के प्रति प्रशिक्षित किया। इस मौके पर अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### बिगड़े मौसम के कारण धान की फसल गिरने से किसानों में रोष



**बिलारी।** बीती रात्रि मौसम के बिगड़ने के कारण बूंदाबांदी और आंधी के चलते धान की फसल गिरने से किसानों को क्षति हुई है। जिसके चलते किसान सरकार से मुआवजे की उम्मीद लगा रहे हैं।

बुधवार की सवेरे किसानों ने अपने खेतों का दौरा किया तो उन्होंने देखा कि उनकी धान की फसल तेज आंधी के कारण बिछी पड़ी है, जिससे उनके चेहरे पर उदासी छा गई, उनका कहना था कि धान की फसल में हानि होने की संभावना है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से धान की फसल में हुई क्षति की भरपाई करने की उम्मीद लगाई है।

### नगर पालिका ने निकाली स्वच्छता रैली



**बिलारी।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका में पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह द्वारा जनजागरूकता रैली को हरी झन्डी दिखाकर शुरू किया, सभासद, पालिका स्टॉफ, सफाई मित्र एवं जागरूक नागरिकों की उपस्थिति में स्वच्छता की शपथ करायी गयी। दो अक्टूबर तक चलने वाले अभियान में नगर में वृहद सफाई दिन एक घंटा एक साथ विशेष सफाई श्रमदान एवं स्वच्छ भारत दिवस क्रार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें अच्छा कार्य करने वाले सफाई मित्रों, स्वच्छ सारथी क्लब के बच्चों, स्वच्छता ब्रान्ड एम्बेसडर, एवं स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों को सम्मानित किया जायेगा।

### सीएचसी में आज लगेगा विशाल कैंप

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बृहस्पतिवार को एसएनएस यू के कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह ने स्टाफ की बैठक लेकर सभी की जिम्मेदारियां तय करते हुए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कैंप में विभिन्न रोगों से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे जैसे कुष्ठ, टीबी, डायबिटीज आदि।

### सीएचसी में हुआ सोलह दिवसीय शिविर आरंभ



**बिलारी।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी में नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव एवं भाजपा नेता डॉ राजीव सैनी ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। चिकित्सा अधीक्षक डा राजपाल सिंह ने बताया दो अक्टूबर तक लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 18 सितंबर को मेगा कैंप का आयोजित किया जाएगा जिसमें ब्लड डोनेशन कैंप एवं सभी प्रकार की बीमारियों से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लाभार्थियों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद बीसीपीएम मनीष कुमार, आरपी वर्मा चीफ फार्मासिस्ट धनंजय कठैत एआरो विकेश कुमार डॉक्टर दुर्गेश्वर प्रसाद डॉक्टर शबेताबरी त्यागी आदि डॉ प्रीति पाल सिंह सलूजा सचिन कुमार डीआर रेशम बाजाहत आदि उपस्थित रहे।

### बिकनपुर रामगंगा नदी के बाढ़ के पानी से लगातार कटान के बाद पिचिंग का कार्य शुरू



**मूंढापांडे।** क्षेत्र के गांव बिकनपुर के करीब में बने रामगंगा नदी में आए बाढ़ के पानी से पुल की एप्रोच कटने के बाद पानी लगातार जमीनों का कटान कर रहा था, ग्रामीण रवि कुमार, इरशाद अली,करण सिंह, करतार सिंह, मनोज कुमार,भूप सिंह ने बताया कि लगातार कटान के बाद नदी की दूरी गांव से तीस मीटर रह गई है,जिसकी शिकायत बाढ़ खंड अधिकारियों से की गई, जिसके बाद रविवार से बाढ़ खंड के जेई अरविंद कुमार ने पिचिंग का कार्य शुरू करा दिया गया, प्लास्टिक के कट्टों में मिट्टी भरने के बाद ढांग के बराबर में रखने के बाद ऊपर से मिट्टी भरे कट्टो पर जाल बिछाया जा रहा है, आने वाले समय में अगर रामगंगा नदी में बाढ़ का पानी आता है तो बिकनपुर गांव की तरफ कटान नहीं होगा, पिचिंग का कार्य पांच सो मीटर की दूरी तक किया जाएगा, बाढ़ के पानी से किसानों की लगभग तीन हजार बीघा नदी में कटान के बाद समा गई है, किसानों को फसल के साथ भारी नुकसान हुआ है।

## कोतवाली पुलिस ने एक को गैंगस्टर में भेजा जेल

**बिलारी।** तत्काल प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ वर्मा ने एक युवक के विरुद्ध गैंगस्टर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया था, जिसमें वह वांछित चल रहा था, कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बीती 19 मई 2025 को दोपहर 1:30 बजे करीब तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ वर्मा को सूचना मिली कि विजय वीर पुत्र भूरा जाटव निवासी मीरापुर माफी थाना बिलारी कई मुकदमों में वांछित है और वह सुपर फास्ट एक्सप्रेस डेली न्यूज पेपर नाम से फर्जी पैड एवं पदाधिकारी बना कर लोगों से अवैध वसूली करता है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी और वह मामले में वांछित चल रहा था, बुधवार को सवेरे 9:00 बजे करीब मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया और गैंगस्टर एक्ट में उसे जेल भेज दिया गया।

# भाजपा युवा मोर्चा की ओर से जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

## ऊर्जा राज्य मंत्री ने किया शिविर का शुभारंभ, जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा युवा मोर्चा की ओर से जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजयुमो के महानगर अध्यक्ष अभिषेक चौबे की टीम ने साथियों समेत रक्तदान शिविर में भाग लिया।जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया।वहीं जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान व आठवां पोषण माह का भी आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ शुभारंभ ऊर्जा मंत्री के द्वारा किया गया। जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में आए लोगों की स्वास्थ्य की निशुल्क जांच के साथ ही उन्हें महत्वपूर्ण जानकारियां भी उपलब्ध कराई गई। वही रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले




रक्तदाताओं को ऊर्जा राज्य मंत्री के द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक पंचायत भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व व कृतित्व व न्यू इंडिया /2047 पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है।इस प्रदर्शनी का शुभारम्भ ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर और एमएलसी ऋषिपाल सिंह ने किया।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के जीवनकाल की स्मृतियों को चित्रों के माध्यम से प्रकट किया गया।

पंचायत भवन में प्रदर्शनी दो अक्तूबर तक चलेगी। जिला अस्पताल मैं अर्जित कार्यक्रम में सीएमओ कुलदीप सिंह, सीएमएस संगीता गुप्ता,जिला महिला चिकित्सालय की सीएमएस निर्मला पाठक, डिप्टी सीएमओ सहित आदि स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर संयुक्त व्यापार मंडल ने बांटी मिठाइयां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल (जॉनी) के नेतृत्व में बुधवार को अमरोहा गेट स्थित विपिन गुप्ता की दुकान पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और व्यापार मंडल से जुड़े लोगों ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना करते हुए उन्हें बधाई संदेश प्रेषित किए।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई,इसके बाद कार्यकर्ताओं ने ष्भारत माता की जयष और ष्मोदी जी जिंदाबादष के नारे लगाते हुए वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया।इस मौके पर 21 किलो लड्डू की मिठाई तैयार कराई गई जिसका वितरण व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में किया गया,मिठाई पाकर लोगों ने भी प्रधानमंत्री के प्रति अपने सम्मान और शुभकामनाएं व्यक्त कीं,प्रदेश




अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल (जॉनी) ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नई ऊँचाइयों पर पहुंचाने का काम किया है। उनके नेतृत्व में भारत आज वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल मोदी जी के नेतृत्व और नीतियों से प्रेरित होकर समाज के बीच सकारात्मक संदेश देने का काम करता रहेगा,इस मौके पर प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, सुप्रीत खन्ना, सुनील अग्रवाल, टोनी सहगल,आदेश गुप्ता, गौरव अग्रवाल, टोनी सहगल, दीपक कत्याल, राजेश शर्मा, पुनीत रस्तोगी सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन को यादगार बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से मिठाई वितरण और शुभकामनाओं के साथ समारोह संपन्न हुआ।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने की अवैध रूप से संचालित कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर ने जिला विद्यालय निरीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें जनपद में संचालित निजी कोचिंग सेंटर्स की अनियमित. ताओं एवं शिक्षण नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई।विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जनपद में बड़े पैमाने पर संचालित कोचिंग संस्थान बिना किसी मान्यता, पंजीकरण व नियामकीय अनुमति के चल रहे हैं। इन संस्थानों में न तो सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है और न ही छात्रों से वसूले जा रहे शुल्क में कोई पारदर्शिता है। अधिकांश शिक्षकों के पास आवश्यक पात्रता प्रमाणपत्र तक नहीं है और प्रशिक्षकों को बिना किसी श्रम कानून व न्यूनतम वेतन अधिनियम का पालन किए कार्य करवाया जा रहा है।साथ ही,कई कोचिंग संस्थान विद्यालय समय में छात्रों को बुलाकर शिक्षा के मूल उद्देश्य को प्रभावित कर रहे हैं। छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी कोई मानक व्यवस्था (CCTV, महिला स्टाफ, अलग प्रवेश द्वार आदि) मौजूद नहीं है। परिषद ने इस




गंभीर मुद्दे को तत्काल प्रभाव से देखने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि 3 दिन के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

महानगर मंत्री गौरव क्षत्रिय ने कहा कि जनपद में संचालित अधिकांश निजी कोचिंग संस्थान नियम-कायदों को दरकिनार कर छात्रों का आर्थिक, मानसिक और शैक्षिक शोषण कर रहे हैं। ये कोचिंग न केवल सुरक्षा मानकों का उल्लंघन कर रहे हैं बल्कि विद्यालय समय और शिक्षा की गुणवत्ता को भी प्रभावित कर रहे हैं। विद्यार्थी परिषद इस मुद्दे पर किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगी। यदि 3 दिन के भीतर जिला प्रशासन ने ठोस कार्रवाई नहीं की, तो परिषद आंदोलन के लिए बाध्य होगी।ष्ज्ञापन में महानगर सहमंत्री प्रसून माथुर, ऋषभ गौतम, राजा शर्मा, शिवा चहल, रॉबिन चौधरी ,प्रतीक राघव ,आयुष चौधरी, संजय दत्त, शिवम ठाकुर ,प्रखर बंसल, तरुण पाल ,रितिक, ऋषि खत्री, राघव कलरा,सुमित सैनी, हर्ष सक्सैना ,रोहन रस्तोगी,भिजीत मौर्य, विनायक अग्रवाल ,कृष्ण अग्रवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मनाई गई 'भगवान विश्वकर्मा जयंती'



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की मैकेनिकल इंजीनियरिंग कार्यशाला में गत वर्षो की भांति "भगवान विश्वकर्मा जयंती" मनाने के उपलक्ष्य में पूरे विधि-विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. महेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को ब्रह्मांड का दिव्य वास्तुकार, शिल्पकार और दिव्य इंजी. नियर माना जाता है तथा उन्हें स्वर्ग लोक, पुष्पक विमान, कुबेरपुरी जैसे सभी देवनगरी का रचनाकार भी कहा जाता है। प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि भगवान विश्वकर्मा कारीगरों, इंजी. नियरों, वास्तुकारों, मैकेनिकों और कारखाने के श्रमिकों के संरक्षक देवता भी हैं। वहीं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि आज भगवान विश्वकर्मा के कौशल और रचनात्मकता का सम्मान करने और समृद्ध भविष्य के लिए उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद लेने का दिन है। पूजा के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण और 118 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थितों को प्रसाद वितरित किया गया।

# यज्ञ करने से सभी प्रकार के कष्ट होते हैं दूर : आचार्य डॉ. जगदीश





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ बुधवार को विश्राम के साथ सम्पन्न हुआ ,राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात कथा व्यास आचार्य डॉ. जगदीश प्रसाद कोठारी ने अंतिम दिवस पर भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भागवत महापुराण के अमृतमय प्रसंगों का रसपान कराया,आचार्य कोठारी जी ने कहा कि यज्ञ करने से सभी प्रकार के कष्ट दूर होते हैं और कथा श्रवण करने से मनुष्य की मनोक. ामनाएँ पूर्ण होती हैं,उन्होंने कार्यकर्ता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से काम करता है।

वही जीवन में सच्चा अनुयायी बन पाता है,उन्होंने बताया कि भौतिकता केवल क्षणिक सुख देती है,जबकि ईश्वर का चिंतन और सत्संग ही जीवन को शाश्वत आनंद की ओर ले जाता है,आचार्यश्री ने मानव जीवन को दुर्लभ बताते हुए कहा कि इसे केवल भक्ति में ही सार्थक किया जा सकता है,उन्होंने श्रोताओं से कहा कि भक्ति के प्रत्येक कण में डूबकर ही ईश्वर की कृपा पाई जा सकती है,उन्होंने जामवन्त को ब्रह्मा जी का अवतार बताते हुए भगवान की भक्ति को सर्वोच्च धन बताया और कहा कि दान का उद्देश्य केवल परोपक. ार होना चाहिए।

इसका दिखावा नहीं करना चाहिए,कथा का आयोजन गुप्ता परिवार के तत्वावधान में किया गया,इस सात दिवसीय कार्यक्रम में नगर विधायक रितेश गुप्ता और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने विशेष सहयोग प्रदान किया,पितृपक्ष के पावन अवसर पर आयोजित इस कथा में प्रतिदिन महाभोग प्रसाद का वितरण भी किया गया।कथा के अंतिम दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे,इस दौरान कुश स्वरूप, डीएम अनुज कुमार सिंह एसएसपी सतपाल अंतिल सीओ आशीष, डॉ. गिरजेश केन, अजय गोयल, सीओ सुनीता दहिया, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, विनीत ऋषि, आचार्य मुकुल शास्त्री, संदीप सिंहल, मीडिया प्रभारी विपिन गुप्ता कमल गुलाटी विनय,अनिल अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, नितिन गुप्ता एडवोकेट, वीर सिंह सहित अनेक भक्तों ने कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।कथा स्थल पर भजन-कीर्तन और श्लोकों के पाठ से वातावरण भक्तिमय बना रहा,श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा के बीच कथा का समापन किया और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।इस प्रकार सात दिवसीय भागवत कथा का समापन भक्ति, ज्ञान और आनंद के अद्वितीय संगम के रूप में हुआ,जिसने न केवल श्रद्धालुओं के हृदयों को स्पर्श किया बल्कि उन्हें जीवन के आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी।

## सम्पादकीय

गुरुवार, 18 सितम्बर 2025

# तीसरे पक्ष को नकारा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह कहना बिल्कुल सही है कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री जोकि पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी हैं, इशाक डार मंगलवार को आए उस बयान के बाद जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत ने इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका भारत–पाक युद्ध को रुकवाने में स्वीकार नहीं की थी। गुरुवार को हैदराबाद मुक्ति दिवस के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने भारत के दृष्टिकोण को पूरी तरह यह कहकर साफ किया कि कुछ लोग भारत–पाक संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। अब तो खुद पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने भी यह साफ कर दिया है कि भारत–पाक के बीच युद्ध रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। हालांकि उन्होंने सीधे किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन कोई भी समझ सकता है कि उनका इशारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर था, जिन्हें अब खुद भी मालूम नहीं है कि कितनी बार उन्होंने भारत–पाक युद्ध रुकवाने की बात कही है और अभी भी वह अपने बयान पर कायम दिखते हैं। जाहिर है इशाक डार के बयान के बाद अब ट्रम्प के बयान का कोई मतलब नहीं रह गया। क्योंकि उन्होंने साफ कह दिया कि भारत ने संघर्ष विराम में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता अस्वीकार्य कर दी है। इशाक डार ने अपने बयान में यह कहकर स्थिति स्पष्ट की कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मई में भारत–पाक के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान उनसे कहा था कि भारत ने युद्ध विराम के लिए तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार कर दिया, क्योंकि यह भारत–पाक दोनों देशों के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगन नहीं किया गया। अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यह स्पष्ट कर चुके हैं कि यह द्विपक्षीय मुद्दा है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता। राजनाथ सिंह के अनुसार भारत की अखंडता और एकता से बड़ा कोई मूल्य नहीं है और आज का भारत दुश्मन की आंखों में आंख डालकर जवाब देने के लिए सक्षम है। जाहिर है अब इन तमाम अटकलों पर विराम लग जाना चाहिए कि यह युद्ध किस प्रकार रुका था। भारत कहता रहा है कि यह दोनों देशों के डीजीएमओ स्तर की बात से ही पूरा मामला हल हुआ था और अब पाकिस्तान ने भी मान लिया। इशाक डार से ऐसा संकेत मिलता है कि पाक ने जरूर अमेरिकी से इस मामले में हस्तक्षेप के लिए कहा था और अमेरिका ने कोशिश भी की थी, लेकिन भारत ने अमेरिका की एक नहीं सुनी और तीसरे देश की मध्यस्थता से साफ इन्कार कर दिया। असल में डोनाल्ड ट्रम्प संघर्ष विराम कराने के नाम पर तीसरा पक्ष बनने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। वह यह भूल रहे हैं कि यह भारत की नीतिगत रणनीति के बिल्कुल खिलाफ है, क्योंकि भारत का हमेशा से मानना रहा है कि भारत–पाक के बीच जो भी मामला है वह द्विपक्षीय आधार पर ही सुलझाया जाएगा। तीसरे अन्य किसी देश की मध्यस्थता के लिए उसमें किसी भी तरह की कोई गुंजाइश नहीं है।

## कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता



कुछ लोग भारत–पाक संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया, अब तो खुद पाकिस्तान के उप–प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत ने इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था, अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ, तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा, प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता, लगभग पहलगाम के आतंक के समान ही था जहां लोगों से धर्म पूछकर उन्हें मारा गया। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला भी रजाकारों की तरह भारत के सामाजिक सौहार्द्र पर प्रहार था। आज भी देश में रजाकारों के हमदर्द मौजूद हैं।

**–राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# इजरायलः विश्व शांति के लिए खतरा






**तनवीर जाफरी**

गत 9 सितंबर को दोपहर बाद इसराइल के 15 फाइटर जेट्स और 10 से अधिक म्यूनिशन ने जिसमें स्टैंड–ऑफ मिसाइलें और स्टील्थ तकनीक शामिल थी, ने इसराइल से 1800 किलोमीटर की उड़ान भरकर कतर की राजधानी दोहा के कटारा और वेस्ट बे लैगून इलाकों में हमले करके उन सभी इमारतों को उड़ा दिया जहां हमास के कई शीर्ष नेता या तो रहा करते थे या उनके कार्यालय थे। इस हमले में 40 से ज्यादा लोग मारे गए। हमास ने दावा किया कि इसराइली हमले में उनकी मुख्य वार्ताकार टीम बच गई, लेकिन पांच सदस्य, जिसमें खलील अल–हय्या का बेटा और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी शामिल था, मारे गए। कतर में हुआ यह हमला मध्य पूर्व में तनाव को और बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। इसराइल के इस कदम को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा है। यह पहला अवसर है जबकि इसराइल ने अपने लक्ष्य को भेदने की गरज से कतर में हमला किया है। इस हमले के तुरंत बाद कतर ने अपने हवाई क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी। हालांकि, कतर एयरवेज की उड़ानें सामान्य रूप से जारी रहीं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल–थानी ने कहा कि यह हमला गजा में युद्ध विराम की मध्यस्थता के लिए कतर के प्रयासों को पटरी से उतार सकता है। कतर ने इस हमले को कायराना और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन करार दिया। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल–अंसारी ने इस हमले को कतर की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बताया।

उधर इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इसराइल सुरक्षा बलों ने इस हमले की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह हमला सटीक हथियारों से और पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया, ताकि नागरिकों को नुकसान कम हो। इसराइल के अनुसार हमास के नेता, जिन्हें दोहा में निशाना बनाया गया वही 7 अक्टूबर 2023 के हमले के लिए जिम्मेदार थे और गजा में युद्ध को संचालित कर रहे थे। अमेरिका में इसराइली राजदूत ने यह भी कहा कि अगर इस हमले में हमास के कुछ नेता बच गए हैं तो अगले हमले में उन्हें भी निशाना बनाया जाएगा। इस कदम को इसराइल की आक्रामक रणनीति के उस हिस्से की शक्ल में देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य हमास को पूरी तरह समाप्त करना है, चाहे वह किसी भी देश में क्यों न हो परन्तु हमास नेताओं को लक्षित कर कतर पर किए गए इसराइली हमले को एक अभूतपूर्व कदम के रूप में इसलिए देखा जा रहा है क्योंकि कतर अमेरिका का प्रमुख सहयोगी और गजा युद्धविराम वार्ता का मध्यस्थ है। कतर में ही अमेरिका का अल–उदईद एयरबेस भी है जहां करीब 10,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। यह एयरबेस इसराइल द्वारा किए गए हमले की जगह से केवल 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसराइल की इस आक्रामक कार्रवाई ने क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव को और बढ़ा दिया है, और गजा में शांति प्रक्रिया को और जटिल कर दिया है। इस हमले ने मध्य पूर्व में अमेरिकी प्रभाव को भी कमजोर किया है और तुर्की जैसे अन्य देशों के लिए भी खतरे की आशंका पैदा की है।

इसराइल की इस आक्रामक व उकसाने वाली कार्रवाई की विश्व के अनेक देशों ने निंदा की है। कतर सरकार ने हमले को आपराधिक हमला करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन बताया है। कतर ने अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए सभी उपायों का समर्थन किया। जबकि जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात के दौरान कतर में हुए इसराइली हमले की निंदा की। उन्होंने इजराइल के गजा पर नियंत्रण बढ़ाने और वेस्ट बैंक में बस्तियों के विस्तार को भी खारिज किया साथ ही गजा में युद्धविराम, मानवीय सहायता और द्वि –राष्ट्र समाधान पर जोर दिया। वहीं संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद ने मिस्र के विदेश मंत्री से मुलाकात में इस हमले को अंतर्राष्ट्रीय कानून तथा यूएन चार्टर का उल्लंघन करार दिया। उन्होंने वैश्विक स्तर पर इसराइल की ष्आक्रामकताओंष को रोकने की अपील भी की। इसी तरह मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल–सीसी ने कुवैत के अमीर से फोन पर हुई बातचीत में कतर के प्रति पूर्ण एकजुटता व्यक्त करते हुए इस हमले को कतर की संप्रभुता पर अस्वीकार्य अतिक्रमण बताया और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। जबकि कुवैत के अमीर, शेख मिशाल अल–अहमद अल–जाबर अल–सबाह ने भी हमले को संप्रभुता पर अतिक्रमण बताया और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने इस हमले को आतंकवादी आक्रामकता बताते हुए कतर के प्रति एकजुटता व्यक्त की और इजराइल को क्षेत्रीय तथा वैश्विक शांति के लिए तत्काल खतरा बताया। ट्यूनीशिया के विदेश मंत्रालय ने भी हमले को कुटिल और दुष्ट हमला करार देते हुए कतर के प्रति पूर्ण एकजुटता व्यक्त की और अरब सुरक्षा को इसराइल के खतरों से बचाने पर जोर दिया। दुनिया के कई देशों ने इस हमले को लेकर सुरक्षा परिषद् की आपात बैठक बुलाने की बात भी की।

अभी कतर के हमले को लेकर दुनिया के अनेक देश अपनी तीखी प्रतिक्रिया दे ही रहे थे कि इसी बीच नेतन्याहू ने यह घोषणा भी कर दी कि गजा के 40 प्रतिशत हिस्से पर इसराइली सुरक्षा बालों का नियंत्रण हो चुका है। साथ ही इसराइली सुरक्षा बालों की ओर से गजा में बचे शेष लोगों से भी गजा छोड़ने को कहा गया है। और इसी के अगले दिन यानी 11 सितंबर को इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बार फिर फिलिस्तीनी राज्य के अस्तित्व को मानने से ही स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया। उन्होंने वेस्ट बैंक के माश्अले अदुमिम निपटान में एक समारोह के दौरान कहा कि फिलिस्तीनी राज्य नहीं बनेगा और यह जगह हमारी है। यह बयान उस समय दिया गया जब वे एक विवादास्पद निपटान विस्तार समझौते पर हस्ताक्षर कर रहे थे, जो फिलिस्तीनी क्षेत्र को विभाजित करने का प्रयास माना जा रहा है। दक्षिणपंथी नेतन्याहू पहले भी द्वि राष्ट्र का विरोध करते रहे हैं।

उनका यह ताजा बयान भी फिलिस्तीनी राज्य की संभावना को नष्ट करने का प्रयास माना जा रहा है। नेतन्याहू उस फिलिस्तीनी राज्य के अस्तित्व को मानने से इंकार कर रहे हैं जिसने जर्मन से हिटलर द्वारा निष्कासित इन्हीं यहूदियों को मानवता के नाते अपनी धरती पर पनाह दी। अभी पिछले दिनों फिलिस्तीन को राज्य का दर्जा देने के पक्ष में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत सहित 142 देशों द्वारा एक बार फिर मतदान किया गया। फिलिस्तीन के समर्थन में आए इस प्रस्ताव में इसराइल द्वारा की जा रही हिंसा की निंदा की गई साथ ही गजा में इसराइली बस्ती बसाने की योजना को भी समाप्त करने की मांग की गई है। अमेरिका व इसराइल सहित केवल 10 देशों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया जबकि शेष दुनिया फिलिस्तीन के साथ खड़ी दिखाई दी परन्तु अतिवादी सोच के नेतन्याहू पूरी दुनिया को ठेंगा दिखाने की ठाने हुए हैं। कहना गलत नहीं होगा कि मानवता के दुश्मन व अंतर्राष्ट्रीय नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले दक्षिणपंथी नेतन्याहू फिलिस्तीन में अपना जंगल राज स्थापित करना चाहते हैं। मानवता की रक्षा के लिए ऐसे कुत्सित इसराइली प्रयासों को पूरे विश्व को मिलकर रोकना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाल जनविद्रोहः यह तो होना ही था

**सही पूछिए तो राजधानी काठमांडू के सिवा किसी प्रान्त शहर या जिले का नाम भी भारत या अन्य देशों के आम लोग नहीं जानते। आम लोगों को यह भी नहीं पता कि नेपाल 7 अलग अलग प्रांतों में बंटा हुआ कुल 77 जिलों का देश है। इस अनभिज्ञता का कारण यही है कि राजशाही से लेकर गणतांत्रिक सरकारों तक ने केवल राजधानी काठमांडू के विकास व इसके सौंदर्यीकरण पर ही जोर दिया। प्राय: सभी अंतर्राष्ट्रीय आयोजन काठमांडू में ही हुआ करते थे। वैसे भी काठमांडू की प्रसिद्धि का कारण राजधानी होने के अतिरिक्त वहां का विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर भी है। इसलिए नेपाल का कोई अन्य जिला या शहर न तो विकसित हो पाया न ही प्रसिद्धि प्राप्त कर सका।**

बिहार में दरभंगा–जयनगर के रास्ते 5 वर्ष पूर्व नेपाल जाने का अवसर मिला था। भारत नेपाल के सीमावर्ती नेपाली शहर जनकपुर के बीचोबीच देवी सीता को समर्पित हिन्दू–राजपूत वास्तुकला का एक प्रसिद्ध हिन्दू मन्दिर एवं ऐतिहासिक स्थल है जिसे राम जानकी मंदिर के नाम से जाना जाता है। मेरे नेपाल प्रवास के उस दौर में जयनगर से लेकर जनकपुर तक की पूरी सड़क पर अधिकांश क्षेत्र में सिर्फ मिटटी पड़ी हुई थी। केवल कहीं कहीं बजरी पड़ी दिखाई देती थी। डामर रोलर और काली सड़कों का तो कहीं दूर तक नामो निशान ही नहीं था। रास्ते में कहीं बस का पहिया जमीन में धंसा दिखाई दे रहा था तो कहीं थ्री व्हीलर उल्टी पड़ी थी। बसों का तो आलम यह था कि टूटे शीशे व खिड़कियां, टूटी कष्टदायक सीटें,गोया कबाड़खाने से लाकर बसें चलाई जा रही हों। जनकपुर जैसे प्रसिद्ध तीर्थस्थल व पर्यटन नगरी की शहर की सड़कों में गड्ढे, बदबूदार और रुकी हुई नालियां, शहर में खाने पीने का उपयुक्त होटल नहीं। जिस होटल में ठहरना हुआ उस होटल के प्रबंधक ने दोपहर करीब 12 बजे होटल में पहुंचने पर पहले ही बता दिया कि लाइट नहीं आ रही है रात 8 बजे आएगी, रूम बुक कराना हो तो कराइए वरना तशरीफ ले जाइए। जब होटल प्रबंधक से नेपाल की इस दुर्दशा के बारे में पूछा तो उसने एक ही बात कही। भ्रष्टाचार तो भारत में भी है परन्तु वहां 50 प्रतिशत खाकर 50 प्रतिशत तो लगा ही देते होंगे, मगर हमारे नेपाल में तो 90 प्रतिशत खा जाते हैं केवल 10 प्रतिशत ही किसी योजना में लगाते हैं।श उसी दिन यह एहसास हो गया था कि एक न एक दिन पानी सिर से ऊपर होगा और आज नहीं तो कल इसी नेपाल में भ्रष्टाचार के विरुद्ध विद्रोह जरूर पनपेगा।

खैर, नेपाल में लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार, भाई–भतीजावाद, आर्थिक असमानता, युवा बेरोजगारी के विरुद्ध आखिरकार जनविद्रोह फूट ही पड़ा। सोशल मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंध यानी युवाओं की सत्ता विरोधी आवाज को दबाने का सरकारी प्रयास इस हिंसक जनविद्रोह का बहाना बना। 8 सितम्बर 2025 को शुरू हुए इस जनविद्रोह में राजधानी काठमांडू सहित नेपाल के अन्य प्रमुख शहरों में हजारों युवा सड़कों पर उतर आए। आंदोलनकारियों ने सरकार की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की, जो जल्दी ही हिंसक हो गई। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी काठमांडू स्थित संसद भवन,सरकारी प्रशासनिक मुख्यालय, सिंह दरबार, प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रालयों और संसदीय कार्यालयों के परिसर, सुप्रीम कोर्ट भवन, राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के निवास, नेपाली कांग्रेस पार्टी मुख्यालय, कम्युनिस्ट पार्टी मुख्यालय, निवर्तमान प्रधानमंत्री ओली के पार्टी मुख्यालय, 5 सितारा हिल्टन होटल, नेपाल के सबसे बड़े मीडिया समूह कांतिपुर मीडिया हाउस, स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय भवन, तथा प्रांतीय विधानसभा भवन जैसी प्रमुख इमारतों को आग के हवाले कर दिया। काठमांडू की इन इमारतों के अलावा भी देशभर में अनेक सरकारी कार्यालयों, पुलिस स्टेशनों और नेताओं के घरों को निशाना बनाया गया। इस दौरान त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अस्थाई रूप से बंद रहा और गौतम बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा को भी क्षति पहुंची। इन्हीं हिंसक वारदातों में मृतकों की संख्या 51 पार कर गई। इनमें 21 प्रदर्शनकारी, नौ कैदी, तीन पुलिस अधिकारी और 18 अन्य शामिल हैं। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा दे दिया। सेना को कर्फ्यू लगाकर सड़कों पर तैनात किया गया। कई मंत्रियों व उद्योगपतियों के घर कार्यालय व संस्थान आग के हवाले कर दिए गए। नेपाल में चले इन विरोध प्रदर्शनों के बाद आंदोलनकारियों की सहमति से सुशीला कार्की को नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

इस आंदोलन की आग में भी शातिर राजनीतिज्ञ अपनी अपनी रोटियां सेकने की कोशिश करते दिखाई दिए। जहां तक राजनैतिक विश्लेषकों का सवाल है तो कोई इसे हिन्दू राष्ट्र का पक्षधर जन विद्रोह साबित करना चाह रहा है तो कोई इसे राजशाही की वापसी का संकेत बता रहा है। कोई इसमें अमेरिकी षड्यंत्र की गंध महसूस कर रहा है तो कोई इसे चीनी साजिश महसूस कर रहा है। परन्तु हकीकत यही है कि चाहे वह नेपाल में 240 वर्षों की पुरानी शाह वंश की राजशाही परंपरा रही हो या उसके बाद 28 मई, 2008 को स्थापित हुआ 17 वर्ष पुराना गणतंत्र। किसी भी दौर में नेपाल के समग्र विकास पर कोई भी काम नहीं हुआ।

**–निर्मल रानी**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विकलांगजन समावेशी कानून



भारत में विकलांगजन के लिए कानून बनने के बाद उनके समावेश की बात होने लगी। समावेश का अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि विकलांगजन भी गैर–विकलांगों की तरह रोजमर्रा की गतिविधियों और जीवन के सभी क्षेत्रों में समान रूप से पूरी तरह भाग ले सकें। इसमें समाज में उनकी पूर्ण भागीदारी की राह में आने वाली सभी बाधाएं दूर करते हुए उन्हें बाधामुक्त वातावरण एवं सुगमता उपलब्ध कराना, भागीदारी के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना और यह सुनिश्चित करना शामिल है कि समाज, समुदाय या संगठन में पर्याप्त विकलांग–हितैषी दृष्टिकोण, नीतियां और प्रथाएं लागू हों। सफल समावेश उसे कहा जा सकता है जिसकी बदौलत जीवन की सामाजिक रूप से अपेक्षित भूमिकाओं और गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़े। यह समावेश संपूर्ण समाज का कार्य है।

वर्तमान में विकलांगजन के हित में की जाने वाली बातें और कार्रवाई मुख्य रूप से विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के संधि पत्र UNCRPD की रोशनी में की जाती है। यह मौजूदा मानव अधिकारों को विकलांग व्यक्तियों की जीवन स्थितियों से जोड़ने वाला सार्वभौमिक दस्तावेज है। इस संधि पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले देशों की संख्या 200 से कुछ ही कम है जिनमें से भारत भी एक है। UNCRPD एक तरह से विकलांगजन के हित में कार्य करने के लिए दुनिया के अधिकांश देशों के लिए एक साझा मार्गदर्शिका है। भारत सहित अधिकांश देशों में इसी के आधार पर विकलांगता सम्बंधी कानून, नीतियां और योजनाएं तैयार कर उन पर अमल करने की कोशिशें की जा रही हैं। इसके अनुसार, हविकलांग व्यक्तियों में वे लोग शामिल हैं जिन्हें ऐसी दीर्घकालिक शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी क्षतियां हुई हैं, जो विभिन्न बाधाओं के कारण समाज में दूसरों के साथ समानता से उनकी पूर्ण और प्रभावी भागीदारी में बाधा उत्पन्न कर सकती हैं। इस प्रकार विकलांगता उन क्षतियों और बाधाओं के मेलजोल से निर्मित होती है जिनका सामना प्रभावित व्यक्ति को करना होता है। बाधाओं का अर्थ सिर्फ भौतिक बाधाओं के रूप में लगाया जाना गलत है। इसमें दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं भी शामिल होती हैं जिनकी तरफ न के बराबर ध्यान दिया जाता है। विकलांगजन के समावेश के लिए इन दोनों प्रकार की बाधाओं को हटाया जाना जरूरी है। जीवन का कोई भी क्षेत्र केवल भौतिक बाधाओं के ही हटने पर सुगम्य नहीं हो सकता। इसके लिए दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाओं का हटना भी उतना ही जरूरी है। सच तो यह है कि सुगम्यता और समावेश की राह में आने वाली भौतिक बाधाओं का मूल कारण ही विकलांगजन के प्रति समाज के दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं हैं। दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं पूर्वाग्रह और विचार–पद्धतियां हैं जो विकलांग व्यक्तियों के प्रति भेदभाव को बढ़ावा देती हैं। उन्हें जरूरतमंद और असमर्थ बताना गलत है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि वे समाज का एक अंग होते हैं। गहराई से देखने पर यह मालूम पड़ता है कि विकलांग व्यक्तियों को अपनी क्षति के कारण उतनी असुविधाओं और बाधाओं का सामना नहीं करना पड़ता जितना अपने प्रति समाज के दृष्टिकोण के कारण करना पड़ता है। उनके प्रति अन्य व्यक्तियों, समुदाय, समाज और संगठनों का यह उपेक्षापूर्ण दृष्टिकोण वास्तव में वह बाधा है जो भौतिक बाधाओं से कहीं ज्यादा गंभीर होता है। जहां ऐसी स्थिति होती है वहां एक तरह से समाज ही उन्हें विकलांग बनाता है। बाधामुक्त वातावरण में केवल चलने–फिरने सम्बंधी विकलांगता के कारण व्हीलचेयर, बैसाखी वगैरह सहायक उपकरण इस्तेमाल करने वाले व्यक्तियों के लिए रैंप, चौड़े दरवाजे और सुगम्य शौचालय की व्यवस्था करना ही शामिल नहीं है। इसमें दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, बहु–विकलांग व्यक्तियों और यहां तक कि बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विकलांगता–विशिष्ट व्यवस्थाएं करना भी शामिल है। इनके अलावा और भी विकलांगताएं होती हैंय भारत में विकलांगजन के लिए बनाए गए पहले कानून में सात विकलांगताएं परिभाषित कर शामिल की गई थी जिनकी संख्या वर्तमान में लागू दूसरे कानून में इक्कीस कर दी गई है। बाधामुक्त वातावरण में विकलांगता–विशिष्ट व्यवस्थाएं करने की यह जरूरत सभी सेवाओं, अवसरों, सार्वजनिक स्थलों, यातायात, आयोजनों, सूचना सामग्री, शिक्षा प्रणाली, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं, देखभाल, मनोरंजन आदि सभी क्षेत्रों में लागू होती हैं ताकि विभिन्न विकलांगताओं वाले व्यक्ति जानकारी प्राप्त कर सकें और निर्बाध भागीदारी कर सकें। शिक्षा और प्रशिक्षण की कमी के चलते भारत में बड़ी संख्या में ऐसे विकलांग व्यक्ति हैं जो सूचनाओं, जानकारी और विभिन्न उपायों, जैसे ब्रेल लिपि, दृश्य संकेत, सांकेतिक भाषा वगैरह का लाभ नहीं ले पाते हैं। इसलिए उनकी सहायता के लिए जगह–जगह संवेदनशील एवं प्रशिक्षित व्यक्ति होने चाहिए। चलने–फिरने और हाथों का इस्तेमाल करने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए भी इस तरह की व्यक्तिगत सहायता उपलब्ध होनी चाहिए। यह एक सच्चाई है कि भारत में विकलांगता के सामाजिक पहलू पर न के बराबर ध्यान दिया जाता है और इसे विशुद्ध रूप से एक चिकित्सीय विषय माना जाता है। शिक्षा की कमी, विकलांगता के बारे में सही जानकारी का अभाव और गलत धारणाओं की व्यापकता के कारण देश में दृष्टिकोण सम्बंधी बाधा एक बहुत बड़ी समस्या है। स्थिति इतनी खराब है कि वर्तमान वैज्ञानिक युग में भी यह माना जाता है कि विकलांगता विकलांग व्यक्ति और उसके परिजनों के पूर्वजन्म के कर्मों का फल है जो उन्हें भोगना ही होगा। यह सोचकर समाज खुद को विकलांग व्यक्ति और उसके परिवार से दूर कर लेता है और यह मान लेता है कि प्रभावित व्यक्ति या परिवार के प्रति उसकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। नतीजतन विकलांग व्यक्ति की जिम्मेदारी पूरी तरह उसके परिवार पर छोड़ दी जाती है। उसे कोई सामाजिक सहायता या सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल पाती है। शिक्षा की कमी और गरीबी समस्या को और बढ़ा देती है।

देश में विकलांगजन के लिए कानून बहुत देर से आने का मुख्य कारण संवेदनशीलता की कमी ही है और यह कमी कानून के अमल में भी साफ देखी जा सकती है। न तो देश में विकलांगजन–हितैषी वातावरण बन सका है, न ही उनकी जरूरतों के मान से पर्याप्त नीति निर्माण और नियोजन हो रहा है और न ही कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। संवेदनशीलता की कमी दूर करना पहली प्राथमिकता मानकर इसके लिए विशेष अभियानों के माध्यम से संपूर्ण समाज को विकलांगता की सामाजिक और मानवाधिकार–आधारित समझ के बारे में जागरूक किया जाना जरूरी है। विकलांगजन के समावेश पर राजनैतिक और शासन के स्तर पर भी पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए। भारत में यह विशेष रूप से जरूरी है क्योंकि बदकिस्मती से यहां सामाजिक बदलाव का कार्य भी राज्य को करना पड़ता है।

**–साभार सुबोध जोशी**
**स्रोत फीचर्स**

## हैप्पी बर्थ-डे डियर मोदी...

# मैरी ने गाकर, मेसी ने जर्सी भेजकर, ट्रम्प, पुतिन, मेलोनी संग दी बधाई

## 75वें जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई मिलने का सिलसिला जारी



**मेसी इसी साल 13 दिसम्बर को भारत आएंगे, सबसे पहले वे कोलकाता जाएंगे**

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई मिलने का सिलसिला जारी है। अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबालर लियोनेल मेसी ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन पर 2022 फीफा वर्ल्ड कप की साइन की हुई जर्सी भेजी है। वहीं हॉलीवुड सिंगर मैरी मिलबन ने पीएम मोदी के लिए गाना गाया। इसके साथ ही इटली की पीएम मेलोनी ने मोदी को बधाई देते हुए उनके लीडरशिप की तारीफ की।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन इजराइली पीएम नेतन्याहू, न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन समेत कई वर्ल्ड लीडर्स ने भी मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। मेसी इसी साल 13 दिसम्बर को भारत आएंगे। सबसे पहले वे कोलकाता जाएंगे, फिर 14 दिसम्बर को मुंबई और 15 दिसम्बर को दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली में उनकी पीएम मोदी से मुलाकात भी हो सकती है। मेसी आखिरी बार 2011 में भारत आए थे।



**सबसे पहले** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मोदी को मंगलवार रात 10:53 बजे फोन कर विश किया। ट्रम्प ने रात 11:30 बजे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ पर पीएम से बातचीत की जानकारी दी। ट्रम्प ने लिखा कि अभी-अभी मेरे दोस्त, नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत हुई। मैंने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वे अद्भुत काम कर रहे हैं। नरेंद्र, रूस और यूक्रेन के बीच जंग खत्म करने में आपके सहयोग के लिए धन्यवाद। ट्रम्प की बधाई का जवाब देते हुए मोदी ने एक्स पर लिखा कि थैंक यू, मेरे दोस्त, प्रेसिडेंट ट्रम्प। आपकी तरह, मैं भी हमारे बीच की साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहता हूं।



**ब्रिटेन के पूर्व पीएम:** ऋषि सुनक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को 75वें जन्मदिन की बधाई देना मेरे लिए खुशी की बात है। मुश्किल समय में हमें अच्छे दोस्तों की जरूरत होती है, और मोदी जी मेरे और ब्रिटेन के लिए हमेशा अच्छे दोस्त रहे हैं। हाल ही का इंग्लैंड-भारत टेस्ट सीरीज इसका उदाहरण है। एक ब्रिटिश-भारतीय परिवार से होने के नाते, यह रिश्ता मेरे लिए हमेशा खास रहेगा।



**इटली पीएम:** जार्जिया मेलोनी ने कहा कि भारतीय पीएम को 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी शक्ति, आपका दृढ़ संकल्प और लाखों लोगों का नेतृत्व करने की क्षमता प्रेरणादायक है। मित्रता और सम्मान के साथ, मैं आपके सेहत की कामना करती हूं ताकि आप भारत को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकें और दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों को और मजबूत कर सकें।



**रूसी राष्ट्रपति:** व्लादिमीर पुतिन ने क्रेमलिन की वेबसाइट पर जारी एक संदेश में लिखा कि प्रिय प्रधानमंत्री जी, 75वें जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई। आपने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और अलग-अलग क्षेत्रों में आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया है।

**इजराइली पीएम:** बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, मेरे अच्छे दोस्त नरेंद्र, मैं आपको जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं। मैं जल्द ही आपसे मिलूंगा, क्योंकि हमें अपनी साझेदारी और अपनी दोस्ती को और भी ऊंचाइयों पर ले जाना है। जन्मदिन मुबारक हो, मेरे दोस्त।

**न्यूजीलैंड पीएम:** क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि नमस्ते, माय गुड फ्रेंड प्राइम-मिनिस्टर, मोदी। आपके 75वें जन्मदिन पर बधाई। यह अवसर आपके नेतृत्व की सराहना करने का है, जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में ले जा रहा है। मैं न्यूजीलैंड और भारत के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की उम्मीद करता हूं।

## टैरिफ लगने के बाद मोदी और ट्रम्प के बीच यह पहली बातचीत

**वाशिंगटन।** 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के 40 दिन बाद दोनों की पहली बातचीत भारत पर अमेरिका की तरफ से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद मोदी और ट्रम्प के बीच यह पहली बातचीत है। टैरिफ लगाने के 40 दिन बाद से भारत और अमेरिका के बीच संबंध खराब हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था। वहीं, व्यापार घाटे का हवाला देकर 7 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। इस तरह, अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत लगाया गया है।



**जम्मू। दशहरा उत्सव की तैयारियों के तहत रावण का पुतला बनाते लोग।**

## जैश कमांडर का बड़ा कबूलनामा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पाले हुए आतंकी ही पूरी दुनिया के सामने उसकी पोल-पट्टी खोलने में जुटे हैं। जैश ए मोहम्मद के शीर्ष कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने एक और बड़ा खुलासा किया है और कहा है कि दिल्ली और मुंबई पर हमलों के पीछे मसूद अजहर है और उसने बालाकोट में बैठकर इन हमलों की योजना बनाई।

माना जा रहा है कि उसका आशय दिल्ली में संसद भवन पर हमले और मुंबई हमले से है। इससे साफ है कि भारत पर हमलों की योजना पाकिस्तान में बैठे आतंकियों ने बनाई, लेकिन दुनिया के सामने पाकिस्तान मसूद अजहर की उनके देश में मौजूदगी से साफ इन्कार करता है। वीडियो में मसूद इलियास कश्मीरी कहता सुनाई दिया कि

**■ बालाकोट में बैठकर मसूद अजहर ने बनाई संसद और मुंबई हमलों की योजना**

दिल्ली की तिहाड़ जेल से निकलकर अमीर उल मुजाहिदीन मौलाना मसूद अजहर पाकिस्तान आए और बालाकोट की धरती ने उन्हें पनाह दी। यही से उन्होंने अपने मिशन को आगे बढ़ाया और दिल्ली और मुंबई को दहलाया। इलियास कश्मीरी ने ओसामा बिन लादेन का भी जिक्र किया और कहा कि उसने भी पाकिस्तान की धरती से आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया। जैश कमांडर के इस खुलासे से पाकिस्तान का वह झूठ बेनकाब हो गया, जिसमें पाकिस्तान अपने यहां आतंकी ढांचे की मौजूदगी से इन्कार करता है।

### संक्षिप्त समाचार

### इजरायल के तेल अवीव हवाई अड्डे पर हमला किया: हूती

**सना।** यमन के हूती समूह ने इजरायल के तेल अवीव और ऐलात के रामोन हवाई अड्डों पर हमलों का दावा किया है। हूती ने एक बयान में कहा कि उसने तेल अवीव और ऐलात के रामोन हवाई अड्डे पर हमले किए हैं, जबकि इज़रायल ने समूह के नियंत्रण वाले बंदरगाह शहर होदेदाह पर दिन में हवाई हमले किए थे। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि एक बैलिस्टिक मिसाइल ने दक्षिणी तेल अवीव में एक 'संवेदनशील स्थल' को निशाना बनाया और एक ड्रोन ने ऐलात के रामोन हवाई अड्डे को निशाना बनाया।

### अफगान में इंजेक्शन से चेहरा सुंदर बनवा रहीं महिलाएं

**ढाका।** अफगानिस्तान में तालिबान के कट्टर शासन के बावजूद महिलाओं के बीच कास्मेटिक सर्जरी का कल्चर तेजी से पापुलर हुआ है। यहां, करीब 20 क्लिनिक बोटाक्स (झुर्रियों को कम करने के लिए इंजेक्शन), फेसलिफ्ट (ढीली त्वचा को टाइट करने के लिए) और हेयर ट्रांसप्लांट जैसी सेवाएं दे रहे हैं। इन क्लिनिक में पुरुष और महिलाएं दोनों आते हैं। पुरुष ज्यादातर गंजेपन का इलाज करवाते हैं, जबकि महिलाएं, जो आमतौर पर बुर्का में होती हैं, फेसलिफ्ट और अन्य सर्जरी करवा रही हैं।

### रूस-बेलारूस सैन्य अभ्यास में एक लाख सैनिक भाग लेंगे: पुतिन

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को कहा कि ज़ापद-2025 के नाम से पहचाने जाने वाले रूस-बेलारूस संयुक्त सैन्य अभ्यास में एक लाख सैनिक भाग ले रहे हैं। रूस के निज़्नी नोवगोरोड क्षेत्र में मुलिनो प्रशिक्षण मैदान का दौरा करते हुए पुतिन ने कहा कि यह अभ्यास 41 प्रशिक्षण मैदानों पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें एक लाख सैनिक और लगभग 10 हजार हथियार और उपकरण प्रणालियां शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि इन उपकरणों में 333 विमान और 247 से अधिक पोत शामिल हैं।

## अमेरिका खुलेआम रिश्वत लेता है: पाकिस्तानी रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अमेरिका पर इजरायल से खुलेआम रिश्वत लेने का आरोप लगाया। उन्होंने जियो टीवी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान को रिश्वत लेने के लिए बदनाम किया जाता है।

जबकि अमेरिकी ब्यूरोक्रेसी और डिफेंस अधिकारियों को इजरायल की लाबी खुलेआम फाइनेंस करती है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मुझे रिश्वत लेनी पड़े, तो वो पीछे के कमरे में चुपचाप ऐसा काम करेंगे। उनके इस बयान पर टीवी एंकर ने कहा कि आपका यह बयान वायरल हो जाएगा। इसपर रक्षा मंत्री ने कहा मुझे डर नहीं है। हम अगर



खुलेआम रिश्वत लेंगे तो टीवी वाले प्रोग्राम बना देंगे। ख्वाजा आसिफ जिस इजरायली लाबी की बात कर रहे हैं, उस तरह की लाबी पर पाकिस्तान भी करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है। ट्रम्प प्रशासन के आने के बाद से पाकिस्तान ने साल 2025 के पहले आठ महीनों में ही अमेरिका में कम से कम सात लाबिंग और कानूनी फर्मों के साथ कॉन्ट्रैक्ट किया है।

## ब्रिटिश शाही महल में ट्रम्प का भव्य स्वागत

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और उनकी पत्नी मेलानिया मंगलवार रात ब्रिटेन दौरे पर पहुंचे। विंडसर कैसल (शाही महल) में पहुंचने पर प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट मिडलटन उनकी अगवानी की। इसके बाद ट्रम्प ने शाही महल में किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला से मुलाकात की। ट्रम्प किंग चार्ल्स के उनकी स्पेशल सोने की बग्घी में घूमने निकले, वहीं मेलानिया क्वीन कैमिला के साथ एक अन्य बग्घी में सवार थीं। ट्रम्प के सम्मान में सेंट जार्ज हाल में डिनर का भी आयोजन किया जाएगा। अमेरिका राष्ट्रपति इसके क्वीन एलिजाबेथ की कब्र पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

# वैंकूवर दूतावास घेरने की साजिश

## भारतीय उच्चायुक्त की आपत्तिजनक फोटो भी बनाई

**वैंकूवर।** अमेरिका से संचालित होने वाले खालिस्तानी संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' ने एक बार फिर भारत का विरोध किया है। कनाडा के वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के घेराव की साजिश रचने वाले इस संगठन के लोगों ने दूतावास के अधिकारी की आपत्तिजनक तस्वीर भी बनाई है। एसएफजे की धमकी ऐसे समय में आई है जब भारत और कनाडा अपने राजनयिक संबंध सामान्य करने के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

संभावित विरोध की इस खबर के मुताबिक खालिस्तान समर्थक इस संगठन ने एलान किया है कि गुरुवार को वाणिज्य दूतावास पर कब्जा कर लेंगे। भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित रखने की अपील भी की गई है। इस संबंध में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक एसएफजे ने एक पोस्टर भी जारी किया है। इसमें भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश पटनायक के चेहरे पर

**भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित करने की अपील भी की गई है**

निशाना साधते हुए दिखाया गया है। संगठन ने आरोप लगाया है कि भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की निगरानी कर रहा है। एसएफजे ने जासूसी नेटवर्क चलाने जैसे मनगढ़ंत, बेबुनियाद और बेतुके आरोप भी लगाए हैं। इस संगठन की तरफ से जारी बयान के मुताबिक करीब दो साल पहले 18 सितम्बर 2023 को तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने देश की संसद में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में 'भारतीय एजेंटों की कथित भूमिका' की जांच कराने की बात कही थी। पूर्व प्रधानमंत्री के बयान के करीब दो साल बाद सितम्बर माह में ही प्रस्तावित विरोध को लेकर भारत विरोधी संगठन-एसएफजे ने कहा कि दो साल बाद भी भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तान जनमत संग्रह अभियान चलाने वालों को निशाना बना रहे हैं। खतरा इतना गंभीर था कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) को निज्जर की मौत के बाद संगठन के अभियान का नेतृत्व कर रहे इंदरजीत सिंह गोसल को गवाह बनाकर सुरक्षा देनी पड़ी। एसएफजे का कहना है कि वैंकूवर वाणिज्य दूतावास का घेराव कर वे भारतीय एजेंसियों के अधिकारियों पर दबाव बनाएंगे। वे उनसे कनाडा में कथित 'जासूसी और डराने-धमकाने' के मामले में जवाब भी मांगेंगे। खबर लिखे जाने तक इस मामले में भारत के विदेश मंत्रालय और वैंकूवर स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

## नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने मंगल पर दिए जीवन के संकेत

**वाशिंगटन।** मंगल पर जीवन के कुछ और संकेत मिले हैं। नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने जेजेरो क्रेटर के ब्राइट एंजेल फार्मेशन क्षेत्र में ऐसे रासायनिक-खनिज संकेत दर्ज किए हैं। इन्हें वैज्ञानिक बायोसिग्नेचर मान रहे हैं। बायोसिग्नेचर उन भौतिक, रासायनिक या संरचनात्मक संकेतों को कहते हैं जो बताते हैं कि कभी किसी ग्रह पर जीवन की गतिविधि हुई होंगी। यह जीवन के पक्के सबूत नहीं हैं, लेकिन यदि यह साक्ष्य सूक्ष्म जीवों से जुड़ा निकला तो इतिहास की बड़ी खोज साबित हो सकता है।

## अमेरिका जापान से टाइफून मिसाइल सिस्टम हटाए: चीन

### कहा: सिस्टम से इलाके की सुरक्षा को खतरा, इस पर 200 किमी तक मार करने वाली मिसाइल तैनात

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका से जापान में तैनात अपनी मिड रेंज का टाइफून मिसाइल सिस्टम हटाने की मांग की है। चीन ने कहा कि ये तैनाती इलाके की रणनीतिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि चीन की गंभीर आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए अमेरिका और जापान ने जाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज के नाम पर टाइफून मिसाइल प्रणाली की तैनाती जारी रखी है।

जमीन से लॉन्च होने वाला यह हथियार टामहाक मिसाइलें दाग सकता है, जिनकी मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर तक है। यानी यह दक्षिण चीन सागर, ताइवान स्ट्रेट और यहां तक कि दक्षिणी चीन के कुछ हिस्सों को भी निशाने पर ले सकता है। लिन जियान ने कहा: एशियाई देशों में टाइफून



**एशियाई देशों में टाइफून मिसाइल सिस्टम की अमेरिकी तैनाती दूसरे देशों के लिए खतरा: लिन जियान**

मिसाइल सिस्टम की अमेरिकी तैनाती दूसरे देशों के लिए खतरा है। यह क्षेत्र में हथियारों की दौड़ और सैन्य टकराव के खतरे को बढ़ाती है और रणनीतिक सुरक्षा पर गंभीर असर डालती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और जापान को दूसरे देशों की सुरक्षा चिंताओं का सम्मान करना चाहिए और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जापान में इस मिसाइल सिस्टम की तैनाती खासतौर से जाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज रेजोल्यूट ड्रैगन के लिए है, जो 16 सितम्बर से 25 सितम्बर तक चल रहा है। इस एक्सरसाइज में 19000 से ज्यादा अमेरिकी और जापानी सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। ताइवान, सेनकाकू द्वीप और पूर्वी चीन सागर में तनाव के बीच यह एक्सरसाइज अमेरिका-जापान गठबंधन की ताकत दिखाने के लिए है। हाल ही में चीन के नए एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियन को जापान के पास देखा गया था, जिससे जापान की सुरक्षा चिंता बढ़ी है।

## जापान के साथ फुटबॉल मैच खेलने पहुंची फर्जी पाक टीम

**लाहौर।** पाकिस्तान की फर्जी फुटबॉल टीम का भंडाफोड़ हुआ है। पाकिस्तान की एक फर्जी फुटबॉल टीम मैच खेलने के लिए जापान पहुंच गई। जांच के दौरान अधिकारियों को शक हुआ तो पूरी टीम के लोगों को जापान के एयरपोर्ट से ही वापस लौटा दिया।

बाद में सामने आया कि टीम में असली खिलाड़ी नहीं बल्कि मानव तस्करी के जरिये लोगों को भेजा गया था। संघीय जांच एजेंसी ने बताया कि 22 सदस्ईय फर्जी फुटबॉल टीम जून 2025 में जापान के एयरपोर्ट पर पहुंची। सभी लोग खिलाड़ियों की तरह फुटबॉल किट पहने थे। उन्होंने

**■ अफसरों ने एयरपोर्ट से वापस लौटाया**

दावा किया कि वे पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन (पीएफएफ) में पंजीकृत हैं और जापान के एक क्लब के साथ उनका फुटबॉल मैच होना है। उन्होंने यह भी कहा कि उनको 15 दिन का जापान का वीजा भी इसी आधार पर मिला है। टीम को लेकर जापान एयरपोर्ट पर मौजूद आव्रजन अधिकारियों को कुछ शक हुआ। अफसरों ने जांच की तो सच सामने आया और सभी 22 लोगों को एयरपोर्ट से ही वापस भेज दिया गया।

# जॉर्जिया: पर्यटक ने बताया 56 भारतीयों का दर्द

## खाना-शौचालय कुछ नहीं, जॉर्जिया में मवेशियों जैसा बर्ताव

**नई दिल्ली।** जॉर्जिया में हालात बेहद दयनीय है, खाना-शौचालय कुछ नहीं, जॉर्जिया में मवेशी सा बर्ताव हो रहा है। ये कहना है एक भारतीय महिला पर्यटक का। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कड़वे अनुभवों को साझा करते हुए कहा है कि इस देश में न तो खाने-पीने के सामान उपलब्ध हो रहे हैं न शौचालय जैसी बुनियादी चीजें नसीब हो रही हैं।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखे अपने इस पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्रालय का आधिकारिक हैंडल, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, भारतीय दूतावास, पीएम मोदी के हाथों सम्मानित हो चुकीं सेलिब्रिटी कर्ली टेल्स समेत कई लोगों को टैग किया है। उन्होंने कहा है कि हाड़ कंपाने वाले सर्द मौसम में उन्हें पांच घंटे तक बिना खाने



**■ हाड़ कंपाने वाले सर्द मौसम में उन्हें पांच घंटे तक बिना खाने और शौचालय के इंतजार कराया गया**

और शौचालय के इंतजार कराया गया। भारतीय पर्यटकों के साथ अपमानजनक व्यवहार के इस मामले में इंस्टाग्राम यूजर ध्रुवी पटेल (/चंजमसकीतनअमम) ने आरोप लगाया कि 56 भारतीय यात्रियों को आर्मेनिया से जॉर्जिया प्रवेश करने के दौरान सीमा पर अमानवीय हालात झेलने पड़े। उन्होंने कहा कि वैध ई-वीजा और दस्तावेज दिखाने के बावजूद अधिकारियों ने उन्हें सादाखलो बॉर्डर पर कई घंटें तक रोके रखा। पटेल के मुताबिक भारतीय समूह को 5 घंटे से अधिक वक्त जमा देने वाली ठंड में बिना भोजन और शौचालय के इंतजार कराया गया। अधिकारियों ने पासपोर्ट दो घंटे से ज्यादा जब्त रखे। यात्रियों को सड़क किनारे 'मवेशियों' की तरह बैठा कर रखा गया। जॉर्जिया की इस चिंताजनक घटना को लेकर भारतीय महिला ध्रुवी यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने यात्रियों के वीडियो इस तरीके से रिकॉर्ड किए जैसा सलूक अपराधियों के साथ किया जाता है। जब पर्यटकों के समूह में शामिल किसी ने वीडियो बनाने की पहल की तो उन्हें रिकॉर्डिंग करने से रोका गया। उन्होंने कहा दस्तावेजों की ठीक से जांच किए बिना वीजा को 'गलत' कहकर अपमानजनक व्यवहार किया गया। जॉर्जिया में मिले दर्दनाक अनुभवों को अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा करने वाली भारतीय महिला ध्रुवी पटेल ने इंसाफ की आस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाते हुए कहा कि भारत को इस मामले में कड़ा रुख अपनाना चाहिए।

